हिन्दी सांध्य दैनिक

# प्रखर पूर्वांचल

अखबार नहीं आंदोलन

RNI:UPHIN/2016/68754 www.prakharpurvanchal.com Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com

गाजीपुर से प्रकाशित व वाराणसी, चंदौली, सोनभद्र, मऊ, बलिया, आजमगढ़, भदोही, मिर्जापुर, जौनपुर, लखनऊ, प्रयागराज, गोरखपुर, कुशीनगर, महाराजगंज तथा देवरिया से प्रसारित

वर्षः 7, अंकः 357, पृष्ठ 8, मूल्य 3.00, आमंत्रण मूल्य 2.00 20 जून, 2023 दिन मंगलवार गाजीपुर/वाराणसी

## कृषि विश्वविद्यालयों में बनेंगे टेस्टिंग लैब जैविक-प्राकृतिक उत्पादों का होगा सत्यापन

### मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद द्वारा किसानों के हित का ध्यान रखते हुए किये जा रहे प्रयास सराहनीय हैं। मंडी शुल्क को न्यूनतम करने के बाद भी राजस्व से संग्रह में मंडियों का अच्छा योगदान है। वित्तीय वर्ष 2021-22 में जहां 614 करोड़ रुपये की आय हुई, वहीं 2022-23 में 1520.95 करोड़ रुपये की आय हुई थी। वहीं वर्तमान वित्तीय वर्ष के पहले दो माह ने अब तक 251.61 करोड़ रुपये का राजस्व संग्रहीत हो चुका है। मंडी शुल्क न्यूनतम होने के बाद भी मंडियों से राजस्व संग्रह में हुई बढ़ोतरी सराहनीय है। ये बातें मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को लखनऊ में राज्य कृषि उत्पादन मंडी परिषद के संचालक मंडल की 168वीं बैठक में कहीं।



इस मौके पर उन्होंने अफसरों को निर्देश दिया कि फसलों को विश्व स्तर पर प्रतिस्पर्धी बनाने के लिए गुणवत्ता पूर्ण रोपण सामग्री, बागवानी फसलों के गुणवत्ता पूर्ण रोपण एवं रोग मुक्त बनाने के लिए आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय कुमारगंज (अयोध्या) में टिशू कल्चर प्रयोगशाला की स्थापना की जाए। यह प्रयोगशाला कम से कम 03 हेक्टेयर के विशाल परिसर में स्थापित हो। इसके लिए धनराशि की व्यवस्था मंडी परिषद द्वारा की जाएगी।

मुख्यमंत्री कृषक छात्रवृत्ति योजना अत्यंत उपयोगी सिद्ध हो रही है। वर्तमान में 05 विश्वविद्यालयों एवं 23 महाविद्यालयों में कृषि एवं गृह विज्ञान के विद्यार्थियों को 3000 रुपये मासिक छात्रवृत्ति प्रदान की जा रही है। योजना का लाभ अधिकाधिक युवाओं को मिले, इसके लिए इसमें कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, बांदा, अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय, रानी लक्ष्मीबाई केंद्रीय कृषि विश्वविद्यालय, झांसी और बुंदेलखंड विश्वविद्यालय, झांसी तथा 37 अन्य महाविद्यालयों को भी इसमें शामिल किया जाए।

जैविक एवं प्राकृतिक उत्पादों के आउटलेट वर्तमान में मंडल मुख्यालय पर स्थापित हैं। इन्हें जिला मुख्यालय तक विस्तार देने की आवश्यकता है। मंडी समितियों में भी आउटलेट खोले जाएं। जैविक और प्राकृतिक बाजार लगवाएं। हमारे किसानों के जैविक और प्राकृतिक उत्पादों के सत्यापन, ब्रांडिंग के लिए लैब टेस्टिंग आवश्यक है। यद्यपि खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन, द्वारा लखनऊ, मेरठ, बनारस एवं झांसी में प्रयोगशालाएं संचालित हैं, लेकिन प्रदेश के कृषि विश्वविद्यालयों में कोई लैब संचालित नहीं है। ऐसे में मंडी परिषद द्वारा प्रदेश के सभी 04 कृषि विश्वविद्यालयों में टेस्टिंग लैब स्थापित किया जाए।

किसानों की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए राज्य सरकार ने बड़ी संख्या में ग्रामीण हाट पैठ और आधुनिक किसान मंडियों का निर्माण कराया है। क्षेत्रीय जरूरतों के अनुसार नए हाट पैठ और किसान मंडियों का निर्माण कराया जाना चाहिए। इनका अच्छा मेंटीनेंस रखें। पटरी व्यवसायियों को यहां समायोजित किया जाना चाहिए। मुख्यमंत्री योगी ने निर्देश दिया कि मंडियों में प्रकाश की समुचित व्यवस्था हो। जलभराव की स्थिति न हो। किसानों की सुविधा का पूरा ध्यान रखें और कृषि फसल की सुरक्षा के अच्छे प्रबंध हों। शौचालय व पेयजल के पर्याप्त इंतजाम रखें।

## आईपीएस रवि सिन्हा खुफिया एजेंसी रॉ प्रमुख बने, 30 जून को संभालेंगे कार्यभार

नई दिल्ली। आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा को रिसर्च एंड एनालिसिस विंग का नया प्रमुख नियुक्त किया गया है। आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा 30 जून को अपना कार्यभार संभालेंगे। अधिकारियों ने सोमवार को यह जानकारी दी। फिलहाल सामंत गोयल रॉ प्रमुख हैं। कार्मिक मंत्रालय के एक आदेश में कहा गया है कि वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रवि सिन्हा को सोमवार को भारत की खुफिया एजेंसी रॉ का नया प्रमुख नियुक्त किया गया। जानकारी के मुताबिक, छत्तीसगढ़ कैडर के 1988 बैच के भारतीय पुलिस सेवा (आईपीएस) अधिकारी सिन्हा वर्तमान में कैबिनेट सचिवालय में विशेष सचिव के पद पर कार्यरत हैं। मंत्रालय के आदेश में कहा गया कि कैबिनेट की नियुक्ति समिति ने दो साल के कार्यकाल के लिए सिन्हा को रॉ के नए प्रमुख के रूप में नियुक्ति को मंजूरी दे दी है। बता दें कि सिन्हा ने सामंत कुमार गोयल की जगह ली है, जो 30 जून, 2023 को अपना कार्यकाल पूरा करेंगे।

## राममंदिर की फर्श में लगेगा 95000 वर्गफीट से ज्यादा संगमरमर, निर्माण की तैयारी तेज



अमेठी। राममंदिर के भूतल की छत का काम पूरा हो चुका है। अब राममंदिर के फर्श निर्माण की तैयारी तेज हो चली है। इसके लिए फर्श की मैपिंग की जा रही है। राममंदिर की फर्श मकराना के संगमरमर से सजेगी। फर्श में कुल 95,300 वर्गफीट संगमरमर का प्रयोग किया जाएगा। बताया गया कि फर्श में जो संगमरमर लगेगा उसकी मोटाई 35 एमएम होगी। फर्श में अलग-अलग आकार के संगमरमर लगेंगे, जिसके लिए इंजीनियर मैपिंग करने में जुटे हैं। संगमरमर की सुंदरता बढ़ाने के लिए इस पर इन-ले-वर्क किया जा रहा है। इन-ले-वर्क में मार्बल की खोदाई कर उसमें कलर स्टोन लगाया जाता है। कलर स्टोन से फूल पत्तियों व रंग-बिरंगी चित्रकारी को सफेद मार्बल पर उकेरा जाता है। फर्श पर जड़ने के बाद यह किसी भी इमारत की खूबसूरती में चार चांद लगा देती है। राममंदिर ट्रस्ट के सदस्य डॉ. अनिल मिश्र ने बताया कि मंदिर की फर्श के लिए करीब 95300 वर्गफीट संगमरमर की आपूर्ति हो चुकी है। बताया कि भूतल का काम पूरा हो चुका है। जल्द ही फर्श का काम शुरू होगा। वहीं प्रथम तल के गुंबद आदि के निर्माण की भी तैयारी शुरू हो चुकी है।

## मायावती ने साधा निशाना, बोलीं- सपा के लिए पीडीए का मतलब 'परिवार दल एलाइंस' है



लखनऊ। बसपा सुप्रीमो मायावती ने पीडीए (पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक) की अपने ही ढंग से परिभाषा की है। उन्होंने सपा पर निशाना साधा है। उन्होंने ट्वीट करते हुए कहा कि सपा द्वारा एनडीए के जवाब में पीडीए का राग अलापा जा रहा है। इन वर्गों के अति कठिन समय में भी केवल तुकबंदी के सिवा और कुछ नहीं है। मायावती ने कहा कि इनके पीडीए का वास्तव में अर्थ परिवार दल एलाइंस है जिससे स्वार्थ में यह पार्टी सीमित है। इसलिए इन वर्गों के लोग जरूर सावधान रहें। बता दें कि बीते दिनों एक चैनल से बातचीत में सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने कहा था कि 2024 के लोकसभा चुनाव में एनडीए को पीडीए हराएगा। जिस पर बसपा प्रमुख ने टिप्पणी की है। मायावती ने बिजली की स्थिति पर भी निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि यूपी में पिछले कई दिनों से जारी गर्मी की आफत में राजधानी समेत प्रदेश में बिजली की जबरदस्त कमी हो रही है। इससे लोग त्रस्त हैं। बलिया सहित अन्य जिलों से मौत की खबरें अति दुखद हैं। सरकार बिजली व्यवस्था सुधारे और अस्पताल में बिजली कटौती न करे।

## सिगरा स्टेडियम निर्माण कार्य में चल रहे हाइड्रा की चपेट में आया कार्यदायी संस्था का सुपरवाइजर, मौत

प्रखर वाराणसी। सिगरा स्थित संपूणार्नंद स्टेडियम सिगरा में निर्माण कार्य के दौरान सोमवार को एक दर्दनाक हादसा हो गया। बतादे कि हाइड्रा मशीन की चपेट में आने से कार्यदायी कंपनी के सुपरवाइजर की मौत हो गई। सिगरा पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम को भिजवाया। वही घटना में हाइड्रा चालक पर लापरवाही का आरोप लगा है। दूसरी तरफ मौके से चालक फरार है। सिगरा पुलिस ने प्रोजेक्ट मैनेजर की तहरीर के आधार पर हाइड्रा चालक के खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मुकदमा किया गया है। जानकारी के अनुसार सिगरा स्टेडियम का पुनर्विकास कार्य चल रहा है। निर्माण कार्य का काम एमएचपीएल कंपनी करा रही है। प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद यादव ने बताया कि झारखंड साहेबगंज के रांगा निवासी राजकिशोर झा 25वर्ष कंपनी में सुपरवाइजर पद पर था। सोमवार सुबह न्यू ओम क्रेन सर्विस के हाइड्रा से काम कराया जा रहा था। इसी दौरान हाइड्रा चालक की लापरवाही से सुपरवाइजर राजकिशोर चपेट में आ गया। हाइड्रा आगे और पीछे करने के दौरान चपेट में आए राजकिशोर की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। घटनास्थल पर मचे चीख-पुकार के बीच पहुंचे नगर निगम चौकी इंचार्ज प्रकाश सिंह ने शव को कब्जे में लिया और हाइड्रा को भी जब्त कर लिया। वही घटना की सूचना पाकर झारखंड से सुपरवाइजर के परिजन भी वाराणसी के लिए रवाना हो गए हैं। प्रोजेक्ट मैनेजर विनोद यादव ने आरोप लगाया कि हाइड्रा चालक की लापरवाही से सुपरवाइजर की मौत हुई है। सिगरा इंस्पेक्टर राजू सिंह ने बताया कि आरोपी चालक की गिरफ्तारी को लेकर दबिश दी जा रही है।



## यूपी-बिहार में जानलेवा गर्मी से 150 लोगों की मौत चेन्नई, असम और राजस्थान में बाढ़ जैसी स्थिति

नई दिल्ली। राजधानी दिल्ली में आज जहां बारिश से मौसम सुहावना हो रखा है, वहीं उत्तर भारत के दूसरे राज्यों में गर्मी और लू जानलेवा बनती जा रही है। भीषण गर्मी के चलते बिहार और यूपी में मरने वालों की संख्या में तेजी से इजाफा देखने को मिल रहा है। दूसरी ओर चेन्नई और राजस्थान में बीते दो दिनों से इतनी बारिश हो रही है कि वहां के कुछ इलाकों में बाढ़ जैसी स्थिति उत्पन्न हो गई है।

**यूपी में 103, बिहार में 45 लोगों की मौत**– भीषण गर्मी के चलते उत्तर भारत के कुछ इलाकों में लोगों का जीना मुश्किल हो रखा है। यूपी और बिहार में तो मौत का आंकड़ा प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। यूपी में जहां अब तक 103 तो बिहार में 47 लोगों की मौत हो गई है। वहीं, ओडिशा में भी लू से 1 की मौत हुआ है। अपुष्ट रिपोर्ट के अनुसार, 20 लोगों की मौत ओडिशा में गर्मी से हो चुकी है।

**चेन्नई, असम और राजस्थान में बाढ़**– उत्तर भारत के कई इलाकों में जहां लू से लोगों की मौत हो रही है। वहीं, चेन्नई और असम में बाढ़ जैसी स्थिति हो रखी है। कई इलाकों में बारिश का पानी भर गया है। दूसरी ओर राजस्थान में चक्रवाती तूफान बिपरजॉय का असर दिख रहा है। वहां के कई इलाकों में बाढ़ आ गई है।



**चेन्नई में स्कूलों की छुट्टी घोषित**– चेन्नई और इसके उपनगरीय इलाकों में रातभर हुई भारी बारिश के कारण अधिकारियों ने सोमवार को स्कूलों की छुट्टी घोषित कर दी। हवाई अड्डे पर अंतर्राष्ट्रीय उड़ान संचालन भी प्रभावित हुआ है, क्योंकि दोहा और दुबई से आने वाली लगभग 10 उड़ानें बेंगलुरू की ओर मोड़ दी गईं।

## भोपाल में तालिबानी बर्बरता, चार गुंडों ने युवक के गले में बांधा पट्टा; किया कुत्ते जैसा व्यवहार



भोपाल। मध्य प्रदेश के भोपाल का एक वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में साफ देखा जा रहा है कि कुछ लोग एक युवक को बंधक बनाए हुए हैं और उसके साथ बहुत बुरा बर्ताव कर रहे हैं। इस वीडियो ने राजनीतिक गलियारे में भी हलचल मचा दी है। भोपाल के कुछ इलाकों में गुंड़ों के हौसले बुलंद हो चुके हैं। वायरल हो रहे वीडियो में साफ दिख रहा है कि कुछ लोगों ने एक युवक को बेल्ट से बांधा हुआ है और उसे माफी मांगने को बोल रहे हैं। साथ ही, उसे धमकी दे रहे हैं कि यदि वो इनकी बातें नहीं मानेगा, तो उसकी बहन और मां के साथ यह कुकर्म करेंगे। यह वीडियो टीलाजमालपुरा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है। सोशल मीडिया पर यह वीडियो तेजी से वायरल हो रहा है। इसमें युवक को गिड़गिड़ाते हुए देखा जा रहा है और वो सभी से लगातार माफी मांग रहा है। इस वीडियो में यह भी नजर आ रहा है कि युवक पर धर्मांतरण का दबाव बनाया जा रहा है। युवक के साथ ऐसा बर्ताव क्यों किया गया अब तक इसका खुलासा नहीं हुआ है। जानकारी के मुताबिक, युवक इंद्रा विहार कालोनी का रहने वाला है और फोटोग्राफर का काम करता है। इसके दोस्तों का कहना है कि यह वीडियो 9 जून को टीलाजमालपुरा में बनाया गया है। इसकी शिकायत भी की गई थी, लेकिन पुलिस ने इस पर कोई कार्रवाई नहीं की। वीडियो को देखकर इस बात का पता नहीं लगाया जा सकता है कि आखिर किस कारण से इस युवक के साथ इतना बुरा व्यवहार किया जा रहा है। फिलहाल, पुलिस ने छह आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। हालांकि, अभी तक इस मामले में कोई बयान नहीं दिया है। पुलिस वीडियो के पीछे का सच जानने के लिए बारीकी से मामले की जांच कर रही है। साथ ही, पता लगाने की कोशिश कर रही है कि वीडियो बनाने वालों में कौन-कौन शामिल था।

## अखिलेश ने सेंसरबोर्ड को लेकर उठाए सवाल तो लोगों ने पूछा- रामचरित मानस विवाद पर क्यों साधी थी चुप्पी

नई दिल्ली। रामचरित मानस और वाल्मिकी रामायण पर आधारित बनी फिल्म आदिपुरुष का मामला अब सियासी मैदान में पहुंच चुका है। समाजवादी पार्टी के प्रमुख और पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने फिल्म का नाम लिए सेंसर बोर्ड पर निशाना साधा है। उन्होंने सवाल दागा है कि क्या सेंसरबोर्ड धृतराष्ट्र बन गया है? उन्होंने कहा कि राजनीतिक आकाओं के पैसों से, एजेंडेवाली मनमानी फि ल्में बनाकर लोगों की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, उनकी फि ल्मों को सेंसरबोर्ड का प्रमाणपत्र देने से पहले, उनके राजनीतिक-चरित्र का प्रमाणपत्र देखना चाहिए। जो राजनीतिक आकाओं के पैसों से, एजेंडेवाली मनमानी फि ल्में बनाकर लोगों की आस्था से खिलवाड़ कर रहे हैं, उनकी फि ल्मों को सेंसरबोर्ड का प्रमाणपत्र देने से पहले, उनके राजनीतिक-चरित्र का प्रमाणपत्र देखना चाहिए। फिल्म को लेकर अखिलेश यादव की यह टिप्पणी सोशल मीडिया यूजर्स को नागवार गुजरी। यूजर्स ने रामचरित मानस पर स्वामी प्रसाद मौर्य की टिप्पणी का मामला उठा दिया। उन्होंने पूछा कि आपकी यह टिप्पणी उस वक्त कहा था कि जब स्वामी रामचरित मानस पर विवादित बयान दे रहे थे। एक यूजर ने ट्वीट पर रिप्लाई करते हुए सवाल किया कि जब पीके फिल्म में हमारे देवी देवताओं का अपमान किया था तब आप कहां थे? जब पठान फिल्म का बहिष्कार किया जा रहा था तब आप कहां थे? जब स्वामी प्रसाद मौर्य ने राम चरित मानस को काल्पनिक कहा था तब आप कहां थे?




## 'कांग्रेस में अब माओवादी मानसिकता के लोग, राहुल को भी दे रहे ट्रेनिंग', गीता प्रेस विवाद पर भाजपा का पलटवार

नई दिल्ली। गीता प्रेस गोरखपुर को 2021 के लिए गांधी शांति पुरस्कार मिलने पर कांग्रेस पार्टी ने एतराज जताया है। कांग्रेस ने केंद्र के कदम को उपद्रव जैसा बताया। कांग्रेस के बयान के बाद भाजपा ने भी अब पलटवार किया है।

**रविशंकर बोले– कांग्रेस में अब माओवादी लोग**– कांग्रेस द्वारा गीता प्रेस को दिए जाने वाले गांधी शांति पुरस्कार 2021 की आलोचना पर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने कहा, कांग्रेस से क्या उम्मीद की जा सकती है जिसने राम मंदिर निर्माण की राह में रोड़े अटकाए? जो तीन तलाक का विरोध करती है... गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार पर उनकी टिप्पणी से ज्यादा शर्मनाक और क्या हो सकता है? हम इसकी निंदा करते हैं। मैं भारी मन से कहना चाहता हूं कि देश पर शासन करने वाली पार्टी में अब माओवादी मानसिकता वाले लोग हैं, वे राहुल गांधी के भी सलाहकार हैं और इसका पूरे देश को विरोध करना चाहिए।

**कर्नाटक की जीत से घमंड में चूर हैं कांग्रेसः हिमंता**– असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिसवा सरमा ने भी कांग्रेस पर हमला बोला है। हिमंता ने कहा कि कर्नाटक में जीत के साथ ही कांग्रेस ने अब खुले तौर पर भारत के सभ्यतागत मूल्यों और समृद्ध विरासत के खिलाफ युद्ध शुरू कर दिया है, चाहे वह धर्मांतरण विरोधी कानून को रद्द करने या गीता प्रेस के खिलाफ आलोचना के रूप में हो। हिमंता ने कहा कि कर्नाटक में मिली चुनावी जीत के घमंड में चूर होकर कांग्रेस अब भारतीय संस्कृति पर खुला प्रहार कर रही है। उन्होंने कहा कि भारत की जनता कांग्रेस को सही जवाब देगी। कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने कहा कि गीता प्रेस को गांधी शांति पुरस्कार 2021 देना 'सावरकर और गोडसे को पुरस्कृत करने' जैसा है। ये फैसला एक उपहास की तरह है। बता दें कि केंद्र सरकार ने गांधीवादी तरीकों के माध्यम से सामाजिक, आर्थिक और राजनीतिक परिवर्तन की दिशा में उत्कृष्ट कार्य करने के लिए गीता प्रेस को सम्मानित किया है।



## जीतने की फिराक में ओपी राजभर, बोले- 300 यूनिट बिजली फ्री और शराबबंदी मुख्य एजेंडा

बरदह (आजमगढ़)। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर ने कहा कि 2024 के लोकसभा चुनाव यदि हमें 30 सीट मिल जाती है तो संसद में हम गरीबों की आवाज उठा सकते हैं। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी का मुख्य एजेंडा है कि प्रदेश को चार भागों में बांटा जाएगा तभी गरीबों का विकास होगा। उत्तर प्रदेश में शराबबंदी लागू की जाएगी और 300 यूनिट फ्री बिजली दी जाएगी। सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने यह बातें रविवार को फूला देवी मंगरू सिंह पब्लिक स्कूल छतरपुर में कार्यकर्ता बैठक के बाद प्रेस-प्रतिनिधियों से वार्ता में कही। सुभासपा मुखिया ने कहा कि तेलंगाना जैसे छोटे प्रदेश में शिक्षा बिल्कुल फ्री है। वैसे ही उत्तर प्रदेश में शिक्षा फ्री होनी चाहिए। दिल्ली, पंजाब में 300 मिनट यूनिट बिजली फ्री है तो उत्तर प्रदेश में क्यों नहीं है। महिलाओं को हम आधी आबादी के स्वरूप 50 प्रतिशत हर क्षेत्र में जगह देंगे। आगामी लोकसभा चुनाव में अधिक से अधिक भागीदारी के लिए ब्लाक स्तर, विधानसभावार कार्यकताओं का सम्मेलन व जनसभा करेंगे और लालगंज की सीट जीत कर दिखाएंगे। उन्होंने कहाकि हमारे किसी भी कार्यकर्ता के ऊपर किसी भी प्रकार का अन्याय होता है तो हम बर्दाश्त नहीं करेंगे।जरूरत पड़ने पर सड़क से जेल तक तैयार रहेंगे। इस बार एक लोकसभा सीट आजमगढ़ से हम जीत कर आप लोगों के भरोसे लाएंगे। प्रदेश उपाध्यक्ष यशवंत सिह ऊर्फ शिवली, जिलाध्यक्ष धर्मेंद्र राजभर, जिला महासचिव वकील चौरसिया, जिला प्रचारक सुगंध सिंह थे।



## संपादकीय

### महाकाल लोक भ्रष्टाचार की याचिका पर, सरकार ने कहा याचिकाकर्ता राजनीतिक दल का

मध्यप्रदेश हाईकोर्ट की इंदौर खंडपीठ में याचिकाकर्ता केके मिश्रा ने, विभोर खंडेलवाल अधिवक्ता के माध्यम से एक जनहित की याचिका दायर की है। इस याचिका में उज्जैन के महाकाल लोक में हवा से 6 सप्तऋषियों की प्रतिमा गिरने, महाकाल लोक में अरबों रुपए के भ्रष्टाचार के खिलाफ याचिका दायर की गई है। याचिकाकर्ता ने मांग की है, कि भ्रष्टाचार की जांच हाईकोर्ट की निगरानी में हो। इस मामले में राज्य सरकार की ओर से आपत्ति जताते हुए सरकार की ओर से कहा गया है, कि याचिकाकर्ता एक राजनीतिक दल से जुड़ा हुआ है। राज्य सरकार ने यह भी कहा, कि इस मामले की लोकायुक्त जांच शुरू हो गई है। सरकार की ओर से कहा गया, कि याचिकाकर्ता हाईकोर्ट आने से पहले लोकायुक्त या ईओडब्ल्यू में जा सकते थे। लेकिन वह सीधे हाईकोर्ट आ गए हैं। सरकार की ओर से याचिका निरस्त करने की बात कही गई है। इसमें सबसे बड़ी आश्चर्य करने वाली बात यह है कि याचिकाकर्ता को एक राजनीतिक दल से जुड़ा बताया गया है। अतः उसकी याचिका पर विचार नहीं किया जाना चाहिए। इससे तो यही स्पष्ट होता है, कि राजनीतिक दल के नेता जो आरोप लगाते हैं। वह सही नहीं होते हैं। सरकार के इस पक्ष को जानने के बाद विशेष रूप से भाजपा नेताओं द्वारा समय-समय पर इसी तरह की जो याचिकाएं न्यायालयों में लगाई जाती हैं। हाल ही में राहुल गांधी को सूरत की कोर्ट से मानहानि के एक मामले में 2 साल की सजा हुई है। और उनकी संसद से सदस्यता भी समाप्त हो गई। इसके अलावा सैकड़ों और भी मामले हैं। जिसमें भाजपा नेताओं द्वारा हाई कोर्ट और सुप्रीमकोर्ट में समय-समय पर याचिका दायर की हैं। इस मामले में राज्य सरकार द्वारा जो पक्ष रखा गया है। यदि उसे सही मान लिया जाए, तो भविष्य में राजनेताओं तथा राजनीतिक दलों द्वारा जो याचिका दायर की जाती है, उसमें इसी तरह से याचिका को खारिज करने की मांग की जा सकती है। लोकायुक्त मैं पहले भी महाकाल लोक में हुए भ्रष्टाचार की शिकायत की गई थी। जिस पर लोकायुक्त संगठन द्वारा कोई त्वरित कार्यवाही नहीं की गई थी। मामूली आंधी में जब सप्तऋषियों में से 6 सप्त ऋषि की प्रतिमाएं गिरने से खंडित हुई। उसके बाद इस मामले ने तूल पकड़ा, और लोकायुक्त संगठन ने आनन-फानन में जांच शुरू कर दी। लोकायुक्त संगठन और ईओडब्लू की जांच किस तरह से होती है। और कितना समय लगाता हैं। इसका अंदाजा सभी को है। यदि याचिकाकर्ता ने हाईकोर्ट की शरण ली है, तो सरकार को अपना पक्ष इस तरीके से रखना चाहिए था, जिसमें शासन की बात सामने आती। लेकिन शासन का यह कहना कि एक राजनीतिक दल से जुड़े हुए, व्यक्ति द्वारा याचिका दायर की गई है। अतः इस मामले की याचिका हाईकोर्ट खारिज कर दे। मध्य प्रदेश शासन की ओर से जो पक्ष रखा गया है, उसका तो एक ही मतलब निकलता है। राजनीतिक दल अथवा राजनेता जो भी आरोप लगाते हैं। वह राजनीति से प्रेरित होते हैं, उनमें कोई सत्यता नहीं होती है। ऐसी स्थिति में राजनीतिक दलों अथवा उनसे जुड़े हुए लोगों की याचिका पर हाईकोर्ट को सुनवाई नहीं करनी चाहिए? शासन व्यवस्था असंवेदनशील हो गई है। शिकायतों का निपटारा नहीं होता है। उन्हें ठंडे बस्ते में डाल दिया जाता है। लोगों को मजबूरन न्यायालयों की शरण में जाना पड़ता है। शासन भी यह कहने लगे है, कि यदि आपको शासन की कार्यवाही पर विश्वास नहीं है, तो न्यायायल चले जाये। यह एक तरह से शासन-व्यवस्था की निष्फलता है। शासन के उपर सभी पक्षों को विश्वास हो। उनका भी पक्ष सुना जाता, तो न्यायालय में जाने की जरुरत ही नहीं होती। शासन को इस पर भी विचार करना होगा।

### ये कैसा पड़ाव ?



रूक रही ना हिंसा ।
है होना चुनाव ।।
पुनरावृत्ति हो रही ।
ये कैसा पड़ाव ?
कितना सुंदर शासन है ।
ना छिपा हर हाल ।।
पर कब तक चलेगा ?
बड़ा ये सवाल ।।
ना कोई सुनवाई ।
जा रही है जान ।।
बोल रहे हैं उनका ।
है इधर भी ध्यान ।।
सिलसिला ना थम रहा ।
पहुंच रहा आघात ।।
लगता आगे और भी ।
बिगड़े कुछ हालात ।।

–कृष्णेन्द्र राय

# सम्पूर्ण विश्व में विश्व गुरु के नाम से विख्यात भारत में क्षीण होता गुरुओं का गुरूत्व व महत्व



एक माँ अपने बच्चे को कलेजे का टुकडा मानतीं हैं उसके ऊपर जान छिडकती हैं परन्तु वही बच्चा जब हद से ज्यादा शरारत करने लगता है तो वही मॉ अपने बच्चे को नालायक, निट्ठल्ला, निकम्मा और कुवंशी जैसे- शब्दों से कोसती है। यह सर्वविदित तथ्य है कि-आज भी उस माँ के कलेजे के टुकड़े को जिसको वह नालायक बनाती हैं उसे लायक बनाने की उस निठल्ले और निकम्मे को कामयाब बनाने का और उस कुवंशी को सुवंशी बनाने की सुनिश्चिंतता अगर सम्पूर्ण ब्रहमांड में कोई दे सकता हैं तो वह केवल और केवल माँ सरस्वती के मंदिर के साधक,उपासक, गुरु वशिष्ठ,गुरू विश्वामित्र ,गुरु कृपाचार्य, गुरू संदीपनी, और गुरु द्रोणाचार्य की परम्परा के ध्वजवाहक ही दे सकते हैं। अगर गुरु द्रोणाचार्य नहीं होते तो अर्जुन जैसे सर्वश्रेष्ठ धनुर्धर नहीं होते। यह आज भी खोज, विचार और शोध का विषय हैं कि-गुरु-शिष्य परम्परा का आरम्भ कब हुआ परन्तु इस महान गुरु-शिष्य ने भारतीय वसुंधरा पर अनगिनत प्रतिभाओं को जन्म दिया और उन प्रतिभाओं के पराक्रम की खुशबू से सम्पूर्ण भारतीय इतिहास का पन्ना-पन्ना आज भी महक रहा है। महान गुरु परम्परा की कोख से उत्पन्न शूरवीरों के व्यक्तित्व और कृतित्व से हर भारतवासी स्वयं को गौरवान्वित महसूस करता है।गुरुओं की इसी महत्ता और महिमा को ध्यान में रखते हुए मध्ययुगीन महान क्रांतिकारी कवि कबीर ने कहा था कि- " गुरु गोविन्द दोनों खडे काके लागू पाये,बलिहारी गुरु आपने गोविन्द दियो बताऐ "। यह दोहा महात्मा कबीर का फक्कडपन नहीं था बल्कि कबीर का सर्वश्रेष्ठ शोध था। क्योकि-गोविन्द तो जिस सॉचे ढॉचे और खॉचे में व्यक्ति के व्यक्तित्व को ढालता हैं धरती पर उसी के अनुरूप पटक देता है परन्तु उसकी अंतर्निहित क्षमता के अनुसार उसको सर्वश्रेष्ठ आकृति और आकार गुरु ही प्रदान करता है। इसके साथ उनकी क्षमताओं का क्षितिज छूने की शक्ति भी सम्पूर्ण ब्रहमांड में महज गुरु ही प्रदान करता है।

गुरु की महिमा और महत्ता अकारण नहीं है क्योंकि गुरु ही इस बसुन्धरा का दुर्लभ प्राणी है जो लाखों करोड़ों लोगों की ऑखों के सपनों को साकार करता है या मूर्त रूप प्रदान करता है। बच्चे के जन्म लेते ही हर घर-ऑगन और मॉ-बॉप बच्चे को लेकर तरह तरह के सपने संजोने लगते हैं। मेरा बेटा डाक्टर बनेगा, मेरा बेटा इंजीनियर बनेगा मेरा बेटा कलेक्टर बनेगा करोड़पति बनेगा इत्यादि इत्यादि। इस बाजारबादी दौर में माँ-बाप की ऑखों में बाजारबादी चतुराईयो से परिपूर्ण नवरत्नो के सपने भी तैरने लगे हैं। आज कुछ मॉ बॉप यह भी स्वप्न देखते हैं कि- मेरा बेटा हर्षद मेहता या विजय माल्या या नीरव मोदी बनेगा। यह सर्वविदित सच्चाई है कि माँ बाप सपने तो देख सकते है परन्तु उन सपनों को अपनी साधना और तपस्या से साकार करने का कार्य गुरु ही करता है। इकलौता गुरु ही वह प्राणी है जो दूसरों की ऑखों के सपनों को साकार करने के लिए अपना सर्वस्व और सर्वश्रेष्ठ न्योछावर कर देता है। जब-जब भारतीय वसुंधरा गहरे संकट में आई तब-तब मॉ सरस्वती के मंदिर के सच्चे साधकों कुशाग्र और दूरदर्शी गुरुओं ने अपनी साधना तपस्या और शिक्षा से अपनी शिष्य परम्परा के ऐसे नवरत्नो को उत्पन्न किया जिन्होंने अपने पराक्रम और प्रतिभा से भारतीय वसुंधरा की रक्षा की अपितु भारतीय शौर्य और पराक्रम से सम्पूर्ण विश्व को आश्चर्यचकित किया। जब विश्व विजेता बनने की चाह रखने वाले सिकंदर के घोड़ों के टापो से यह धरती थरार्ने लगी तथा मगध साम्राज्य का राजा पूरी तरह विलासिता में डूब चुका था । नंद वंश का तत्कालीन राजा भरी दुपहरी में दरबार में मदिरापान कर नर्तकियों का नृत्य देखने में तल्लीन था। ऐसी विषम परिस्थिति में तक्षशिला विश्वविद्यालय का एक साधारण सा आचार्य जो नंद वंश के राजाओं द्वारा अपमानित तिरस्कृत और बहिष्कृत हुआ था वह अपनी असाधारण शैक्षणिक प्रतिभा और कौशल का परिचय देते हुए एक ऐसे शिष्य को शिक्षित प्रशिक्षित करता है जो न केवल सिकन्दर के सेनापति और उत्तराधिकारी सेल्यूकस को बुरी तरह पराजित करता है बल्कि ऐसे पराक्रम का परिचय देता है कि-लगभग तीन सौ वर्षों तक भारत वर्ष पर ऑख उठाकर देखने का साहस किसी भी तरह के बाह्य आक्रांताओं की नहीं हुआ। चाणक्य के शैक्षणिक चमत्कार की उपज चक्रवर्ती सम्राट चन्द्रगुप्त मौर्य ने बिखरे हुए भारत को एकता और अखंडता के सूत्र में बांध दिया और एक विशाल साम्राज्य की स्थापना किया ।

भारतीय स्वाधीनता-संग्राम के दौरान सर्वपल्ली राधाकृष्णन, मुंशी प्रेमचंद,मास्टर सूर्यसेन ,मौलाना आजाद, सर सैय्यद अहमद खां और ज्योति बा फुले जैसे अनगिनत शिक्षकों ने उस दौर के प्रतिभाशाली वकीलों , पत्रकारों और सामाजिक रूप से सक्रिय बुद्धिजीवियों के साथ मिलकर भारतीय जनमानस को स्वतंत्रता का अर्थ और महत्व समझाया तथा स्वतंत्रता के लिए लडना सिखाया। महान शिक्षकों के जागरण के फलस्वरूप ही भारतीय जनमानस में स्वतंत्रता के आवश्यक चेतना का जागरण हुआ। इस जन जागरण के फलस्वरूप हुए व्यापक आंदोलनों से ही देश को पराधीनता से मुक्ति मिली। स्वाधीनता उपरांत भारत के पुनर्निर्माण और विकास में मेधावी कुशाग्र और दूरदर्शी गुरुओं ने महत्वपूर्ण योगदान दिया। अपने अद्वितीय शैक्षणिक कौशल से शिक्षकों ने देश के लिए आवश्यक प्रतिभाओं को तराशा। जिन प्रतिभाओं के मेहनत से न केवल भारत आत्मनिर्भर हुआ बल्कि आज वैश्विक रंगमंच पर मजबूत उपस्थिति दर्ज करा रहा है।

आज भारत जिन महान गुरुओं के कारण वैश्विक स्तर पर मजबूती के साथ खडा हुआ वही जाने या अनजाने में गुरुओं की महिमा और महत्ता निरंतर क्षरित हूई है। विभिन्न सरकारों ने शिक्षा के साथ साथ शिक्षको के प्रति भी उदासीन रवैया अपनाया है जिसके कारण शिक्षा का स्तर गिरने के साथ साथ शिक्षको के स्तर में भी गिरावट आई है। जो शिक्षक स्वाधीनता आन्दोलन के दौरान और स्वाधीनता के बाद आरम्भिक दशकों में देश की अग्रिम कतार में रहता था तथा देश के नीति निमार्ताओं में अग्रपांक्तेय था वही शिक्षक आज पूरी हाशिए पर धकेल दिया गया। सरकारों की अदूरदर्शी और बेतुकी नीतियों ने शिक्षको के आर्थिक हितों में निरंतर कटौती करते हुए उनके सामाजिक स्तर को भी गिराने का कार्य किया है। बाजार की शक्तिओ के प्रभाव में आकर सरकारों ने सरस्वती के मंदिर के उपासको के बुढापे को बाजार के हवाले करते हुए पेंशनविहिन कर दिया। इसके अतिरिक्त गैर शैक्षणिक कार्यों (मतगणना कराना निर्वाचन कराना राशन और राहत सामग्री बटवाना इत्यादि ) में शिक्षको को संलग्न करते हुए शिक्षको की गरिमा को कम करने का कार्य किया है। सरकार में बैठे लोगों को भारतीय इतिहास का गहनता से अध्ययन करना चाहिए। महान गुरु परम्परा के बिना बेहतर समाज निर्माण और मजबूत राष्ट्र-निर्माण का स्वप्न और संकल्प पूरा नहीं हो सकता है। भारतीय गुरूकुल परम्परा में राजाओं द्वारा गुरु का यथाशक्ति सम्मान किया जाता था। यदा-कदा राजा जब गहरे संकट में होते थे तो वे गुरुकुल के आचार्यों से मार्गदर्शन प्राप्त करते थे। वर्तमान समय में लोकतंत्रीक ढंग से चुनी हुई सरकारो के दौर में शिक्षक मार्गदर्शक की भूमिका से पूरी तरह दरकिनार कर दिया गया है। नब्बे के दशक के उभरते नये समाज की यह कडवी सच्चाई है कि-बढते बाजारवाद और उपभोक्तावाद में शिक्षा की प्रकृति बदल गयी है। आज शिक्षा लगभग व्यवसायिक और आर्थिक स्वरुप में पूरी तरह ढल चुकी हैं। शिक्षक और छात्रों में वह आत्मीय रिश्ता नहीं रहा जो परम्परागत गुरु-शिष्य परम्परा में पाया जाता था। हमारी प्राचीन गुरु शिष्य परम्परा में गुरु शिष्य को पुत्रवत स्नेह देता था और शिष्य भी गुरुओं के प्रति पिता तुल्य आदरभाव रखते थे। आज गुरु पूर्णिमा के अवसर पर समाज के सभी समुदायों को फिर चिंतन और मनन करने की आवश्यकता है। गौरवशाली गुरु परम्परा के अभाव में हम एक सशक्त सक्षम और मजबूत भारत नहीं बना सकते हैं। गौरवशाली गुरु परम्परा को फिर से स्थापित कर हम शक्तिशाली और वैभवशाली भारत का निर्माण कर सकते हैं।

**मनोज कुमार सिंह प्रवक्ता**
**लेखक/ साहित्यकार /उप सम्पादक**
**कर्मश्री मासिक पत्रिका**

# वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सव का चतुर्थ दिवस!

## कठुआ बलात्कार प्रकरण : हिन्दुओं को जम्मू से निकाल देने का षड्यंत्र ! - प्रा. मधु किश्वर, लेखिका

वर्ष 2018 में जम्मू के रसाना नामक छोटे से गांव में झूठे बलात्कार प्रकरण को कठुआ बलात्कार प्रकरण के नाम से जगभर में पहुंचाया गया । इस प्रकरण में षड्यंत्र रचकर हिन्दुओं को उसमें उलझाकर उन्हें बदनाम किया गया । देशभर के सेक्युलरवादी, बॉलीवुड के अभिनेता एवं हिन्दू-विरोधियों ने इस प्रकरण का उपयोग जगभर में हिन्दुओं को बदनाम करने के लिए किया । हिन्दुओं ने पीडिता का अपहरण कर, उस पर बलात्कार किया और फिर उसकी हत्या कर दी, ऐसी पटकथा झूठे प्रमाणों का आधार तैयार कर उसका जगभर में प्रचार किया । इसके पीछे हिन्दुओं को बदनाम करने एवं कश्मीर के उपरांत अब जम्मू क्षेत्र से बाहर निकलने का एक नियोजनबद्ध षड्यंत्र था, ऐसा आरोप दिल्ली की द गर्ल फ्रॉम कठुआ इस पुस्तक की लेखिका एवं मानुषीकी संपादिका प्रा. मधु किश्वर ने किया । वे श्रीरामनाथ देवस्थान, फोंडा, गोवा के वैश्विक हिन्दू राष्ट्र महोत्सवमें कठुआ का सत्य इस विषय पर



बोल रही थीं ।

उन्होंने आगे कहा, इस प्रकरण में हिन्दुओं पर गैंगरेप का आरोप लगाया गया था; परंतु शवविच्छेदन ब्योरे में बलात्कार होने का निष्कर्ष ही मान्य नहीं किया गया । संबंधित लडकी के सिर पर पत्थर मारकर उसकी हत्या की गई, ऐसा पुलिस जांच में दर्ज होते हुए भी शवविच्छेदन ब्योरे में कहीं भी खोपडी को चोट लगी हो, ऐसा नहीं पाया गया । किसी भी अव्यस्क लडकी के बलात्कार प्रकरण में पीडिता की पहचान सार्वजनिक करना कानूनन अपराध है; परंतु इस प्रकरण में पीडिता का छायाचित्र एवं नाम तक प्रसिद्धीमाध्यमों द्वारा जानबूझकर सार्वजनिक किया गया । इस प्रकरण में जांच के नाम पर हिन्दू युवकों को प्रताडित किया गया । परिणामस्वरूप कठुआ के अनेक हिन्दू कुटुंबियों को स्थनांतरित होना पडा ।

आनेवाले 5 वर्षों में अरुणाचल प्रदेश के ईसाई धर्मांतर की समस्या समाप्त करेंगे ! - श्री. कुरु ताई, अरुणाचल प्रदेश

वर्तमान में अरुणाचल प्रदेश में स्थिति इतनी गंभीर है कि वहां प्रत्येक कुटुंब का कम से कम एक सदस्य तो धर्मांतरित है । इस समस्या पर मात करने के लिए हमने एक उपाय निकाला है वह यह कि जो हिन्दू व्यक्ति अन्य धर्मों के व्यक्ति से विवाह करेगा, उसे हिन्दू कुटुंब की संपत्ति नहीं मिलेगी और उसे बच्चे भी स्वयं ही संभालने होंगे । इसकारण इस समस्या पर कुछ मात्रा में अंकुश लगा है । अरुणाचल प्रदेश में हम हिन्दू संगठित होने से अगले 5 वर्षों में अरुणाचल प्रदेश में ईसाई धर्मांतर की समस्या समाप्त करेंगे, ऐसा दृढ विश्वास अरुणाचल प्रदेश बांस संसाधन एवं विकास एजन्सीके उपाध्यक्ष श्री. कुरु ताई ने व्यक्त किया । इस अधिवेशन का सीधा प्रसारण हिन्दू जनजागृति समिति के जालस्थल HinduJagruti.org और 'HinduJagruti' यू-ट्यूब चैनल द्वारा किया जा रहा है ।

# भारतीय पसमांदा मुस्लिम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष का जौनपुर में हुआ स्वागत



प्रखर जौनपुर। भारतीय पसमांदा मुस्लिम महासभा के प्रदेश अध्यक्ष डॉक्टर इमरान अली व प्रदेश सचिव फारूक अंसारी का जौनपुर में भव्य स्वागत किया गया। प्रदेश अध्यक्ष जौनपुर में प्रदेश प्रभारी नेहाल अंसारी का काफी दिनों से तबियत खराब होने पर उनका हाल चाल लेने आएं थे। प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि हम पिछड़े मुसलमानो को संगठित करके उनको उनका अधिकार दिलाने के लिए प्रयास रत है। आज मुसलमानो का हक हर जगह दबाया जा रहा है पसमांदा सिर्फ पिछड़े मुसलमान ही नहीं बल्कि और लोग भी पसमांदा मुस्लिम महासभा के साथ आ सकते है प्रदेश प्रभारी ने कहा कि हमारा प्रयास है उन मुसलमानो को जो एस सी एस टी में आते है उनको एस सी एस टी का दर्जा दिया जाय जिसके लिए हम सरकार से अपनी बात रखेंगे जिला अध्यक्ष एजाज अहमद ने कहा कि हमारा संगठन किसी पार्टी विशेष के साथ नही है जो भी पार्टी पसमांदा के लिए काम करेगी हम उसके साथ रहेंगे और मुसलमानो को और अधिक शिक्षित और जागरूक करने के लिए एक मुहिम चलाएंगे उक्त अवसर पर सहारनपुर जिला अध्यक्ष शफीक अंसारी, जिला प्रभारी मोहम्मद जावेद, जिला प्रमुख महासचिव अखलाक अहमद, जिला उपाध्यक्ष मेहंदी हसन, मो इमरान, मोहम्मद फैज, रईस अहमद, मो असलम, रियाजुल हक आदि मौजुद रहे।

# सपना चैधरी के नृत्य ने एक्वा जंगल वाटर पार्क के ठंडे पानी में भी लगा दी 'आग'

प्रखर मिजार्पुर। जहां सूर्य की तल्खी से आम जनमानस छटपटा रहा था, वहीं दूसरी ओर जिले के अहरौरा नगर के पास स्थित एक्वा जंगल वाटर पार्क में हरियाणा की डांस क्वीन सपना चैधरी के नृत्य और संगीत ने ऐसा धूम मचाया कि वाटर पार्क के शीतल जल में भी



आग लगा दिया था, बावजूद इसके लोगों ने डुबकी लगा-लगाकर भरपूर आनंद लिया। बताते चले कि संस्कार चैनल द्वारा आयोजित इविनेट कार्यक्रम में शिरकत करने के लिए हरियाणवी क्वीन के नाम से मशहूर सपना चैधरी आयी थी, डीजे की मशहूर म्यूजिक कलाकार एमलि बिलशन , भोजपुरी कलाकार मनोज पांडे जिनका बहुत ही गर्मजोशी के साथ आयोजकों द्वारा स्वागत एवं अभिनंदन किया गया। इससे पूर्व वाटर पार्क संचालकों द्वारा मड़िहान विधायक रमाशंकर सिंह पटेल का स्वागत किया गया तत्पश्चात कार्यक्रम को संचालित करने से पूर्व वाटर पार्क के व्यवस्थापक राकेश कुमार सिंह, प्रवीन कुमार सिंह और प्रदीप कुमार सिंह ने सर्वप्रथम पुष्पगुच्छ (बुके) भेंट कर सम्मानित किया तों वही विवेक पाण्डेय का भी कार्यक्रम के दौरान स्वागत अभिनन्दन किया गया। जिसके बाद कार्यक्रम का शुभारंभ एमिली विल्सन ने दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया दर्शक उनकी म्यूजिक के धुन पर अपने आप को नाचने से नहीं रोक पाए। फिर कार्यक्रम में जैसे ही सपना चौधरी का इंट्री हुआ हरियाणवी सांग तेरी ऑखों का जो काजल के साथ सपना चैधरी ने किया तो वहीं विवेक पाण्डेय भी अपने सुपर हिट बुलेट पर जीजा सांग से लोगों का दिल जीत लिया। एक से बढ़कर एक गीत संगीत पर ठुमके लगते रहे और उपस्थित जनता भी इसका भरपूर आनन्द लिया। इस पल को कैद करने के लिए स्नान कर रहे किशोर एवं किशोरियों तथा युवाओं ने अपने मोबाइल के माध्यम से वीडियो गैलरी एवं फोटो गैलरी में कैद करते दिखाई पड़े। बिग बॉस, लाडो-वीरपुर की मदार्नी जैसी टीवी रिएलिटी शो एवं सीरियल में काम करने के साथ ही साथ बॉलीवुड फिल्म नानू की जानू, वीरे की वेडिंग, जर्नी ऑफ भांग ओवर, एक तू एक मै जैसे फिल्मों में आइटम सांग पर नृत्य कर धमाल मचा चुकी सपना चैधरी ने मीडिया से अपने संक्षिप्त वातार्लाप के दौरान कहाकि मैं यहां आयी, मुझे बहुत ही खूबसूरत और मनमोहक लगा यह जगह। उन्होंने आयोजकों एवं वाटर पार्क व्यवस्थापकों के प्रति आभार जताया और कहाकि आज का यह कार्यक्रम काफी चुनौतियों से भरा हुआ था, बावजूद इसके यह सकुशल संपन्न हो गया जो वाकई में काबिलेतारीफ हैं। आप सभी द्वारा मिले प्यार और सम्मान को वह कभी नहीं भूल पाएंगी। वहीं भोजपुरी स्टार विवेक पाण्डेय ने प्रत्रकार वार्ता में कहा की पहाड़ियों के बिच बसा यह वाटर पार्क काफी अद्भुत है और इतनी भीषण गर्मी में भी लोग कार्यक्रम का आनंद ले रहे हैं हमारी आने वाली फिल्म बुलेट पर जीजा जल ही रिलीज होगी जिस तरह सभी ने गाने को बखुबी प्यार दिया है उसी प्रकार फिल्म में भी ध्यान देंगे।

# दो दिवसीय बिरहा उत्सव के प्रथम चरण का आयोजन सम्पन्न हुआ

प्रखर वाराणसी। सायं काल असि घाट पर लोक एवं जनजाति कला एवं संस्कृति संस्थान (संस्कृति विभाग उत्तर प्रदेश ) तथा जिला प्रशासन वाराणसी एवं सुबह ए बनारस के संयुक्त तत्वावधान में काशी रस के अंतर्गत दो दिवसीय बिरहा उत्सव के प्रथम चरण का आयोजन सम्पन्न हुआ।आयोजन का विधिवत शुभारंभ पद्मश्री डॉ राजेश्वर आचार्य एवं पुलिस आयुक्त श्री अशोक मुथा जैन द्वारा संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलन कर हुआ । इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि उत्तर प्रदेश संगीत नाटक काकदमी के निवर्तमान अध्यक्ष पद्मश्री डॉ राजेश्वर आचार्य ने कहा कि लोक के आलोक से ही भारतीय संस्कृति की जीवंतता प्रकाशित होती आयी है। और उत्तर भारत मे इस पूर्वांचल क्षेत्र में बिरहा उसी लोक संस्कृति की संवेदनाओं की वास्तविक अभिव्यक्ति है। विशिष्ट अतिथि पुलिस कमिश्नर श्री मुथा अशोक जैन ने बिरहा शैली के संरक्षण के लिए कलाकारों तथा आयोजको के प्रति शुभकामनाएं व्यक्त की। अतिथियों का स्वागत किया सुबह ए बनारस के संस्थापक सचिव डॉ रत्नेश वर्मा ने। कार्यक्रम में प्रथम प्रस्तुति रही वाराणसी के लोकप्रिय बिरहा गायक डॉ मन्नू यादव एवं साथी कलाकारों की जिसमे लालिमा छंद जिसके शब्द थे गुलजार मधुर रागन में लालिमा साथ ही वीर रस का छंद सुनाकर आनंदित किया बोल थे बगावत के बल पर।द्वितीय प्रस्तुति रही प्रयागराज के बिरहा गायक श्री दिनेश यादव की जिसमे उन्होंने शिव महिमा पर बिरहा सुनाया बोल थे अम्बर से अवनी आशा क्या करे साथ ही एक और बिरहा सुनाकर रससिक्त किया बोल थे पपीहा एक बूंद पानी के पिपासक।तीसरी प्रस्तुति रही श्री आजमगढ़ के श्री लालता यादब की जिसमे देवी स्तुति पर रचित बिरहा सुनाकर भक्ति रस की धारा प्रवाहित की बोल थे पूजनिया दुर्गा माई क करे साथ ही वीर रस का एक बिरहा सुनाया बोल थे बाजे रणभेरी चौथी अंतिम प्रस्तुति रही चंदौली के वरिष्ठ बिरहा गायक श्री मंगल यादव कवि की जिसमे उन्होंने बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी की स्तुति अभिव्यक्त साकार की रचना के बोल थे कितनी सुंदर बाबा विश्वनाथ की नगरी काशी साथ ही देशभक्ति पर आधारित बिरहा सुनाया बोल थे तिरंगालहर लहर लहराए। सम्पूर्ण कार्यक्रम का संयोजन रहा लोक कला जनजाति संस्कृति संस्थान के श्री राजेश शर्मा का। कार्यक्रम में गरिमामयी उपस्थिति रही ए सी पी श्री प्रवीण सिंह तथा अपर पुलिस आयुक्त श्री एस चिनप्पा तथा आई पी एस श्री सूर्यकांत त्रिपाठी एवं सरोद वादक पं अंशुमान महाराज श्री श्याम केसरी में श्री सुनील शुक्ला तथा योगगुरु पं विजय प्रकाश मिश्र श्री उदय सिंह आदि की कार्यक्रम का संचालन किया संयुक्त रूप से श्रीमती सीमा केशरी तथा डॉ प्रीतेश आचार्य ने।



# 311 भव्य कलश पूजन यात्रा के साथ हुआ यज्ञ का शुभारंभ, जगह-जगह हुई पुष्पवर्षा

प्रखर दुल्लहपुर गाजीपुर। किसान को भगवान के रुप में आत्मसात करने वाले किसानों के मसीहा परम पूज्य स्वामी सहजानंद सरस्वती की 74 वीं पुण्यतिथि पर इस बार उनके जन्मस्थली देवा गांव में हो रहे 9 दिवसीय महामृत्युंजय यज्ञ की शुरूआत सोमवार को 311 भव्य कलश पूजन यात्रा के साथ हई।कलश यात्रा की शुरूआत गणेश पूजन गज पूजन से किया गया। तेज धूप और तपती धरा के बीच यज्ञ के निमित्त लोगों की बढ़ती अभिरुचि मौसम की मार को भी मात देने वाली थी। भव्य कलश यात्रा का उमड़ता भक्त जन सैलाब अपने आप में अद्वितीय था। कलश यात्रा में शामिल सैकड़ों कन्याओं व महिलाओ का समूह परसौली गांव स्थित सरोवर से जल लेकर अमारी होते हुए दुल्लहपुर स्थित हनुमान मंदिर पहुंचा जहां से हाथ में कलश लिए 311 कन्याओं ने यात्रा करते हुए यज्ञ स्थल तक अपनी कलश यात्रा पूरी की। कलश यात्रा की शुरूआत वैदिक ब्राह्मणों ने



वैदिक मंत्रोच्चार से कराया। कलश यात्रा में शामिल हाथी, घोड़े, और डीजे वाद्य संग सजी मनमोहक झांकी पर जगह-जगह होती पुष्प वर्षा बर्बस दर्शकों के मन को आकृष्ट कर देने वाली थी। यज्ञ कार्यक्रम सहित अन्य कार्यक्रम को सकुशल संपन्न कराने के लिए दूर-दूर से पधारे स्वामी जी के अनुयायियों ने कंधे से कंधा मिलाकर कार्यों को सकुशल संपन्न कराने के लिए तत्पर दिखे। स्वामी अनंतानंद सरस्वती के पावन सानिध्य में यज्ञ की शुरूआत की गई। स्वामी अनंतानंद ने कहा कि स्वामी जी के जीवन को समझने के लिए यह यज्ञ कार्यक्रम मील का पत्थर साबित होगा। स्वामी सहजानंद सरस्वती के परीनिर्वाण वर्ष 1950 के बाद पहली बार इस तरह से वैदिक परंपरा से यज्ञ के साथ निर्वाण दिवस मनाया जायेगा। स्वामी जी ने किसानों में ही भगवान का रूप देखा था और बताया था कि जो हमारे सभी सुख-सुविधाओं के वस्तुओं अन्न, दूध ,घी, शक्कर वस्त्र का उत्पादन करता है । वही हमारा भगवान है। क्यों न उसकी पूजा करें। आजादी से पूर्व किसानों के उत्थान के लिए जो उन्होंने अलख जगाया वह आज भी अविस्मरणीय है तथा इतिहास के स्वर्ण अक्षरों में अंकित है। महामृत्युंजय महामंत्र पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि महामृत्युंजय मंत्र निर्जीव शरीर की वह प्राण संजीवनी है। जिसके आगे काल भी अपनी हार स्वीकार करने को बाध्य है। महामंत्र की व्युत्पत्ति को ऋषि मृकंडु और उनके अल्पायु प्राप्त पुत्र मार्कंडेय से जोड़ते हुए कहा कि पिता की कठिन साधना और पुत्र की असीम शिव-निष्ठा का ही प्रतिफल रहा की मार्कंडेय को दीघायु प्राप्ति के साथ अमरत्व की प्राप्ति हुई। इस कार्यक्रम में प्रमुख रूप से पिंटू राय, रुद्र प्रताप सिंह राजेश सोनकर, मनोज यादव (मंडल अध्यक्ष) पारस नाथ राय, प्रपौत्र अरविंद राय , प्रधान प्रतिनिधि दीपक चौरसिया, संजीव चौरसिया, संजय राय ,गोरख राय, डा विजय त्रिपाठी, भाजपा जिला उपाध्यक्ष सरोज मिश्रा, पूर्व प्रधान राम विलास गुप्ता, सरवन सिंह ,यजमान ओम प्रकाश राय, व शारदानंद राय मौजूद रहे।

# 21 जून को आईटीआई परिसर में लगेगा रोजगार मेला

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। निदेशक प्रशिक्षण एवं सेवायोजन, उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निदेशांनुसार जनपद गाजीपुर में अधिक से अधिक बेरोजगार युवकों को सेवायोजित कराने के उद्देश्य से रोजगार मेला एवं प्री-कॅरियर कॉउंसलिंग के आयोजन हेतु राजकीय आई0टी0आई0 परिसर तुलसीपुर गाजीपुर में रोजगार मेला एवं कॅरियर-कॉउंसलिंग का आयोजन दिनांक 21 जून को प्रातः 10.30 बजे से आयोजित किया जायेगा। इस मेले में विभिन्न कम्पनियाँ, नियोजक प्रतिभाग करेंगे। प्रतिभागी कम्पनियो में मुख्य रूप से जी 4 एस सिक्योरिटी सल्यूशन, ब्राइट फ्यूचर ऑरगेनिक हर्बल एण्ड आयुर्वेदिक प्रा0लि0, टीम लीज सर्विसेज लि0, वी0एस0डी0 टायर एण्ड ट्यूब सर्विस, पिपल ट्री ऑनलाइन, गीगा कार्पसोल आदि द्वारा सुपरवाइजर, सिक्योरिटी गार्ड, ब्रांच मैनेजर, गार्ड, वर्कर, फिल्ड आफिसर, मैकेनिक, सेल्स ट्रेनर, कम्प्यूटर आपरेटर, सेल्स आफिसर, इलेक्ट्रिशियन, फीटर, टेक्नीशियन आदि पदों पर चयन किया जायेगा। भारत सरकार के स्किल इण्डिया मिशन के तहत स्किल इण्डिया इंटरनेशल सेंटर, वाराणसी के टीम द्वारा दुबई, अबुधाबी, शारजाह, सऊदी अरब आदि देशों में इलेक्ट्रिशियन, फिटर, हेल्पर, क्लीनर, माली, ए.सी. टेक्नीशियन, सिक्योरिटी गार्ड, कुक, वेटर, मैकेनिकल ड्राफ्ट्समैन, मेसन, ड्राइवर इत्यादि जॉब रोल्स की मांग है। ऐसे इच्छुक उम्मीदवार जिनकी शैक्षिक योग्यता दशवीं पास एवं आई0टी0आई0 या डिप्लोमा धारित हैं एवं संबंधित जॉब रोल्स में 3 से 5 वर्ष का अनुभव तथा 21 से 35 वर्ष की आयु है, वे प्री-काउंसलिंग कार्यक्रम में प्रतिभाग करने के उपरान्त आवेदन करेंगे। पासपोर्ट धारित उम्मीदवार को आवेदन में वरीयता दी जायेगी। नियोजक, कम्पनियों द्वारा अपने रिक्तियों सम्बन्धी समस्त विवरण विभागीय वेबसाइट पोर्टल पर प्रदर्शित कर दिया गया है। अभ्यर्थी सेवायोजन पोर्टल पर अपना पंजीयन कराकर इच्छुक कम्पनियों में अपनी शैक्षिक योग्यता के अनुसार उक्त सेवायोजन पोर्टल पर अपना आवेदन कर उक्त मेले में प्रातः-10.30 बजे समस्त शैक्षिक योग्यता के मूल प्रमाण-पत्रों की छाया प्रति के साथ एवं कोविड-19 के गाइडलाइन का पालन करते हुए प्रतिभाग करना सुनिश्चित करें, इस सम्बन्ध में कोई मार्ग व्यय देय नहीं होगा।

# भारत विकास परिषद् शिवा शाखा द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई का मनाया गया बलिदान दिवस

प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। भारत विकास परिषद् शिवा शाखा द्वारा महारानी लक्ष्मीबाई का बलिदान दिवस मनाया गया` रानी की पहचान बन चुकी पंक्तियां दोनों हाथों में तलवार और मुंह में घोड़े की लगाम, ब्रिटेन तक सुनाई दी थी जिसकी ललकार और खूब लड़ी मदार्नी वह तो झांसी वाली रानी थी को दोहराया गया। भारत के गौरवशाली इतिहास में जब-जब महान वीरांगनाओं का जिक्र किया जाएगा महारानी लक्ष्मी बाई की वीरता, पराक्रम और देशभक्ति हमेशा लोगों को प्रेरणा देते रहेंगे हर साल 18 जून को रानी लक्ष्मी बाई के बलिदान दिवस के रूप में उनके शौर्य की याद दिलाता है। इस अवसर पर भारत विकास परिषद काशी प्रांत के संरक्षक श्री एस. एन. खेमका ने महारानी लक्ष्मीबाई के बलिदान दिवस पर उन्हें कोटि-कोटि नमन करके श्रद्धांजलि अर्पित किया और कहा कि इस महान वीरांगना की जन्मस्थली काशी होने पर हम सभी उनकी वीरगाथा पर गर्व करते हैं कार्यक्रम में पूर्व अध्यक्ष प्रदीप चौरसिया, कोषाध्यक्ष कौशल शर्मा ,पर्यावरण प्रकल्प प्रमुख मदन राम चौरसिया, रमेश चंद्र श्रीवास्तव, डॉ. अनिल गुप्ता, रघूदेव अग्रवाल, कृष्ण कुमार काबरा,अरूण अग्रवाल, बासुदेव गुप्ता , अनूप अग्रवाल ,समीर मिश्र एवं सुमन अग्रवाल एवं अन्य पदाधिकारी तथा सदस्यगण की गौरवमयी उपस्थिति रही।




# आयुष राज्यमंत्री डॉ. दयाशंकर मिश्रा ने किया योगा

प्रखर गाजीपुर। सिधौना गांव स्थित शिव मंदिर पर आयोजित योग शिविर में आयुष राज्यमंत्री डॉ दयाशंकर मिश्रा ने योगाभ्यास किया। योगशिविर का उद्घाटन करते हुए डॉ दयाशंकर मिश्रा ने कहा कि योगाभ्यास से सिर्फ शरीर ही नही बल्कि मानसिक स्थिति में भी अभूतपूर्व सुधार होता है। भारतीय संस्कृति में अनादिकाल से ही बड़े बड़े ऋषि मुनि योग साधना के बल पर दीघार्यु एवं स्वस्थ्य रहते थे। आज हर घर में आयुर्वेद की एक बगिया और आंगन में योग जरूर होना चाहिए। योग को बीमार होने पर नही बल्कि बीमार न होने के लिए किया जाता है। इस अवसर पर जनपद के प्रख्यात इतिहासकार विश्व विमोहन शर्मा ने स्वरचित पुस्तक राष्ट्रीय आंदोलन में जनपद गाजीपुर की प्रति आयुष राज्यमंत्री को भेंट



किया। आयुर्वेद के डॉ जयंत कुमार, होम्योपैथी के डॉ संपूर्णानंद गुप्ता एवं यूनानी के डॉ नियाज अहमद ने माननीय मंत्रीजी का स्वागत किया। सैदपुर के डॉ प्रकाश पांडेय के नेतृत्व में चिकित्सा शिविर भी लगाया गया था। आयुष मंत्री डॉ दयाशंकर मिश्रा ने सिधौना की स्वर्ण पदक विजेता ताइक्वांडो खिलाड़ी दिव्यांशी सिंह को सम्मानित किया। एसडीएम सैदपुर पुष्पेंद्र पटेल, नायाब तहसीलदार विजयकांत पांडेय, सैदपुर नगर पंचायत के आसुतोष त्रिपाठी सहित पांच सौ की संख्या में स्त्री पुरुष में इस योगशिविर में योगाभ्यास किया। योग प्रशिक्षक विनोद यदुवंशी और योग सहायक दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित इस शिविर का संयोजन कृष्णानंद सिंह एवं संचालन शिवाजी मिश्रा ने किया। शिवशंकर सिंह, करुणाशंकर मिश्रा, अनिल सिंह, पंकज मिश्रा, लवप्रकाश सिंह, नंदलाल मिश्रा, भवानी शरण मिश्र रहे।

# मनचलों की खैर नहीं : पुलिस ने चलाया मिशन शक्ति अभियान

## छात्रों के साथ किया सीधा संवाद, दिया सुरक्षा का विश्वास, ग्रामीण क्षेत्रों में भी टीम ने महिला हेल्प लाइन के बारे में जागरूक किया

**मोहम्मद अरशद**

प्रखर खेतासराय (जौनपुर)। जिले में मिशन शक्ति के तहत एंटी रोमियो स्क्वॉड ने मनचलों और छेड़छाड़ करने वालों के खिलाफ अभियान शुरू कर दिया है। महिला पुलिस ने स्कूलों, कॉलेजों, बाजारों और भीड़भाड़ वाले स्थलों पर चेकिंग की। टीम ग्रामीण क्षेत्रों में दस्तक देकर महिला हेल्पलाइन समेत अन्य महत्वपूर्ण जानकारी साझा की । पुलिस ने संवाद करते हुए छात्राओं की समस्याएं सुनीं और अपने नंबर भी दिए, ताकि जरूरत पड़ने पर शिकायत कर सकें। छात्राओं सहित अन्य महिलाओं से रूबरू होकर सुरक्षा का भरोसा दिलाया गया। इस दौरान कुछ छात्राओं ने महिला पुलिस के साथ सेल्फी भी ली। सीओ शहागंज शुभम तोदी ने बताया कि प्रदेश सरकार के निर्देश पर मिशन शक्ति अभियान चलाया जा रहा है। इसका उद्देश्य बेटियों और



महिलाओं में सुरक्षा का भरोसा दिलाना है। सर्किल में यह अभियान जारी रहेगा। जनपद के हर थानो पर इस अभियान में महिला पुलिसकर्मी की ड्यूटी लगाई गई है। उन्होंने छात्राओं से कहा कि वे मनचलों या छेड़छाड़ करने वालों से घबराएं नहीं बल्कि सतर्क रहकर पुलिस की मदद लें। पुलिस टीमें सिविल ड्रेस में भी निगरानी करेगी ताकि असामाजिक तत्वों को चिह्नित किया जा सके। जागरूक के लिए नादौली और बारा कला भी पहुँचे । इस अवसर पर उपनिरीक्षक महंगू यादव, महिला कांस्टेबल अंतिमा सिंह, आशा, बिंदू, सब्या सिंह, राखी समेत अन्य पुलिस के जवान शामिल रहे ।

### आर एस एस पब्लिक स्कूल का पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी ने किया शुभारंभ

प्रखर अहरौरा मिजार्पुर। क्षेत्र के मदारपुर ग्राम सभा स्थित रोशनहर मार्ग के समीप आर एस एस पब्लिक स्कूल का शुभारंभ मुख्य अतिथि पालिका अध्यक्ष ओमप्रकाश केसरी के हाथों फीता काटकर किया गया। विशिष्ट अतिथि के रूप में युवा किसान नेता विरेंद्र कुमार सिंह उर्फ राजू सिंह महादेव एवं नीरज पांडे उपस्थित रहे अतिथियों का स्वागत प्रधानाचार्य शैलेंद्र श्रीवास्तव ने किया। सर्वप्रथम वैदिक मंत्रोच्चार के बाद प्रधानाचार्य कार्यालय पर फीता काटकर ओमप्रकाश केसरी ने विद्यालय का शुभारंभ किया प्रधानाचार्य शैलेंद्र श्रीवास्तव ने बताया कि क्षेत्र एवं आसपास के लोगों के बीच एकमात्र विद्यालय है जो गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा एवं बच्चों के शारीरिक एवं मानसिक बौद्धिक विकास के लिए समर्पित रहेगा हमारा प्रयास रहेगा कि हर तबके के बच्चों के बीच बेहतर शिक्षा के साथ उनके भविष्य को उज्जवल बनाने का प्रयास किया जाएगा। उपस्थित रहने वालों में आशीष केसरी जितेंद्र अग्रहरी मिथिलेश पांडे उर्फ माखन गुरु, विकास केसरी, रणवीर त्रिपाठी समेत अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# भाजपाइयों ने लगाया क्षेत्राधिकारी पर पार्टी विरोधी होने का आरोप

## विधानसभा सभा के सभी मंडल अध्यक्ष ने सीओ को हटाने के लिए सांसद को दिया पत्रक

प्रखर जौनपुर। भाजपा केराकत विधानसभा के सभी मंडल अध्यक्ष व मछलीशहर भाजपा जिला इकाई के पदाधिकारियों ने केराकत सीओ पर आरोप लगाते हुए सासंद बीपी सरोज को पत्र लिखा है और मांग की है, कहा है कि सीओ को केराकत सर्किल से हटाया जाए। पदाधिकारियों द्वारा लिखा गया पत्र भी सोशल मीडिया में तेजी से वायरल हो रहा है। भाजपाइयों का आरोप है कि केराकत सीओ गौरव शर्मा की कार्यप्रणाली सरकार एवं शासन की मंशा के अनुकूल नहीं है। क्षेत्राधिकारी जनता के प्रति असंवेदनशील हैं, सरकार की जीरो टॉलरेंस नीति के खिलाफ हैं तथा भाजपा के कार्यकताओं के प्रति इनका व्यवहार तथा कार्य निष्पादन का तरीका अपमानजनक है। आरोप लगाया कि सीओ अन्य पार्टी की मानसिकता से युक्त होकर कार्य कर रहे हैं। बतादे कि यह आरोप भाजपा मंडल अध्यक्षों के साथ साथ जिले के किसान मोर्चा के महामंत्री सुदर्शन सिंह, अनुसूचित मोर्चा के महामंत्री अजय सोनकर शास्त्री, केराकत मंडल अध्यक्ष संजय सिंह, मुफ्तीगंज मंडल अध्यक्ष रणजीत सिंह, थानागद्दी मंडल अध्यक्ष रामसमुझ निषाद, डोभी मंडल अध्यक्ष संजय पांडेय, बजरंजनगर मंडल अध्यक्ष संजय सिंह सहित समस्त भाजपा पदाधिकारी ने लिखित में सांसद बीपी सरोज को लिखित में देकर उनके स्थानांतरण की मांग की है। इस मामले में भाजपा मछलीशहर किसान मोर्चा के महामंत्री का कहना है कि क्षेत्राधिकारी द्वारा कार्यकताओं की उपेक्षा की जाती है, और दुर्व्यवहार किया जाता है। सीओ एक अन्य पार्टी की मानसिकता के अनुरूप काम करते हैं, जिससे सरकार की छवि खराब हो रही है और जनता त्रस्त है। अगर उनका स्थानांतरण नही किया गया तो हम लोग इस मामले को मुख्यमंत्री जी तक लेकर जाएंगे।

# युवती द्वारा दो युवकों पर बलात्कार के आरोप में युवकों ने पुलिस विभाग के उच्च अधिकारियों से जांच कराने की मांग की

प्रखर जौनपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत मोहल्ला फिरोषेपुर की एक युवती ने सरायख्वाजा थाना क्षेत्र के पदूमपुर गाँव के राज मौर्या पुत्र विजय मौर्या उर्फ पल्लू और प्रधान पुत्र अंकुल मौर्या पुत्र सुदर्शन मौर्या पर बलात्कार जैसा गंभीर आरोप लगाया गया है। जिसके सम्बन्ध में अंकुल मौर्या व राज मौर्या ने बताया कि जिस युवती ने हम लोगों पर बलात्कार जैसा झूठा आरोप लगाते हुए नगर थाने में तहरीर दिया है। उस युवती को हम लोग जानते तक नहीं है और न ही कहीं उससे हम लोगों की मुलाकात हुई है। युवती द्वारा हम लोगों पर लगाया गया आरोप बिल्कुल निराधार एवं मनगढ़ंत कहानी है। हम लोगों को फर्जी मुकदमें में फसाने की बहुत बड़ी साजिश रची जा रही हैं। बताते चलें कि एक युवती द्वारा नगर थाना कोतवाली में दिए गए । प्रार्थना पत्र में प्रधान पुत्र अंकुल मौर्या एवं राज मौर्या पर गंभीर आरोप लगाया गया है। उक्त मामले में अंकुल मौर्या एवं राज मौर्या ने बताया कि जिस युवती ने हम लोगों पर गंभीर आरोप लगाया है। वह सरासर झूठा आरोप हैं क्योंकि युवती द्वारा दो माह पूर्व जिस तारीख को हम लोगों पर मोहम्मद हसन इंटर कालेज के निकट से स्कार्पियो गाड़ी में बैठा कर किसी सुनसान जगह पर उक्त युवती के साथ बलात्कार की तहरीर देने का झूठा आरोप लगाया गया है। वह बिल्कुल फर्जी और मनगढ़ंत है। जिस दिनांक को उस युवती ने हम लोगों पर बलात्कार करने का आरोप लगाया है, उसके एक दिन पहले ही मैं चेचक रोग से ग्रसित था जिस कारण कई दिनों तक अपने घर से बाहर ही नहीं निकला था । तो उस बेहद गंभीर बिमारी में कब और कैसे आरोप लगाने वाली युवती का बलात्कार किया यह समझ से परे है। और मेरा पड़ोसी युवक राज मौर्या भी अपने घर पर ही उस दिन मौजूद था। वही अंकुल मौर्या ने बताया कि हम लोगों को दिनांक 18/06/2023 की दोपहर कोतवाली थाना की चौकी शकरमण्डी पर बुलाया गया था चौकी पर पहुंचने के बाद चौकी प्रभारी सुनील यादव ने हम लोगों से शाम को थाने पर आने के लिए कहा की शाम को उस युवती को भी थाने पर बुलाया गया है। चौकी दरोगा द्वारा शाम को थाने पर हम लोग जा रहे थे कि शकरमण्डी चौकी पर हम लोगों को बुलाया गया। जब हम लोग वहाँ पहुँचे तो देख रहे हैं कि आरोप लगाने वाली युवती भी वहाँ मौजूद थी जिसके कुछ देर बाद थाने से फोन आता है तो उस युवती को थाने बुलाया जाता है और वहाँ उससे क्या पूछा जाता है हम लोगों को नहीं पता है। कुछ देर बाद हम लोगों को भी थाने बुलाया जाता है तो थाना प्रभारी द्वारा पूछा गया कि इस युवती को कब से और कैसे जानते हो इस पर हम लोगों द्वारा बताया गया कि इस युवती को हम लोग जानते ही नहीं है । तो मिलने का सवाल ही पैदा नहीं होता है। अंकुल मौर्या ने बताया कि थाना प्रभारी से हम लोगों ने कहा हैं कि हम लोगों पर स्कार्पियो गाड़ी में बैठकर सुनसान जगह पर ले जाकर बलात्कार उक्त युवती द्वारा झूठा आरोप लगाया गया है जौनपुर जिले की पुलिस हम लोगों के फोन की लोकेशन और उक्त जगहो की सीसीटीवी फुटेज निकाल ले यदि हम लोगों की घटना क्षेत्र में मौजूदगी दिखाई देती हैं तो हम लोगों को यह झूठा आरोप स्वीकार होगा।

**पुलिस की जांच में क्या खुलेगा राज?**- अब देखने वाली दिलचस्प बात यह होगी की फर्जी मुकदमें में किसी को भी आरोपी बनाने वाली माहिर कोतवाली थाना पुलिस इन दोनों युवकों को भी बलि के बकरें की तरह हलाल करने में जुटती हैं या फिर एक और फर्जी मुकदमें में बेकसूर युवकों के खिलाफ झूठा मुकदमा लिखती है। जो उच्चस्तरीय अधिकारियों द्वारा अत्यंत गंभीरता से जांच का विषय हैं?

बलात्कार के आरोप का जिन दो युवकों पर थाना कोतवाली पुलिस को तहरीर देते हुए आरोप लगाया गया है। उन दोनों युवकों ने मीडिया के सामने अपना पक्ष रखते हुए अपने आपको बेकसूर बताया हैं। वही अंकुल मौर्या ने इस संदर्भ में बताया कि हम लोगों को कोई जानकारी नहीं था कि हम लोगों पर इतना गंभीर आरोप लगा है। जब तहरीर की कापी सोशल मीडिया पर वायरल हुई तो हम लोगों को पता चला कि हम लोगों पर किसी युवती ने बलात्कार का झूठा आरोप लगाया है जिसके सम्बन्ध में हम लोगों द्वारा नगर क्षेत्राधिकारी से मुलाकात कर इस सम्बन्ध में बताया गया कि हम लोगों पर झूठा आरोप लगा कर फर्जी मुकदमें में फसाने की साजिश रची जा रही है जिस पर क्षेत्राधिकारी द्वारा जांच का आश्वासन दिया गया। इस प्रकरण में अंकुल मौर्या ने बताया हैं कि राज मौर्या के परिवार की आर्थिक स्थिति बेहद खराब हैं उसकी बहन के साथ उसके ससुर द्वारा जो घिनौना कृत्य किया गया है उससे उसके परिवार वाले उसके ससुर के खिलाफ थाने पर तहरीर दिए थे लेकिन थाना पुलिस द्वारा उसके परिवार वालो की कोई मदद व सहायता नहीं की गई।राज मौर्या के परिजन अपने परिवार की बेटी के साथ हुए कृत्य को लेकर मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने का चक्कर काट काटकर थक गए । लेकिन थाना पुलिस के कानों में जू तक नहीं रेंगी। तब मुझे गाँव की बहन को इंसाफ दिलाने के लिए सामने आना पड़ा जिसके फलस्वरूप दिवानी न्यायालय से 156/3 के तहत मुकदमा दर्ज कराना पड़ा।जिसे लेकर आए दिन सुलह समझौते के लिए बराबर मुझ पर दबाव बनाया जा रहा था। जिस बात के लिए हम लोग तैयार नहीं हुए तो एक ऐसी मुस्लिम युवती को मोहरा बनाते हुए बालत्कार जैसे गंभीर झूठा आरोप लगाते हुए नगर थाना कोतवाली में हम दोनों के खिलाफ तहरीर दिलाई गई है।

**आरोप लगे दोनो युवकों ने मीडिया को क्या दिया जवाब**- अंकुल मौर्या ने मीडिया के माध्यम से जौनपुर जिले के तेज तर्रार पुलिस अधीक्षक अजय पाल शर्मा से निवेदन किया है कि यदि हम लोगों पर युवती द्वारा लगाए गए झूठे आरोप को थाना पुलिस बेहद ईमानदारी से हम सभी के मोबाइल फोन की उस दिन की सीडीआर लोकेशन की जांच करें तो हम लोगों पर उक्त युवती द्वारा लगाये गए आरोप का दूध का दूध पानी का पानी हो जाएगा।

## संक्षिप्त खबरें

### राज्य सब जूनियर व जूनियर वुशु में वाराणसी को 1 स्वर्ण 3 रजत व 1 कांस्य पदक




प्रखर पूर्वांचल वाराणसी। उत्तर प्रदेश वुशु एसोसिएशन द्वारा स्माल स्केल खेलो इंडिया सेंटर,गॉडविन पब्लिक स्कूल मेरठ में 15 जून से चल रही 22वी यू.पी. स्टेट जूनियर एवं 23 वी यू.पी. स्टेट सब-जूनियर वुशु प्रतियोगिता का रविवार को समापन हुआ। समापन समारोह के मुख्य अतिथि वुशु एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह बाजवा रहे। वाराणसी के खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन करते हुए अंडर 17 में श्रीप्रकाश सेठ ने 60 कि०ग्रा० भार वर्ग में रजत पदक जीता तो अंडर 14 में सौम्या पाल ने 45 कि०ग्रा० भार वर्ग में स्वर्ण पदक एवं चाहत तिवारी ने 48 कि०ग्रा० भार वर्ग में कांस्य पदक जीता। वही अंडर 12 में 24 कि०ग्रा० भार वर्ग में आराध्या गुप्ता ने एवं 33 कि०ग्रा० भार वर्ग में परिचित क्षेत्री ने रजत पदक जीता। टीम कोच विजय गौड़ एवं टीम मैनेजर देवी पुन रही। उक्त जानकारी प्रेस विज्ञप्ति द्वारा जिला वुशु संघ के सचिव गोपाल जी सेठ ने दी।

### संत अतुलानंद कॉन्वेंट स्कूल के कोइराजपुर परिसर में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की धूम



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर संत अतुलानन्द कॉनवेंट स्कूल कोइराजपुर हरहुआ वाराणसी के अन्तर्गत प्रतिवर्ष इस प्राचीन भारतीय कला को एक अनुष्ठान के रूप में मनाने की परंपरा रही है` संस्था की प्रधानाचार्या डॉ नीलम सिंह ने अत्यंत हर्ष के साथ सूचित किया है कि इस वर्ष इस विशेष कार्यक्रम में वाराणसी सहोदया के कुल 30 से भी अधिक विद्यालयों के प्रधानाचार्य ,शिक्षक एवम् उनके बच्चे प्रतिभाग कर रहे हैं जिसके लिये विद्यालय परिसर में प्रातः काल लगातार योग अभ्यास चल रहा है जिसमें प्रत्येक विद्यार्थी की सक्रिय सहभागिता है` संस्था सचिव राहुल सिंह एवं निदेशिका डॉ वंदना सिंह योग के नियमित अभ्यास एवं इस विशेष अवसर पर उपस्थित होने वाले वाराणसी के सभी प्रतिष्ठित विद्यालयों की सहभागिता हेतु अति उत्साहित एवं आह्लादित हैं` सहोदया विद्यालयों के प्रधानाचार्यों में मुकेश सहलत ( डी.पी. एस. वाराणसी), रंजन रॉय (दयावती मोदी एकेडमी वाराणसी) इत्यादि के साथ अन्य सभी प्रतिष्ठित विद्यालयों के प्रधानाचार्य का विशेष सहयोग प्राप्त हुआ है इस पूरे आयोजन में मीडिया पार्टनर आई- नेक्स्ट विशेष सहयोगी के रूप में उपस्थित रहेंगे।

### पीएम मोदी के मन की बात सुनी गई



प्रखर रामनगर वाराणसी। संत विनोबा बंगाली भाई पैलेस में बूथ संख्या 397 भारतीय जनता पार्टी के मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह के नेतृत्व में मंडल के बूथों पर कार्यकताओं के साथ देश के प्रधानमंत्री आदरणीय श्री नरेंद्र मोदी जी के मन की बात सुनी गई। जिसमें प्रमुख रूप से मंडल अध्यक्ष अजय प्रताप सिंह नंदलाल चौहान डॉ अनुपम गुप्ता सर्वेंद्र विक्रम सिंह धर्मेश्वर सिंह अशोक जैसवाल विवेकानंद सिंह सुनील श्रीवास्तव राजेंद्र शंकर पटेल संजय बाल्मीकि विवेक सिंह अविनाश सिंह देवेंद्र प्रताप सिंह राजकुमार सिंह विनोद पटेल रितेश पाल लल्लन सोनकर मनोज यादवअर्जुन शर्मा सूचित पाठक अंकित राय निक्की सिंह दुर्गा साहनी अशोक जायसवाल विशाल आनंद प्रीति सिंह आशीष चौहान राहुल कुमार रमेश साहनी कंचन निषाद सुनील गुप्ता अभिषेक कुमार सिंह पटेल भैया लाल सोनकर नरसिंह मौर्य पंकज बारी प्रमुख रूप से रहे।

### कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने सुन्दरकाण्ड का पाठ कर और मण्डलीय हॉस्पिटल कबीरचौरा में मरीजों के बीच फल का वितरण कर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



प्रखर पूर्वान्चल वाराणसी। अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी का जन्मदिन महानगर कांग्रेस कमेटी के तत्वावधान में मैदागिन कांग्रेस कार्यालय पर सुन्दरकाण्ड का पाठ कर व उसके उपरांत मण्डलीय हॉस्पिटल कबीरचौरा में मरीजो व उनके तीमारदारों के बीच फल का वितरण कर मनाया गया पाठ के उपरान्त कार्यकतावों व आम नागरिकों के बीच प्रसाद व फल वितरण कर राहुल गांधी के यशस्वी व दीधार्यु जीवन की सभी ने कामना की` कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल प्रांतीय अध्यक्ष श्री अजय राय ने मीडिया से मुखातिब होते हुए कहा कि देश मे गरीब कमजोर, व मध्यवर्गीय जनमानस की मजबूत आवाज राहुल गांधी के जन्मदिन के अवसर पर हम सब बाबा विश्वनाथ जी व संकटमोचन हनुमानजी से यह कामना करते हैं कि से राहुल गांधी को आशिर्वाद प्रदान करे,ताकि वो पूरे मनोयोग से गरीबों व आम जन मानस की बेहतरी के लिए कार्य कर सके व उनकी अगुवाई में हिन्दुस्तान का परचम पूरे विश्व मे मजबूती के साथ फहराए कार्यक्रम का सयोजन महानगर अध्यक्ष राघवेन्द्र चौबे ने किया इस अवसर पर अजय राय, राघवेन्द्र चौबे,राजेश्वर सिंह पटेल, प्रजानाथ शर्मा,दुर्गा प्रसाद गुप्ता, डॉ राजेश गुप्ता,अजय सिंह शिवजी,फसाहत हुसैन बाबू, राजीव राम, पंकज चौबे,राम स्नेही पाण्डेय,शशिकला भारती, सफक रिजवी,अनीसुर्रहमान, अब्दुल हमीद डोडे, मोनाजिर मंजू,प्रमोद वर्मा,पारस नाथ यादव, विनय जायसवाल, किशन यादव,आयुष तिवारी, रामजी गुप्ता, कृष्णा गौड़ विनोद गौड़, विकास पाण्डेय, इलियास अहमद समेत काफी सख्या में कांग्रेस जन उपस्थित रहे।

## 12 किलो वजनी 'बाहुबली' समोसा

मेरठ (उप्र) (भाषा)। अपनी रेवड़ी और गजक के लिए मशहूर मेरठ अब अपने 'बाहुबली' समोसे को लेकर लोगों का ध्यान आकर्षित कर रहा है। आलू, मटर, मसाले, पनीर और सूखे मेवों से तैयार नमकीन भरवां मिश्रण से बना 12 किलोग्राम वजनी यह समोसा इन दिनों सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय है। इसे 30 मिनट में खाने वाले को 71,000 रुपए का इनाम दिए जाने की घोषणा की गई है।



लालकुर्ती स्थित कौशल स्वीट्स के तीसरी पीढ़ी के मालिक शुभम कौशल ने कहा कि वह समोसे को आकर्षण का केंद्र बनाने के लिए कुछ अलग करना चाहते थे और इसलिए उनके मन में 12 किलोग्राम का बाहुबली समोसा तैयार करने का विचार आया। कौशल ने कहा कि लोग अपने जन्मदिन पर पारंपरिक केक के बजाय 'बाहुबली' समोसा काटते हैं। उन्होंने कहा कि 30 मिनट में इसे पूरा खाने पर 71,000 रुपए के इनाम की घोषणा भी की गई है। इस समोसे को तैयार करने में कौशल के बावर्चियों को करीब छह घंटे का समय लगता है।

■ 30 मिनट में खाइए, 71,000 रुपए जीतिए

कौशल ने बताया कि कड़ाही में समोसा सिर्फ तलने में डेढ़ घंटा लगता है और इस काम में तीन बावर्चियों की मेहनत लगती है। उन्होंने कहा, हमारे बाहुबली समोसे ने सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर और फूड ब्लॉगर का भी ध्यान खींचा। स्थानीय लोगों के अलावा देश के अन्य हिस्सों के लोग भी इस समोसे के बारे में हमसे पूछते हैं।

उन्होंने बताया कि इस समोसे के लिए पहले से बुकिंग करानी पड़ती है।

कौशल ने कहा, मैं समोसे को खबरों में लाने के लिए कुछ अलग करना चाहता था। हमने 'बाहुबली' समोसा बनाने का फैसला किया। हमने चार किलोग्राम का समोसा और फिर आठ किलोग्राम का समोसा बनाकर शुरुआत की। इसके बाद हमने पिछले साल 12 किलोग्राम का समोसा तैयार किया। उन्होंने कहा कि 12 किलोग्राम वजनी समोसे की कीमत करीब 1,500 रुपए है। शुभम ने दावा कि उन्हें अभी तक अपने बाहुबली समोसे के लिए करीब 40-50 ऑर्डर मिल चुके हैं। उन्होंने दावा किया कि यह देश का सबसे बड़ा समोसा है।

## ब्रिटिश संसद में करण जौहर होंगे सम्मानित

मुंबई (वार्ता)। बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार करण जौहर को 20 जून को ब्रिटिश संसद में सम्मानित किया जाएगा। करण जौहर को वैश्विक स्तर पर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अमूल्य योगदान देने के लिए 20 जून 2023 को ब्रिटिश संसद में सम्मानित किया जाएगा। इस कार्यक्रम का आयोजन पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में होगा, जो यूनाइटेड किंगडम की संसद के दोनों सदन हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स दोनों के लिए बैठक स्थल के रूप में कार्य करता है।

करण जौहर का यूनाइटेड किंगडम के साथ एक स्पेशल रिलेशन है उनकी



फिल्में यहां बेहद पसंद की जाती हैं। 'कुछ कुछ होता है', 'कभी खुशी कभी गम', और 'ऐ दिल है मुश्किल' जैसी फिल्मों को यहां के दर्शकों ने अपना बेशुमार प्यार दिया है। वहीं 'कभी खुशी कभी गम' और 'माई नेम इज खान' ने यूके के बॉक्सऑफिस पर बंपर कमाई की है और नए रिकॉर्ड अपने नाम किए हैं।

न्यूरो वैज्ञानिक ने समझाया

## कैसे जीन और आहार देते हैं स्वाद को आकार

■ एन ऑर्बर, (द कन्वरसेशन)।

कभी आपने गौर किया है कि क्यों हमिंगबर्ड ही फूलों का रस चूसती है? गौरैया, फिंचस और अधिकतर अन्य पक्षियों से अलग हमिंगबर्ड ही मधुरता का स्वाद ले सकती है क्योंकि उनकी आनुवांशिकी शर्करा अणुओं की पहचान करने के लिए जरूरी निर्देश देती है।



हमिंगबर्ड की तरह हम मानव भी शर्करा को महसूस कर सकते हैं क्योंकि हमारे डीएनए में अणुओं का पता लगाने का जीन अनुक्रमण कूट है जिसकी मदद से हम मिठास की पहचान कर पाते हैं। लेकिन यह उससे कहीं जटिल है। हमारी मिठास को महसूस करने की क्षमता के साथ-साथ अन्य स्वादों की पहचान करने में आनुवांशिकी बनावट और गर्भ में रहने से लेकर खाने की मेज पर रात्रि भोजन में मौजूद खाद्य पदार्थों की अहम भूमिका होती है।

तंत्रिकातंत्र वैज्ञानिक (न्यूरोसाइंटिस्ट) यह समझने के लिए काम कर रहे हैं कि जीन और आहार के स्वाद के बीच यह जटिल परस्पर क्रिया कैसे होती है। मिशिगन विश्वविद्यालय में स्थित प्रयोगशाला में, एक विशिष्ट पहलू में गहराई से अनुसंधान हो रहा है कि कैसे बहुत अधिक शक्कर का सेवन करने से मिठास की भावना कम हो जाती है। स्वाद हमारे खाने की आदतों के केंद्र में है ऐसे में यह समझना कि जीन और पर्यावरण कैसे आकार लेते हैं, पोषण, खाद्य विज्ञान और रोग की रोकथाम के लिए महत्वपूर्ण हैं।

**स्वाद का अनुभव करने में जीन की भूमिका** : हमिंगबर्ड्स की तरह, भोजन के स्वाद को अनुभव करने की मानव की क्षमता स्वाद रिसेप्टर्स की उपस्थिति पर निर्भर करती है। ये अणुओं की पहचान करने वाले तत्व संवेदी कोशिकाओं पर पाए जाते हैं, जो जीभ की सतह पर संवेदी अंगों, स्वाद कलियों (टेस्ट बड) के अंदर स्थित होते हैं।

**स्वाद रिसेप्टर्स और भोजन अणुओं के बीच संवाद पांच मूल स्वाद गुणों को जन्म देता है** : मिठास, तीखापन, कड़वाहट, नमकीन और खट्टापन, जो विशिष्ट तंत्रिकाओं के माध्यम से मुंह से मस्तिष्क तक प्रेषित होते हैं।

उदाहरण के लिए, जब चीनी शर्करा रिसेप्टर से जुड़ती है, तो यह मिठास का संकेत देती है। दूसरों के ऊपर कुछ खाद्य पदार्थों के स्वाद के लिए हमारी सहज प्राथमिकता इस बात में निहित है कि हमारे विकासवादी इतिहास के दौरान जीभ और मस्तिष्क के संपर्क कैसे जुड़े।

नमक और चीनी जैसे आवश्यक पोषक तत्वों और ऊर्जा की उपस्थिति का संकेत देने वाले स्वाद गुण, मस्तिष्क के उस हिस्से को सूचना भेजते हैं जो आनंद की अनुभूति करने के लिए जिम्मेदार हैं। इसके विपरीत, स्वाद जो हमें संभावित हानिकारक पदार्थों के प्रति सचेत करते हैं, जैसे कि कुछ विषाक्त पदार्थों की कड़वाहट, उस हिस्से से जुड़े होते हैं जो हमें असुविधा या दर्द महसूस कराते हैं।

जबकि हमारे डीएनए में कार्यात्मक स्वाद रिसेप्टर्स के लिए जीन कूट संदेश की उपस्थिति हमें खाद्य अणुओं का पता लगाने में सक्षम बनाती है, हम इन पर कैसे प्रतिक्रिया करते हैं, यह हमारे द्वारा ले जाने वाले स्वाद जीन के विशेष संयोजन पर भी निर्भर करता है। आइसक्रीम की तरह, स्वाद रिसेप्टर्स सहित जीन, विभिन्न स्वादों में आते हैं।

■ न्यूरोसाइंटिस्ट यह समझने के लिए काम कर रहे हैं कि जीन और आहार के स्वाद के बीच यह जटिल परस्पर क्रिया कैसे होती है

■ मिशिगन विश्वविद्यालय में स्थित प्रयोगशाला में एक विशिष्ट पहलू में गहराई से अनुसंधान हो रहा है कि कैसे बहुत अधिक शक्कर का सेवन करने से मिठास की भावना कम हो जाती है

उदाहरण के लिए कड़वाहट अनुभव करने के लिए जिम्मेदार स्वाद रिसेप्टर्स को टीएएस2आर38 कहते हैं। वैज्ञानिकों ने पाया कि अलग-अलग लोगों में टीएएस2आर38 जीन के आनुवांशिकी कोड में मामूली अंतर होता है। यह आनुवांशिकी अंतर निर्धारित करता है कि व्यक्ति सब्जियों, बेरी और शराब की कड़वाहट को कैसे अनुभव करता है। फॉलोअप अध्ययनों ने आनुवांशिकी कोड में अंतर और भोजन की पसंद में संबंध का संकेत दिया है खासतौर पर सब्जी और शराब के सेवन के संबंध में। हमारे जीन भंडार में कहीं अधिक विविधता मौजूद है जिनमें मीठे के स्वाद रिसेप्टर भी शामिल हैं। हालांकि, अब भी इस तथ्य का पता लगाने के लिए अध्ययन किया जा रहा है कि क्या और कैसे ये आनुवांशिक अंतर हमारे स्वाद और खाने की आदतों को प्रभावित करते हैं। एक बात निश्चित है कि जहां आनुवांशिकी स्वाद संवेदनाओं और वरीयताओं के लिए आधार तैयार करती है, वहीं भोजन के अनुभव उन्हें गहराई से नया आकार दे सकते हैं।

## जीवन के लिए जरूरी एक तत्व शनि के चंद्रमा पर खोजा गया

मिल्टन केन्स (द कन्वरसेशन)। 'एन्सेलाडस' शनि ग्रह का एक छोटा चंद्रमा है, ऐसा जान पड़ता है कि इसके पास जीवन के लिए आवश्यक एक तत्व भी मौजूद है। इसकी बर्फीली सतह जटिल रूप से चल रही भूगर्भीय प्रक्रियाओं द्वारा तराशी गई है। इसके बर्फीले खोल के नीचे एक तरल महासागर है, जहां, रसायन युक्त गर्म पानी समुद्र के तल पर चट्टानी कोर से रिसता है और जो संभावित रूप से सूक्ष्मजीवों के जीवन के लिए पोषण प्रदान करता है। पत्रिका 'नेचर' में प्रकाशित एक नए अध्ययन में इससे जुड़े और सबूत सामने आए हैं। पहला प्रमाण ये है कि 'एन्सेलाडस' के महासागर में फॉस्फोरस है, जो जीवन के लिए आवश्यक तत्व है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी 'नासा' और यूरोपीय अंतरिक्ष एजेंसी (ईएसए) द्वारा वर्ष 2004-17 में शनि की कक्षा में संचालित 'कैसिनी' अंतरिक्ष यान को दरारों से बर्फ के कणों के गुच्छे निकलते हुए मिले। इन गुच्छों से 'एन्सेलाडस' के आंतरिक महासागर के नमूने मिले, जिन्हें कैसिनी द्वारा विश्लेषण के लिए एकत्र किया गया था। यह ऐसा कार्य रहा, जिसका अभियान के दौरान अनुमान भी नहीं लगाया गया था। बर्फ के गुच्छों के माध्यम से विश्लेषण किए गए कणों ने प्रदर्शित किया कि बर्फ में सरल कार्बनिक अणुओं के साथ-साथ आणविक हाइड्रोजन और सिलिका के छोटे कणों की मौजूदगी है।

### छूटी कड़ी

पृथ्वी पर जीवन के लिए छह आवश्यक तत्वों कार्बन, हाइड्रोजन, नाइट्रोजन, ऑक्सीजन, फॉस्फोरस और सल्फर की आवश्यकता होती है। इन छह आवश्यक तत्वों में से पांच कई साल पहले 'एन्सेलाडस' के नमूनों में पाए गए थे, लेकिन फॉस्फोरस कभी नहीं मिला था। फॉस्फोरस एक महत्वपूर्ण घटक है, क्योंकि फॉस्फेट समूहों (फॉस्फोरस और ऑक्सीजन) के लिए इसकी आवश्यकता होती है, जो डीएनए और आरएनए जैसे न्यूक्लिक एसिड की लंबी श्रृंखलाओं को जोड़ते हैं और जो आनुवंशिक जानकारी संग्रहित करते हैं।

## लाल जोड़े में बेहद खूबसूरत दिखीं द्रिशा आचार्य, जमकर नाचे धर्मेंद्र





मुंबई (आईएएनएस)। एक्टर करण देओल और उनकी मंगेतर द्रिशा आचार्य की शादी की फोटो सामने आ गई है। दोनों ताज लैंड्स एंड में शादी कर रहे हैं। करण ने क्रीम शेरवानी पहनी हुई है, वहीं द्रिशा ने लाल लहंगा पहना है। उन्होंने अपने ब्राइडल लुक को बड़े मांगटीका और एक नेकलेस के साथ पूरा किया है। सामने आई तस्वीरों में कपल को मंडप में बैठे देखा जा सकता है। इन तस्वीरों के अलावा, बारात की कई फोटोज सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। इनमें सनी देओल और दादा धर्मेंद्र भी नजर आ रहे हैं। करण ने 2019 में आई फिल्म पल पल दिल के पास से बॉलीवुड में डेब्यू किया था। बाद में उन्हें वेले में देखा गया और जल्द ही अपने 2 में देखा जाएगा। करण देओल की बारात में जमकर नाचे धर्मेंद्र, लाल पगड़ी पहन बहूरानी को घर लाने पहुंचे सनी देओल।

## निर्माताओं का दावा 'आदिपुरुष' ने दो दिन में 240 करोड़ कमाए

मुंबई (भाषा)। फिल्म 'आदिपुरुष' ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 240 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म के निर्माताओं ने रविवार को यह दावा किया। फिल्म निर्माण कंपनी टी-सीरीज ने बताया कि ओम राउत द्वारा निर्देशित फिल्म 'आदिपुरुष' ने रिलीज के दूसरे दिन 100 करोड़ रुपए कमाए। कंपनी ने ट्विटर पर जारी एक बयान में कहा, आदिपुरुष, दुनिया भर में दर्शकों का दिल जीत रही है, पहले दिन फिल्म ने 140 करोड़ रुपए की बंपर ओपनिंग की थी और दूसरे दिन फिल्म ने दुनिया भर के बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ रुपए कमाए। दो दिनों में फिल्म ने कुल 240 करोड़ रुपए की कमाई की है। फिल्म में प्रभास भगवान श्रीराम, कृति सैनॉन माता सीता और सैफ अली खान लंकापति रावण के किरदार में हैं। भूषण कुमार द्वारा निर्मित इस फिल्म के संवाद को लेकर सोशल मीडिया पर आलोचना के बाद फिल्म के संवाद लेखक मनोज मुंतशिर शुक्ला ने रविवार को एक बयान जारी कर कहा कि निर्माताओं ने कुछ संवादों को संशोधित करने का फैसला किया है और इस सप्ताह तक फिल्म में संशोधित पंक्तियां जोड़ दी जाएंगी।

## बच्चों को पढ़ाई के लिए विदेश भेजने से पहले इन चीजों का रखें ध्यान



■ नई दिल्ली (आईएएनएस)।

कनाडा से अपने बेटे के निर्वासन का सामना करने की खबर पर मां सरबजीत कौर ने कहा, मेरा आपसे अनुरोध है कि कृपया हमारे बच्चे को कनाडा में रहने दें। उसकी कोई गलती नहीं है। कनाडा में 700 से अधिक छात्र फर्जी प्रवेश पत्र रैकेट में फंस गए और उनके माता पिता मानसिक पीड़ा से गुजर रहे हैं, जिन्होंने अपनी जीवन भर की जमा-पूंजी अपने बच्चों के उज्ज्वल भविष्य के लिए लगा दी। भारत के माता-पिता और छात्र, जो यूके, यूएस और कनाडा को पसंदीदा शैक्षिक स्थलों के रूप में चुनते हैं, अक्सर धोखाधड़ी वाले वीजा एजेंटों का शिकार हो जाते हैं। एजेंटो का एकमात्र उद्देश्य पैसा निकलवाना है। सरबजीत और उनके माता-पिता ने एजेंट पर नकली प्रवेश पत्रों के साथ उन्हें ठगने का आरोप लगाया।

आव्रजन विशेषज्ञों के अनुसार, वीजा धोखाधड़ी छात्र के रिकॉर्ड में चला जाता है जिससे वे भविष्य में किसी भी वीजा के लिए अपात्र हो जाते हैं। वे कहते हैं कि सबसे अच्छा तरीका कॉलेज की वेबसाइट पर सीधे आवेदन कर अपनी स्वयं की आवेदन प्रक्रिया को आगे बढ़ाना है जहां सभी नियम और वीजा शुल्क स्पष्ट रूप से बताए गए हैं। अगर एजेंट के माध्यम से जाना चाहते हैं तो उसकी साख के बारे में जांचने, सत्यापित करने और पूछने की जरूरत है, वे इस व्यवसाय में कितने समय से हैं, उनके द्वारा संसाधित किए गए सफल मामलों की संख्या क्या है। दूतावास और/या कॉलेज में नकली अकादमिक या बैंक दस्तावेज जमा करना और छात्रों को गैर-मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालयों में भेजना, नकली एजेंटों द्वारा की जाने वाली धोखाधड़ी के कुछ सामान्य उदाहरण हैं।

### एक नकली एजेंट कैसा होता है

**अकादमिक प्रश्न -** सलाहकार वाई-एक्सिस के अनुसार, यदि आपका एजेंट सैट-जीपीए के बारे में बात करने के बजाय विदेश में आपके भविष्य की एक अच्छी तस्वीर बनाता है, तो पूरी संभावना है कि आप एक नकली एजेंट के चक्कर में पड़ गए हैं। उसे मान्यता, पाठ्यक्रम क्रेडिट, शैक्षणिक कैलेंडर, व्यावहारिक प्रशिक्षण के अवसर जैसी चीजें बताने के लिए कहें।

**बड़े-बड़े दावे -** फर्जी वीजा एजेंट आपको ग्रेजुएशन पर तीन साल के वर्क परमिट का आश्वासन देते हैं, जो आपको उचित समय पर स्थायी निवास के लिए आवेदन करते हुए कनाडा में रहने और काम करने देता है। वे छात्रों को यह कहकर भी गुमराह करते हैं कि वे विदेश में एक स्थापित अध्ययन सलाहकार/एजेंट के प्रतिनिधि हैं।

**बातूनी एजेंट -** सलवान मीडिया वेंचर्स के फाउंडर हरजीव सिंह के मुताबिक, अगर एजेंट सुनता नहीं है और बातें ज्यादा करता है तो इसका मतलब कि उसका मकसद पैसा बनाना है।

### माता-पिता करें चेक

- छात्र जिस विश्वविद्यालय/कॉलेज में आवेदन कर रहा है, वह वैध है
- छात्र जिस पाठ्यक्रम के लिए आवेदन कर रहा है उसकी वैधता या मान्यता
- कोर्स पूरा होने पर वैध वीजा डिग्री
- दस्तावेजों को ठीक से संभालना
- एजेंटों पर आंख बंद कर भरोसा करने के बजाय दस्तावेजों का खुद से सत्यापन करना

## विदेश भेजी जा रही विषय आधारित दुर्गा मूर्तियां

कोलकाता (भाषा)। हर साल मां दुर्गा की कई मूर्तियां कोलकाता से विदेश भेजी जातीं हैं लेकिन इस साल विदेश भेजने के लिए तैयार कम से कम दो मूर्तियां पारंपरिक नहीं बल्कि विषय आधारित हैं। पश्चिम बंगाल में कई पूजा आयोजक एक 'विषय' चुनते हैं जो आम तौर पर समकालीन होता है और उनके पंडाल, मूर्तियां और प्रकाश व्यवस्था इस विषय को उभारते हैं। इस साल त्योहारी मौसम के लिए फाइबरग्लास की मूर्ति अमेरिका ले जाए जाने के लिए तैयार है, हालांकि दुबई भेजी जाने वाली मूर्ति में कुछ समय लगेगा क्योंकि इसे पूरा किया जाना बाकी है। बाकी, लगभग 100 की संख्या में मूर्तियां पूर्वी महानगर से यूरोपीय देशों, अमेरिका और जापान सहित दुनिया भर के विभिन्न स्थानों पर भेजी जाएंगी और इनकी शैली पारंपरिक है।



मूर्तिकारों ने कहा कि मूर्तियों को तैयार करते समय वे पारंपरिक शैली से विचलित नहीं हुए हैं क्योंकि बंगाली प्रवासी समुदाय से जुड़े आयोजक पारंपरिक रूप को तरजीह देते हैं। न्यूजर्सी में बेहाला इलाके में पूजा आयोजक 'उत्सव इंक.' के लिए 'वसुंधरा' (धरती माता) विषय को निष्पादित करने वाले प्रसिद्ध मूर्तिकार भावतोष सुतार ने कहा कि वह फाइबरग्लास से पिछले छह महीने से एक ऐसी मूर्ति तैयार कर रहे हैं, जो बैठी हुई स्थिति में है। सुतार ने कहा, मेरी जानकारी में यह पहली बार है जब किसी विषय पर आधारित मूर्ति को देश के बाहर भेजा जा रहा है। उन्होंने दावा किया, मैंने पारंपरिक मूर्तियों को बनाने में कभी दिलचस्पी नहीं दिखाई, जो कि बंगाल के बाहर रहने वाले लोगों द्वारा आयोजित पूजा में आदर्श पसंद है और वे प्रयोग नहीं करना चाहते थे। उत्तरी कोलकाता के कुमारतुली में मूर्ति निर्माण की प्रक्रिया में लगे कलाकार कौशिक घोष ने कहा कि उन्हें विदेशों से 37 सामुदायिक दुर्गा पूजा के लिए ऑर्डर मिले हैं, जिनमें एक दुबई से भी शामिल है।

## कंगना ने किया इरफान को याद, शेयर की फोटो

■ मुंबई (आईएएनएस)।



एक्ट्रेस-फिल्ममेकर कंगना रनौत ने दिवंगत अभिनेता इरफान खान को याद किया और सोशल मीडिया पर उनके साथ ली हुई एक तस्वीर साझा की। कंगना ने इंस्टाग्राम स्टोरी पर दिवंगत स्टार के साथ एक थ्रोबैक फोटो शेयर की और लिखा, हम आज फिल्म में टीकू और शेरू का किरदार निभा रहे होते और इसके रिलीज के करीब होते। एक अभिनेता के रूप में मैं इरफान साहब को बहुत याद कर रही हूं। अपने प्रोडक्शन टीकू वेड्स शेरू के ट्रेलर लॉन्च के दौरान, कंगना ने साझा किया था कि फिल्म का नाम पहले डिवाइन लवर्स रखा गया था और वह इसे दिवंगत स्टार के साथ करने वाली थीं।

उन्होंने फिल्म की देरी के बारे में भी बताया। उन्होंने साझा किया कि निर्देशक साई कबीर श्रीवास्तव तीन से चार साल से बीमार थे, जिससे फिल्म को बनने में समय लगा। जब निर्देशक काम पर लौटे तो 2020 में इरफान खान का निधन हो गया। टीकू वेड्स शेरू दो ऐसे किरदारों की कहानी है, जो बॉलीवुड में कुछ बड़ा करना चाहते हैं। यह फिल्म उन लोगों के लिए है, जो सपनों की नगरी मुंबई आते हैं और एक्टर बनने का सपना देखते हैं। टीकू वेड्स शेरू 23 जून को प्राइम वीडियो पर रिलीज होने के लिए पूरी तरह से तैयार है।

# पतंजलि फूड्स की अगले पांच साल में 1,500 करोड़ निवेश की योजना

## कंपनी के सीईओ संजीव अस्थानी ने दी जानकारी

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पतंजलि फूड्स लिमिटेड की अगले पांच साल में 1,500 करोड़ रुपये के निवेश की योजना है। कंपनी के मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) संजीव अस्थाना ने यह जानकारी देते हुए कहा कि इसमें से ज्यादातर निवेश पाम तेल कारोबार पर किया जाएगा। कंपनी अपनी उत्पाद पेशकश और वितरण पहुंच का विस्तार कर रही है। कंपनी (पूर्व में रुचि सोया) का अगले पांच साल में 45,000-50,000 करोड़ रुपये के कारोबार का लक्ष्य है। अस्थाना ने कहा, 'हमारा अनुमान है कि अगले पांच साल में हम लगभग 1,200 करोड़ से 1,500 करोड़ रुपये का पूंजीगत व्यय करेंगे। अधिकांश निवेश चौथे और पांचवें साल में होगा।'

- कंपनी ज्यादातर निवेश पाम तेल कारोबार पर करेगी

### कंपनी का ओडिशा, छत्तीसगढ़ और गुजरात की ओर रुख

अब हम तेलंगाना और कर्नाटक में बड़े स्तर पर जा रहे है। इसके अलावा हम अन्य राज्यों ओड़िशा, छत्तीसगढ़ और गुजरात में भी पहुंच रहे हैं। हम एक काफी बड़ा अभियान चला रहे हैं। कारोबार के लक्ष्य के बारे में पूछे जाने पर उन्होंने कहा, 'अभी यह 31,000 करोड़ रुपये से अधिक है और अगले पांच साल में इसके 45,000 करोड़ से 50,000 करोड़ रुपये के बीच रहने की उम्मीद है।'





**कंपनी के पास 64 हजार हेक्टेयर जमीन:** इस सवाल पर कि यह निवेश कहां किया जाएगा, अस्थाना ने कहा, 'इसका बड़ा हिस्सा पाम तेल कारोबार पर होगा।' पाम तेल की खेती पर अस्थाना ने कहा, 'हमारे पास लगभग 64,000 हेक्टेयर जमीन है। हमारे पास पहले से ही एक बड़ा कारोबार है।

### पाम तेल पर राष्ट्रीय मिशन पांच राज्यों में

हमने खाद्य तेल-पाम तेल पर राष्ट्रीय मिशन के तहत पूर्वोत्तर के पांच राज्यों...असम, अरुणाचल प्रदेश, मिजोरम, त्रिपुरा और नगालैंड में पांच लाख हेक्टेयर पर पाम की खेती और करने की प्रतिबद्धता जताई है। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत में हम आंध्र प्रदेश में पहले से बड़े स्तर पर मौजूद हैं।

### ड्राई फ्रूट्स में प्रीमियम क्वालिटी

कंपनी को भरोसा है कि कि 'न्यूट्रास्यूटिकल्स', हेल्थ बिस्कुट, न्यूट्रेला बाजरा-आधारित अनाज और ड्राई फ्रूट्स में प्रीमियम के जरिये उसे अगले पांच साल के लक्ष्य को हासिल करने में मदद मिलेगी।

### न्यूट्रेला ब्रांड का बढ़ेगा दायरा

अस्थाना ने कहा कि कंपनी के न्यूट्रेला ब्रांड का दायरा बढ़ रहा है। बिस्कुट कारोबार पर उन्होंने कहा कि कंपनी ने इसमें 1,200 करोड़ रुपये का राजस्व कमाया है। 'इस साल हमारा बिस्कुट कारोबार को 1,500 करोड़ रुपये से अधिक पर पहुंचाने का इरादा है।'

## सितंबर तक प्राधिकण इस तरह की योजना ला पाएगा

# पीएफआरडीए की एक व्यवस्थित निकासी योजना लाने की तैयारी

**60 साल की आयु पूरी होने पर एकमुश्त राशि निकालने की सुविधा मिलेगी**


एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली

पेंशन कोष नियामक एवं विकास प्राधिकरण (पीएफआरडीए) एक व्यवस्थित निकासी योजना लाने की तैयारी कर रहा है। इसके तहत पेंशन खाताधारकों को 60 साल की आयु पूरी होने पर एकमुश्त राशि निकालने की सुविधा मिलेगी। पीएफआरडीए के चेयरमैन दीपक मोहंती ने यह जानकारी दी।

मोहंती ने कहा, 'यह काफी अग्रिम चरण में है। उम्मीद है कि अगली तिमाही के अंत यानी सितंबर तक हम इस तरह की योजना ला पाएंगे।' अभी राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस) के सदस्य 60 वर्ष की आयु के बाद सेवानिवृत्ति कोष का 60 प्रतिशत तक एकमुश्त राशि के रूप में निकालते हैं, जबकि शेष 40 प्रतिशत कोष अनिवार्य रूप से 'एन्यूटी' (हर साल भुगतान की जाने वाली निश्चित राशि) में चला जाता है।

### 9.5 लाख रुपए के एयूएम तक पहुंचे

चेयरमैन ने कहा, 'हम लगभग 9.5 लाख करोड़ रुपये के एयूएम तक पहुंच गए हैं। इसलिए किसी को आश्चर्य नहीं होगा कि चालू वित्त वर्ष के मध्य तक हमारा एयूएम 10 लाख करोड़ रुपये के आंकड़े को पार कर जाए।' उन्होंने कहा कि यह कई अन्य बातों पर निर्भर करता है। इनमें कोष को मिलने वाला 'रिटर्न' और बाजार का प्रदर्शन शामिल है।





### 75 साल की आयु तक विकल्प चुनने की अनुमति

वहीं एक व्यवस्थित निकासी योजना एनपीएस सदस्यों को 75 साल की आयु तक आवधिक निकासी का विकल्प चुनने की अनुमति देगी। सदस्य मासिक, तिमाही, अर्द्धवार्षिक और सालाना निकासी का विकल्प चुन सकते हैं। मोहंती ने कहा, 'कई लोगों ने अनुरोध किया है कि हम कोष के साथ बने क्यों नहीं रह सकते। जब मेरा पैसा मुझे अच्छा प्रतिफल दे रहा है, तो मैं एन्यूटी क्यों लूं। मैं अपना पैसा मासिक या तिमाही आधार पर निकालना चाहूंगा। अभी हम ऐसा विकल्प नहीं दे सकते। ऐसे में हम इस तरह के किसी उत्पाद का विचार कर रहे हैं।'

- अभी 60 प्रतिशत तक एकमुश्त राशि निकाली जा सकती है
- 40 प्रतिशत कोष एन्यूटी के रूप में जमा हो जाता है

### प्रवेश की आयु बढ़ाकर 70 साल

पीएफआरडीए ने लोगों की 'दीर्घायु' को देखते हुए इसमें प्रवेश की आयु बढ़ाकर 70 साल और इससे निकलने की उम्र 75 साल कर दी है। पीएफआरडीए कानून में प्रस्तावित संशोधन के बारे में पूछे जाने पर मोहंती ने कहा, 'हमने सरकार को कुछ सुझाव दिए हैं। और संशोधन में हमने जो एक महत्वपूर्ण सुझाव दिया है वह वैकल्पिक पेंशन उत्पाद का है।'

### अंशधारकों का नियमित योगदान

मोहंती ने कहा कि पेंशन योजनाओं में प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां (एयूएम) इस वित्त वर्ष की पहली छमाही में 10 लाख करोड़ रुपये के ऐतिहासिक आंकड़े को पार कर जाएंगी। इसकी वजह अंशधारकों का नियमित योगदान है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, राष्ट्रीय पेंशन योजना (एनपीएस), अटल पेंशन योजना (एपीवाई) और एनपीएस लाइट सहित प्रबंधन के तहत परिसंपत्तियां बढ़कर 9.58 लाख करोड़ रुपये हो गई हैं।

### एनपीएस अंशधारकों की संख्या 10 लाख पार

मोहंती ने बताया कि 9.58 लाख करोड़ रुपये में से एनपीएस के कोष का आकार 9.29 लाख करोड़ रुपये है। शेष 28,538 करोड़ रुपये अटल पेंशन योजना का कोष है। उन्होंने कहा कि एनपीएस के तहत अंशधारकों की संख्या पिछले साल ही 10 लाख को पार कर चुकी है। 'इस साल हमें अंशधारकों की संख्या 13 लाख के पार जाने की उम्मीद है।'

## फिल्म आदि पुरुष की आड़ में रामायण का अपमान बर्दाश्त नहीं : राजकुमार सिंह



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। अखिल भारतीय क्षत्रिय महासभा युवा जमानिया के कार्यकताओं द्वारा युवा जिला अध्यक्ष राजकुमार सिंह के नेतृत्व में सूचना प्रसारण मंत्रालय नई दिल्ली एवं मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश सरकार से संबंधित एक पत्रक उप जिला अधिकारी जमानिया को सौंपा। इस मौके पर युवा जिलाध्यक्ष ने बताया कि पिछले दिनों आदिपुरूष नामक फिल्म सिमेना घरो में लगी है, इस फिल्म में सनातन धर्म का, प्रभु श्री राम जी का, हनुमान जी का, सीता मईया का एवं भगवा ध्वज का अपमान किया गया है। फिल्म का चित्रण एवं कलाकारो के वेष-भूषा, डायलाग, शब्दो का चयन, असल रामायण का गलत प्रस्तुतिकरण किया गया है, इस फिल्म को देखने पर ऐसा प्रतित होता है कि सनातनीयों को अपमानित करने के उद्देश्य से ही बनाई गई है। तथा इसमे सनातन धर्म का भरपूर अपमान किया गया है। इससे पूर्व भी लगातार सनातन धर्म को फिल्म इंड्रस्टी वाले अपमानित करते चले आये है। इसके शिवाय अन्य किसी धर्म पर फिल्म बनाने की हिम्मत इन डायरेक्टरो में नही है। क्योंकि इनको ऐसा लगता है कि सनातनी सहन शील एवं दयालु किस्म के होते है। इसलिए इनका मजाक एवं अपमान करना आसान है। लेकिन अब यह लोग फिल्म के माध्यम से अपनी सिमाओ का उल्लंघन कर चुके है। जिससे यह सनातनी अब बर्दास्त नही कर सकते है। खास तौर पर क्षत्रिय समाज। इतिहास गवाह रहा है कि सनातन धर्म की रक्षा के लिए क्षत्रियों ने अपनी कुबार्नी दी हैं। अतः श्रीमान् जी से निवेदन है कि सनातन धर्म एवं जनमानस की भावनाओं का ध्यान रखते हुए इस फिल्म पर पूर्णतः रोक लगायी जाय अन्यथा संगठन इस फिल्म को सिनेमा घरो में चलने नही देगा। उसके उपरांत फिल्म के डायरेक्टर और प्रोड्यूसर का पोस्टर भी जलाया इस मौके पर जमानिया प्रभारी अमरिंदर सिंह, राकेश सिंह, प्रेम सिंह, प्रिंस सिंह, विनय सिंह, शुभम सिंह, केसरी सिंह, चंदन, अमित सिंह, पंकज सिंह, इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## जी-20 की बैठकों से होटल उद्योग की कमाई बढ़ेगी

- क्षेत्र की कंपनियों के 850 करोड़ कमाई की उम्मीद
- भविष्य में वृद्धि के लिए मजबूत नींव रखी जा सकती है

एजेंसी ▸▸ नई दिल्ली





होटल (आतिथ्य) क्षेत्र की कंपनियां 850 करोड़ रुपये के कारोबारी अवसर का पूरा फायदा उठाने की तैयारी कर रही हैं, जो भारत की जी20 अध्यक्षता से तैयार होने वाला है। आतिथ्य क्षेत्र का मानना है कि भारत में होने वाली जी20 की बैठकों के लिए आने वाले प्रतिनिधिमंडल से संबंधित यात्रा और उनकी ठहरने की जरूरतों को पूरा कर करीब 850 करोड़ रुपये की आय हासिल की जा सकती है। साथ ही इस दौरान भविष्य में वृद्धि के लिए मजबूत नींव रखी जा सकती है।भारतीय होटल संघ के उपाध्यक्ष के बी काचरू ने बताया, 'जिन शहरों में जी20 की बैठकें निर्धारित हैं, वहां मांग तेजी से बढ़ी है। इसके साथ ही 2022 की अंतिम तिमाही से प्रमुख व्यापारिक शहरों में पांच सितारा होटलों के कमरों का किराया लगभग 20 प्रतिशत बढ़ा है। ये रुझान आने वाले महीनों में जारी रहने का अनुमान है।' काचरू ने ईमेल से पूछे गए सवालों के जवाब में कहा, 'इस आयोजन के लिए आने वाले प्रतिनिधिमंडल से संबंधित यात्रा और आवास संबंधी जरूरतों के लिए लगभग 850 करोड़ रुपये की कमाई होने की उम्मीद है। इसलिए इसका व्यवसाय की वृद्धि पर सकारात्मक प्रभाव पड़ना तय है।'

## तेज रफ्तार बाइक सवार बिजली के पोल से टकराया पोल टूटा, युवक की दर्दनाक मौत



प्रखर वाराणसी। बड़ागांव क्षेत्र अंतर्गत कृष्णापुर-रामेश्वर मार्ग पर सोमवार को भीषण सड़क हादसा हो गाया। तेज रफ्तार बाइक अनियंत्रित होकर बिजली पोल से टकरा गई। सिर में चोट लगने के कारण युवक की मौके पर ही मौत हो गई। बाइक की टक्कर से बिजली का खंभा कई टुकड़ों में टूट गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। हादसे का मंजर देख लोग सहम गए। जंसा थाना अंतर्गत रामेश्वर गांव निवासी दिलीप राम (35) अपनी बाइक से सुबह किसी काम से कृष्णानगर आया था और वह सुबह 11 बजे रामेश्वर की ओर घर लौट रहा था। तेज रफ्तार बाइक रसूलपुर में सिमेंट के विद्युत पोल से टकरा गया। सिर में चोट लगने से वह जमीन पर गिरा। खंभे का आधा हिस्सा टूटकर उसके ऊपर ही गिर गया। सिर में गंभीर चोट लगने से दिलीप की घटनास्थल पर ही मौत हो गई। आसपास के लोगों ने बताया कि यदि दिलीप हेलमेट पहने होता था तो शायद उसकी जान बच जाती। बड़ागांव पुलिस ने मौके से शव को कब्जे में लिया और परिजनों को सूचना दी। हादसे की सूचना मिलते ही दिलीप के परिजनों में कोहराम मच गया।

## बिजनेस साइट

### मोशन एजुकेशन के तीन विद्यार्थियों ने टॉप-100 में बनाई जगह





कोटा। नेशनल टेस्टिंग एजेंसी की ओर से देश के मेडिकल कॉलेजों में प्रवेश के लिए हुई नेशनल एलिजिबिलिटी कम इंट्रेस टेस्ट नीट- 2023 के नतीजों में मोशन एजुकेशन के विद्यार्थियों ने एक बार फिर शानदार कामयाबी प्राप्त की है। मोशन के 3 विद्यार्थियों ने ऑल इंडिया रैंक के टॉप 100 में जगह बनाई है।

मोशन एजुकेशन के फाउंडर और सीईओ नितिन विजय ने बताया कि इनमें वैभव सिन्हा ने 30वां, नव्या मिश्रा ने 71वां और पलक निशांत शाह ने 94वां रैंक हासिल किया है। इसे यादगार बनाने के लिए मोशन के सीएडी सर्किल स्थित दक्ष कैंपस में जश्न भी मनाया गया। इस मौके पर सीईओ ने कहा कि परिणाम ने एक बार फिर साबित किया है कि मोशन की टीम और सिस्टम में कुछ खास बात है। वैभव सिन्हा ने 720 में से 710, पलक निशांत शाह और नव्या मिश्रा ने 705-705 अंक हासिल किए। मोशन के टॉप 1000 में मोशन के 28 और टॉप 10 हजार में 435 विद्यार्थी शामिल हैं। ज्वाइंट डायरेक्टर और नीट डिवीजन के हेड अमित वर्मा ने बताया कि मोशन के 7 हजार 84 विद्यार्थियों में से 6 हजार 492 ने नीट क्वालिफाई किया है। इस तरह क्वालीफाइंग रेशियो 91.64 प्रतिशत का रहा है।

- वैभव सिन्हा ने 30वां, नव्या मिश्रा ने 71वां और पलक निशांत शाह ने 94वां रैंक हासिल किया

## खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा : प्रभारी निरीक्षक

### अंतरराष्ट्रीय चैंपियनशिप में चयनीत होने पर खिलाड़ियों का किया गया स्वागत



केराकत जौनपुर। स्थानीय क्षेत्र डेहरी गांव में रविवार की शाम गोल्ड मेंडल जीतकर अंतरराष्ट्रीय ओपन कराटे चैंपियनशिप में चयनित होने पर खिलाड़ियों के सम्मान समारोह का आयोजन अकबरपुर प्रधान रामसमुझ की अध्यक्षता में देर शाम संपन्न हुआ।कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि पहुंचे प्रभारी निरीक्षक जयप्रकाश यादव ने चयनित खिलाड़ियों को माला पहनाकर व चयन पत्र देकर बच्चो का सम्मानित किये।सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए प्रभारी निरीक्षक ने कहा कि खेल हमारे जीवन का आवश्यक हिस्सा है स्वस्थ शरीर और दिमाग को विकसित करने के लिए खेल महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है खेल कई प्रकार के होते हैं जो हमारी शारीरिक के साथ मानसिक विकास में मदद करते हैं लगातार पढ़ाई के दौरान कई बार तनाव की स्थिति होती है ऐसे में खेल इस तनाव को दूर करने का बेहतर माध्यम होता है। जिस तरह दिमाग सही विकास के लिए शिक्षा जरूरी है उसी तरह शारीरिक विकास के लिए खेल महत्वपूर्ण है शिक्षा के माध्यम से हम टीम भावना नहीं सीख सकते हैं लेकिन खेल से यह संभव है यहां की प्रतिभा को देखकर गर्व महसूस होता है छोटे से गांव से निकलकर बच्ची पीटी उषा एकेडमी केरला तक का सफर तय की यह अपने आप में क्षेत्र के लिए बड़ी उपलब्धि है। जिन नौ खिलाड़ियों का चयन अंतरराष्ट्रीय कराटे चैंपियनशिप हुआ है उनकी उम्र 8 वर्ष से लेकर 14 वर्ष है जो अपने आप में हैरान कर देने वाली बात है इतनी कम उम्र में गोल्ड मेंडल लाना व अंतरराष्ट्रीय ओपन कराटे में खेलना किसी सपने से कम नहीं है।कार्यक्रम का हिस्सा बनाने के लिए आयोजको का मैं आभारी हूं। बता दे कि लखनऊ में आयोजित सेकेंड ऑल इंडिया ओपन कराटे चैंपियनशिप में केडी स्पोर्ट्स एकेडमी से क्षेत्र के 9 खिलाड़ियों में अदिति,रितिका यादव, आदित्य यादव,अपूर्व रंजन,राज यादव,कृष सेठ,शेख मोहम्मद व आशीष कुमार ने गोल्ड मेडल जीता तो वही वही लक्की कुमार ने सिल्वर मेंडल जीत क्षेत्र व जनपद का मान बढ़ाया है। इस अवसर पर अपराध निरीक्षक देवेंद्र सिंह यादव,सरकी चौकी प्रभारी विनोद कुमार अंचल,महिला कास्टेबल आसनी सिंह,ग्राम प्रधान प्रतिनिधि फरहान अहमद,पूर्व प्रधान गुड्डू,संतोष कुमार,योगेंद्र कुमार,अमरनाथ,उमेश यादव,गुड़िया निषाद,राकेश सरोज,आर्यन सिंह,मिठाई लाल यादव समेत भारी संख्या में लोग मौजूद रहे।कार्यक्रम का संचालन फौजी सुबास यादव ने की।

## जीएसटी परिषद की बैठक में अतिरिक्त सत्यापन के प्रस्ताव पर विचार संभव





- कर चोरी और फर्जी इनपुट कर क्रेडिट के दावे को रोकने किया जाएगा परीक्षण

नई दिल्ली। जीएसटी परिषद अगले महीने होने वाली अपनी बैठक में जीएसटी रिटर्न दाखिल करने वाली प्रणाली में अतिरिक्त सत्यापन के लिए सीबीआईसी के प्रस्ताव पर विचार कर सकती है।

एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कर चोरी और फर्जी इनपुट कर क्रेडिट (आईटीसी) दावे को रोकने के लिए इस योजना का परीक्षण किया जाएगा। केंद्रीय एजेंसियों ने नवंबर, 2020 से एक विशेष अभियान में 62,000 करोड़ रुपये के फर्जी आईटीसी दावों का पता लगाया है और कुछ पेशेवरों सहित 776 लोगों को गिरफ्तार किया है। रिटर्न दाखिल करने वाली प्रणाली में कुछ अतिरिक्त सत्यापन उपाय जोड़ने का मकसद धोखाधड़ी और राजस्व नुकसान पर लगाम लगाना है। केंद्रीय अप्रत्यक्ष कर और सीमा शुल्क बोर्ड (सीबीआईसी) ने पिछले सप्ताह जीएसटी पंजीकरण के लिए सत्यापन और जोखिम रेटिंग पेश की थी।

## मल्लूपुर गांव में दो पक्षों में हुई जमकर मारपीट, दो रेफर

केराकत जौनपुर। स्थानीय थाना अंतर्गत मल्लूपुर गांव में सोमवार की दोपहर मेड़ बाधने को लेकर दो पक्षों में जमकर हुई मारपीट दूसरे पक्ष से दो लोग हुए रेफर सूचना पर पहुंची पुलिस जांच पड़ताल में जुटी। गौरतलब है कि रामलगन यादव पुत्र साहेबदीन, शिवलखन पुत्र साहेबदीन व साहेबदीन पुत्र सीताराम उनके पट्टीदार देवी चरण पुत्र सीताराम, मिंता देवी पत्नी धर्मेंद्र यादव,शैलेंद्र कुमार पुत्र देवी चरण के बीच जमीनी विवाद चल रहा था।सोमवार की दोपहर विवादित जमीन पर मेड़ बाधने को लेकर दोनो पक्षों में जमकर मारपीट हो गई।

# फाइलेरिया से बचाव के लिए जन जागरूकता जरूरी

प्रखर पडरौना कुशीनगर। जिले में 10 से 28 अगस्त तक प्रस्तावित मास ड्रग एडमिनिस्ट्रेशन (एमडीए) अभियान को सफल बनाने के लिए मुख्य चिकित्सा अधिकारी कार्यालय सभागार में प्रशिक्षकों का प्रशिक्षण सोमवार को सम्पन्न हुआ। प्रशिक्षण कार्यक्रम में वीबीडी कंट्रोल प्रोग्राम के नोडल अधिकारी व एसीएमओ डॉ.आरके गुप्ता ने कहा कि फाइलेरिया उन्मूलन अभियान में जन जागरूकता बहुत जरूरी है। इसके लिए जिले के 85 प्रतिशत आबादी को स्वास्थ्य कार्यकताओं द्वारा अपने सामने दवा खिलाना होगा। किसी को दवा घर ले जाने के लिए नहीं देना है। इसके लिए सभी आशा कार्यकताओं और सहयोगियों को प्रशिक्षित किया जाएगा। एसीएमओ ने कहा कि फाइलेरिया एक गंभीर बीमारी है, जिसे हाथीपांव के नाम से भी जाना जाता है। यह शांत रहते हुए मानव शरीर को काफी नुकसान पहुंचाता है। इस बीमारी की जानकारी समय पर मरीजों को हो नहीं पाती है। संक्रमण के बाद लक्षण दिखने में पांच से पंद्रह साल लग जाता है। ऐसे में बचाव व सजगता से ही



फाइलेरिया के दुष्प्रभाव को कम किया जा सकता है। जब क्यूलेक्स ग्रुप की मादा मच्छर फाइलेरियाग्रसित व्यक्ति का रक्त चूसने के बाद किसी स्वस्थ मनुष्य का रक्त चूसती है तो उस व्यक्ति में भी इस रोग का संक्रमण हो जाता है। यह रोग शरीर के किसी भी भाग में सूजन, डाइड्रोसील तथा हांथीपाव के रूप में प्रकट होता है। फाइलेरिया से बचने के लिए सभी लोग पांच साल तक लगातार साल में एक बार फाइलेरिया की दवा जरूर खाएं। हाथीपांव हो जाने से जिंदगी बोझ बन जाती है। मरीज स्थायी तौर पर दिव्यांगता के शिकार बन जाता है।

डॉ.गुप्ता ने बताया कि फाइलेरिया शरीर के लटकने वाले अंगों को प्रभावित करता है। हाथ, पैर, पुरुष जननांग और महिलाओं के स्तन में सूजन के रूप में इसका प्रभाव दिखता है। दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती और गंभीर बीमारी से पीड़ित व्यक्ति को फाइलेरिया रोधी दवा नहीं दी जानी है।

इस मौके पर पाथ संस्था के कार्यक्रम अधिकारी डॉ.नीरज कुमार पाण्डेय ने कहा कि प्रशिक्षकों को एमडीए अभियान के पहले, अभियान के दौरान तथा अभियान के बाद आयोजित होने वाली गतिविधियों के बारे में जानकारी दी गयी। लोगों को चाहिए कि अपने आस-पास गंदगी और जल भराव न होने दें। मच्छरदानी का प्रयोग करें। पूरी बांह के कमीज और मोजे पहनें ।

प्रशिक्षण कार्यक्रम में डॉ.अमित राय,डॉ.पी एन गुप्ता, डॉ.आरके मद्धेशिया के साथ साथ धर्मेन्द्र कुमार गौड़, आदित्य नाथ सिंह, सुमित कुमार श्रीवास्तव, पंकज कुमार गुप्ता, सुरेन्द्र कुमार और सीफार के डीसी नीतिश गोविन्द राव प्रमुख तौर पर मौजूद रहे।

**अभियान के बारे में मिली जानकारी**– सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र रामकोला के बीसीपीएम विनय कुमार सिंह (42) ने बताया कि एमडीए अभियान के तहत प्रस्तावित गतिविधियों के बारे में जानकारी मिली। इस जानकारी से ब्लॉक की आशा कार्यकताओं को अवगत कराया जाएगा। उन्हें बताया जाएगा कि कोई भी पात्र लाभार्थी दवा खाने से वंचित न हो।

**जिले में चिन्हित हैं हांथीपाव के 1315 और हाइड्रोसील के 175 मरीज**– मलेरिया निरीक्षक विजय गिरी ने बताया कि जिले में हाथीपांव के 1315 तथा हाइड्रोसील के 175 मरीज चिन्हित है। हाथीपांव के मरीज को मार्बिडिटी मैनेजमेंट एंड डिसएबिलिटी प्रिवेंशन किट देकर प्रबंधन के बारे में बताया गया है। जबकि हाइड्रोसील के 175 मरीजों में से 120 का ऑपरेशन कराया जा चुका है।

## खबर संक्षेप

### पूंजीकरण में सर्वाधिक लाभ में रिलायंस





नई दिल्ली। संसेक्स की शीर्ष 10 में से छह कंपनियों के बाजार पूंजीकरण (मार्केट कैप) में बीते सप्ताह सामूहिक रूप से 1,13,703.82 करोड़ रुपये की बढ़ोतरी हुई। सबसे अधिक लाभ में रिलायंस इंडस्ट्रीज रही। बीते सप्ताह बीएसई का 30 शेयरों वाला सेंसेक्स 758.95 अंक या 1.21 प्रतिशत के लाभ में रहा।

### बीते सप्ताह तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार



नई दिल्ली। विदेशों में खाद्य तेल कीमतों के दाम में आये सुधार के बाद दिल्ली तेल-तिलहन बाजार में बीते सप्ताह लगभग सभी तेल-तिलहनों की कीमतें पिछले सप्ताहांत के मुकाबले लाभ के साथ बंद हुईं। बाजार के जानकार सूत्रों ने कहा कि विदेशों में सूरजमुखी तेल का जो दाम पहले 880 डॉलर प्रति टन था वह अब बढ़कर 980 डॉलर प्रति टन हो गया है।

### अमेजन-आईरोबोट सौदे को मिली मंजूरी





लंदन। रोबोट वैक्यूम विनिर्माता आईरोबोट को खरीदने के लिए अमेजन के 1.7 अरब डॉलर के सौदे को ब्रिटेन के प्रतिस्पर्द्धा नियामक ने शुक्रवार को मंजूरी दे दी। ब्रिटेन के प्रतिस्पर्द्धा एवं बाजार प्राधिकरण ने कहा कि सौदे की अपनी शुरुआती जांच को आगे नहीं बढ़ाने का फैसला किया है इससे ब्रिटेन के भीतर प्रतिस्पर्धा में अधिक गिरावट नहीं आएगी।

### इक्विटास के सीईओ की पुनर्नियुक्ति को मंजूरी



चेन्नई। भारतीय रिजर्व बैंक ने निजी क्षेत्र के इक्विटास स्माल फाइनेंस बैंक के प्रबंध निदेशक (एमडी) एवं मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) के तौर पर पीएन वासुदेवन की पुनर्नियुक्ति को शुक्रवार को मंजूरी प्रदान कर दी। बैंक ने शेयर बाजार को दी गई सूचना में कहा कि आरबीआई ने इस मंजूरी के बारे में 15 जून को पत्र के जरिये जानकारी दी है।

### एनएमडीसी स्टील के लिए वित्तीय बोलियां आमंत्रित





नई दिल्ली। सरकार एनएमडीसी स्टील (एनएसएल) के विनिवेश के लिए वित्तीय बोलियां कंपनी के छत्तीसगढ़ के इस्पात संयंत्र में ब्लास्ट फर्नेस के शुरू होने के बाद ही निकालेगी। इस्पात संयंत्र का ब्लास्ट फर्नेस चालू होने के बाद कंपनी का मूल्यांकन बढ़ जाएगा। एनएसएल की उत्पादन क्षमता 30 लाख टन सालाना रहने की उम्मीद है।

### 229 गीगावॉट तक नहीं पहुंची बिजली की मांग



नई दिल्ली। बिजली की अधिकतम मांग इन गर्मियों में संभवतः 229 गीगावॉट पर नहीं पहुंच पाएगी। उद्योग विशेषज्ञों का कहना है कि बेमौसम बरसात और बिपारजॉय चक्रवात के आगे पड़ने वाले प्रभावों की वजह से बिजली की मांग के इस स्तर पर पहुंचने की संभावना नहीं है। उद्योग विशेषज्ञों ने कहा कि बेमौसम बारिश ने मांग को प्रभावित किया है और गर्मियों के दौरान तापमान में गिरावट आई है। इसके चलते एयर कंडीशनर जैसे ठंडक प्रदान करने वाले उपकरणों का इस्तेमाल कम हुआ है।

# सात्विक-चिराग ने रचा इतिहास, जीता इंडोनेशिया ओपन, वर्ल्ड चैंपियन जोड़ी को रौंदा

एजेंसी ▸▸ जकार्ता

सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ने रविवार को इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतकर इतिहास रच दिया। विश्व रैंकिंग में छठे स्थान पर काबिज भारतीय जोड़ी ने फाइनल में मलेशिया के आरोन चिया और वूई यिक सोह की जोड़ी को 21-17, 21-18 से हराकर सुपर 1000 स्तर की प्रतियोगिता को अपने नाम करने वाली पहली भारतीय जोड़ी बनी। साइना नेहवाल (2010, 2012) और किदांबी श्रीकांत (2017) ने इससे पहले जकार्ता में एकल खिताब जीते हैं।




सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट का खिताब जीतने वाले पहले भारतीय

वर्ल्ड चैंपियन जोड़ी चिया-सोह को 21-17, 21-18 से हराया

### 43 मिनट में जीता मैच

बर्मिंघम राष्ट्रमंडल खेलों की विजेता और एशियाई चैंपियन भारतीय जोड़ी को इस कड़े मुकाबले को जीतने में 43 मिनट का समय लगा। सात्विक ने मैच के बाद कहा, 'हमने इस स्पर्धा के लिए काफी अच्छी तैयारी की थी। हम जानते थे कि दर्शक हमारा समर्थन करेंगे। उन्होंने पूरे सप्ताह हमारा साथ दिया। यह हमारे लिए अद्भुत सप्ताह रहा है। हमने आज कमाल का बैडमिंटन खेला। उनके खिलाफ आपसी मुकाबलों में हमारा रिकॉर्ड अच्छा नहीं था, इसलिए हम एक समय में एक अंक जीतने पर ध्यान दे रहे थे।'

### सेट 1

खिताबी मुकाबले में सात्विक-चिराग की शुरुआत अच्छी नहीं रही, जबकि मलेशियाई जोड़ी ने 7-3 की बढ़त ले ली। सात्विक-चिराग ने जल्द ही लय हासिल करते हुए 7-7 पर बराबरी की और ब्रेक तक 11-9 की बढ़त बना ली। इसके बाद सात्विक-चिराग ने अपने मलेशियाई प्रतिद्वंद्वियों को वापसी का मौका नहीं दिया और पहला गेम 21-17 से जीतने में सफल रहे।

### सेट 2

एक समय स्कोर 6-6 की बराबरी पर था लेकिन भारतीय जोड़ी ने इसके बाद शानदार खेल दिखाते हुए 18-11 की बढ़त हासिल की। मलेशिया की जोड़ी ने हार नहीं मानी और इस नौ अंक के अंतर को कम कर दो अंक (18-20) का कर दिया। चिराग और सात्विक ने इसके बाद मैच प्वाइंट भुनाकर इस जोड़ी के खिलाफ पहली जीत दर्ज की।

## टी शर्ट लहराया...रैकेट स्टैंड में फेंका...
## ऐतिहासिक जीत का यादगार जश्न



सुपर 1000 का खिताब जीतने का ये पल भारत के लिए सीना फुला देने वाला है और इसका जश्न भी इस जोड़ी ने ऐसा मनाया कि हर कोई याद रखेगा। इस जीत के बाद सात्विक और चिराग की खुशी का ठिकाना नहीं रहा। चिराग ने इस ऐतिहासिक जीत के बाद अपनी टी शर्ट उतारी और स्टैंड में बैठे दर्शकों की तरफ फेंक दी। जहां एक ओर चिराग टी शर्ट लहरा रहे थे वहीं सात्विक डांस कर रहे थे। सात्विक यहीं नहीं रुके। वह इससे आगे चले गए। उन्होंने अपना रैकेट स्टैंड में फेंक दिया। इसके बाद सात्विक और चिराग दोनों ने साथ में फोटो खिंचवाई और मेडल सैरेमनी के लिए चले गए। जब ये दोनों ब्रॉडकास्टर से बात कर रहे थे तब उनसे पूछा गया कि टीशर्ट और रैकेट तो अपने दर्शकों को दे दी तो हमें क्या मिलेगा? इस पर सात्विक ने कहा कि हम आपको पार्टी देंगे।

### खिताबों का विभाजन

*बीडब्लूएफ के विश्व टूर को छह स्तरों में विभाजित किया गया है। जिसमें विश्व टूर फाइनल, चार सुपर 1000, छह सुपर 750, सात सुपर 500 और 11 सुपर 300 के अलावा बीडब्लूएफ टूर सुपर 100 स्तर के टूर्नामेंट हैं जिनसे खिलाड़ियों को रैंकिंग अंक मिलते हैं। इनमें से प्रत्येक स्तर के टूर्नामेंट से अलग-अलग रैंकिंग अंक और पुरस्कार राशि दी जाती है। सुपर 1000 स्तर में सबसे अधिक रैंकिंग अंक और पुरस्कार राशि दी जाती है।*

### युगल उपलब्धियां

| टूर्नामेंट | पदक |
|---|---|
| राष्ट्रमंडल खेल | स्वर्ण |
| थॉमस कप | स्वर्ण |
| विश्व चैंपियनशिप | कांस्य |
| हैदराबाद सुपर 100 | स्वर्ण |
| स्विस ओपन सुपर 300 | स्वर्ण |
| इंडिया ओपन सुपर 500 | स्वर्ण |
| फ्रेंच ओपन सुपर 750 | स्वर्ण |
| इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 | स्वर्ण |

## खबर संक्षेप



### टिम ने जीता डब्लूबीओ सुपर वेल्टरवेट खिताब

**गोल्ड कोस्ट।** टिम सेयू ने रविवार को यहां मैक्सिको के कार्लोस ओकांपो को पहले ही दौर में नॉकआउट करते हुए डब्लूबीओ इंटरिम सुपर वेल्टरवेट मुक्केबाजी खिताब बरकरार रखा। ऑस्ट्रेलिया के टिम ने सिर्फ 77 सेकेंड में ओकांपो को नॉकआउट कर दिया और अपना खिताब बरकरार रखा जिसे उन्होंने मार्च में सिडनी में अमेरिका के टोनी हैरिसन को हराकर जीता था। टिम के अगले प्रतिद्वंद्वी विश्व चैंपियन जर्मेन कार्लो होंगे। एक अक्टूबर को होने वाला यह मुकाबला डब्लूबीए, डब्लूबीसी, डब्लूबीओ और आईबीएफ खिताब के लिए होगा।

### मोईन अली पर लगा 25 फीसदी जुर्माना

**बर्मिंघम।** इंग्लैंड के हरफनमौला मोईन अली पर ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ शुरुआती एशेज टेस्ट के दूसरे दिन अपने गेंदबाजी वाले हाथ पर 'स्प्रे' का इस्तेमाल करने पर मैच फीस का 25 प्रतिशत जुर्माना लगाया गया है।



अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद ने कहा, 'अली को खिलाड़ियों और टीम के सहयोगी कर्मियों के लिए आईसीसी की आचार संहिता के नियम 2.20 के उल्लंघन का दोषी पाया गया है।' इसके अलावा, अली के अनुशासनात्मक रिकॉर्ड में एक डिमैरिट अंक जोड़ा गया है। उनके लिए 24 महीने की अवधि में यह पहला अपराध था।

### इस साल तोड़ सकती हूं राष्ट्रीय रिकॉर्ड

**भुवनेश्वर।** शैली सिंह सिर्फ 19 साल ही हैं और उन्होंने सीनियर सर्किट में सिर्फ दो साल बिताए हैं लेकिन भारत की लंबी कूद की इस नंबर एक महिला खिलाड़ी की नजरें इस साल अपनी मार्गदर्शक अंजू बॉबी जॉर्ज के राष्ट्रीय रिकॉर्ड को तोड़ने पर टिकी हैं। शैली ने अप्रैल में 6.76 मीटर का प्रयास किया था जो किसी भारतीय महिला खिलाड़ी का दूसरा सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है। राष्ट्रीय रिकॉर्ड अंजू का 6.83 मीटर का प्रयास है जो पिछले 19 साल से बरकरार है।

### लीसेस्टरशर के लिए अगस्त से खेलेंगे रहाणे

**नई दिल्ली।** भारत के अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे वेस्टइंडीज के खिलाफ उसकी सरजमीं पर दो टेस्ट की श्रृंखला के बाद इंग्लिश काउंटी टीम लीसेस्टरशर की ओर से डिविजन दो में खेलेंगे।



पूर्व भारतीय कप्तान रहाणे ने इसी महीने की शुरुआत में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ विश्व टेस्ट चैंपियनशिप फाइनल के साथ भारतीय टीम में सफल वापसी की थी। एक सूत्र ने बताया, 'अजिंक्य वेस्टइंडीज में दो टेस्ट के बाद सीधे इंग्लैंड के लिए रवाना होंगे और बाकी सत्र के लिए लीसेस्टरशर से जुड़ेंगे।

## छांगते 61वें मिनट में गोल दागकर बने प्लेयर ऑफ द मैच

# भारत बना इंटरकांटिनेंटल कप चैंपियन
# छेत्री ने दागा 87वां अंतरराष्ट्रीय गोल

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

कप्तान सुनील छेत्री और लल्लिंजुआला छांगते के गोल के दम पर भारत ने इंटरकांटिनेंटल कप के फाइनल में रविवार को यहां लेबनान को 2-0 से शिकस्त दी। मैच का पहला हाफ गोल रहित रहने के बाद अपने कॅरियर के अंतिम दौर से गुजर रहे 38 वर्षीय छेत्री ने 46वें मिनट में गोल कर भारत को बढ़त दिलाई। यह उनका 87वां अंतराष्ट्रीय गोल है और सक्रिय खिलाड़ियों में सबसे ज्यादा अंतरराष्ट्रीय गोल करने के मामले में वह तीसरे स्थान पर है।

छांगते ने 66वें मिनट में टीम की बढ़त को दोगुना कर मैदान में भरे दर्शकों को झूमने का मौका दिया तो वहीं विश्व रैंकिंग में 99वें स्थान पर काबिज टीम को सन्न कर दिया। विश्व रैंकिंग में 101वें स्थान पर काबिज भारत ने दूसरी बार इस टूर्नामेंट को अपने नाम किया है। टीम ने 2018 में इसके शुरुआती सत्र के फाइनल में कीनिया को हराकर चैंपियन बनीं थी जबकि 2019 उत्तर कोरिया ने खिताब जीता था और भारत चौथे और आखिरी स्थान पर रहा था।




### पहले हाफ में नहीं आया गोल

*मैच की शुरुआत में कोई भी गोल नहीं आया। दोनों टीमों ने कोशिश की लेकिन, एक भी गोल नहीं निकला। इस दौरान भारत के डिफेन्स ने शानदार काम किया। लेबनान ने मौके बनाने की कोशिश की लेकिन, भारत के आगे टीम गोल करने में नाकाम रही।*

### दूसरे हाफ में भारत ने दागे दो गोल

मैच के दूसरे हाफ में भारत ने दो गोल दाग दिए। हाफ की शुरुआत में भी कप्तान सुनील छेत्री ने गोल स्कोर किया। 46वें मिनट में चांगते के पास को भुनाते हुए छेत्री ने शानदार गोल दागा। इसके बाद 61वें मिनट में चांगते ने एक और गोल दाग दिया और जीत सुनिश्चित कर दी। चांगते प्लेयर ऑफ द मैच रहे।

### 1977 के बाद पहली बार लेबनान को हराया

*भारतीय फुटबॉल टीम ने 1977 के बाद पहली बार लेबनान को हराया। आखिरी बार भारत ने लेबनान को प्रेसिडेंट कप में हराया था।*

# अभिषेक ने तीरंदाजी विश्व कप में जीता स्वर्ण पदक



एजेंसी ▸▸ मेडेलिन

अभिषेक वर्मा ने यहां तीरंदाजी विश्व कप चरण तीन की पुरुष कंपाउंड व्यक्तिगत स्पर्धा में स्वर्ण पदक जीता। इंचियोन 2014 एशियाई खेलों की कंपाउंड टीम स्पर्धा के स्वर्ण और व्यक्तिगत स्पर्धा के रजत पदक विजेता 33 साल के वर्मा ने शनिवार रात को फाइनल में अमेरिका के जेम्स लुट्ज को 148-146 से हराया।

- फाइनल में अमेरिका के जेम्स लुट्ज को 148-146 से हराया

विश्व कप के कई बार के स्वर्ण पदक विजेता वर्मा शुरुआती दो चरण से बाहर रहने के बाद वापसी कर रहे थे। आठवें वरीय वर्मा ने इसके बाद अंतिम चार के मुकाबले में ब्राजील के लुकास अब्रेयू को हराकर फाइनल में प्रवेश किया। वर्मा का यह तीसरा व्यक्तिगत विश्व कप स्वर्ण पदक है। यह 2021 पेरिस चरण के बाद उनका पहला स्वर्ण है। उन्होंने अपना पहला व्यक्तिगत स्वर्ण पदक पोलैंड के रॉक्लॉ में 2015 में जीता था। वह विश्व कप के व्यक्तिगत वर्ग में दो रजत और एक कांस्य पदक भी जीत चुके हैं। भारतीय टीम ने मौजूदा टूर्नामेंट में अब तक एक स्वर्ण और तीन कांस्य पदक जीते हैं।

### उज्बेकिस्तान के खिलाफ अच्छे प्रदर्शन का भरोसा

**पाथुम थानी।** वियतनाम के खिलाफ कड़े मुकाबले में ड्रॉ से उत्साहित भारत मंगलवार को यहां उज्बेकिस्तान के खिलाफ एएफसी अंडर-17 एशियाई कप फुटबॉल टूर्नामेंट के अपने दूसरे मैच में जीत के इरादे से उतरेगा। भारत ने शनिवार को टूर्नामेंट के अपने पहले मैच में पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए वियतनाम को 1-1 से बराबरी पर रोका। उज्बेकिस्तान ने भी जापान के खिलाफ अपने पहले मैच में 1-1 से ड्रॉ खेला। भारत के मुख्य कोच बिबियानो फर्नांडिज ने कहा कि उनकी टीम वियतनाम के खिलाफ ड्रॉ रहे ग्रुप डी के मैच से काफी आत्मविश्वास हासिल करेगी।

# रोनाल्डो का 199वां मैच 3-0 से जीता पुर्तगाल



एजेंसी ▸▸ लिस्बन

एर्लिंग हालैंड ने नॉर्वे की टीम में वापसी करते हुए गोल दागा लेकिन इसके बावजूद स्कॉटलैंड ने अगले साल होने वाली यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप की क्वालीफाइंग स्पर्धा में पिछड़ने के बाद 2-1 से जीत दर्ज की। पुर्तगाल ने महान खिलाड़ी क्रिस्टियानो रोनाल्डो के 199वें अंतराष्ट्रीय मुकाबले में ब्रूनो फर्नांडिज के दो गोल की मदद से बोस्निया-हर्जेगोविना को 3-0 से शिकस्त दी।

बेल्जियम की टीम ने चोटिल केविन डि ब्रून के बिना खेलते हुए ऑस्ट्रिया को 1-1 से बराबरी पर रोका। ग्रुप ए में नॉर्वे को हराने के बाद स्कॉटलैंड शीर्ष पर चल रहा है और उसकी नजरें 1996 के बाद पहली बार लगातार दूसरी बार यूरोपीय चैंपियनशिप में जगह बनाने पर टिकी हैं। मार्च में चोटिल होने के बाद पहला अंतराष्ट्रीय मैच खेल रहे हालैंड ने 61वें मिनट में पेनल्टी पर गोल दागकर नॉर्वे को बढ़त दिलाई लेकिन इसके बाद कोच ने उन्हें बदल दिया जिसका फायदा उठाकर स्कॉटलैंड ने दो मिनट में दो गोल दागकर जीत सुनिश्चित की। टीम का दो मैच में सिर्फ एक अंक है। स्पेन के दो मैच में तीन अंक हैं।

### पुर्तगाल की हैट्रिक जीत

ग्रुप जे में पुर्तगाल ने बोस्निया-हर्जेगोविना को 3-0 से हराकर लगातार तीसरी जीत दर्ज की। रोनाल्डो पुर्तगाल के लिए 199वां मैच खेला और उनकी नजरें देश के लिए 200 मैच खेलने वाला पहला पुरुष खिलाड़ी बनने पर टिकी हैं। पुर्तगाल की टीम मंगलवार को आइसलैंड से भिड़ेगी। पुर्तगाल ने क्वालीफायर में अब तक 13 गोल किए हैं और उसके खिलाफ कोई गोल नहीं हुआ है। स्लोवाकिया की टीम आइसलैंड को 2-1 से हराकर उससे दो अंक पीछे दूसरे स्थान पर है।

### क्वालीफायर में जिम्बाब्वे और वेस्टइंडीज जीते

**हरारे।** कप्तान क्रेग एर्विन की नाबाद 121 रन की पारी से जिम्बाब्वे ने रविवार को यहां एकदिवसीय विश्व कप क्वालीफायर में अपना अभियान नेपाल पर आठ विकेट की आसान जीत से शुरू किया। वेस्टइंडीज ने चार खिलाड़ियों की अर्धशतकीय पारियों के दम पर अमेरिका को 39 रन से शिकस्त दी। जॉनसन चार्ल्स (66), शाई होप (54), रॉस्टन चेज (55) और जेसन होल्डर (56) के अर्धशतकों से 49.3 ओवर में 297 रन बनाने के बाद गजानंद सिंह (नाबाद 101) की नाबाद शतकीय पारी के बाद भी अमेरिका को सात विकेट पर 258 रन पर रोक दिया। नेपाल ने सलामी बल्लेबाजी कुशल भुर्तेल के 99 रन के दम पर आठ विकेट पर 290 रन बनाये लेकिन जिम्बाब्वे ने एर्विन और शॉन विलियम्स (नाबाद 102) के बीच तीसरे विकेट के लिए 164 रन की अटूट साझेदारी से आसानी से लक्ष्य हासिल कर लिया।

# इंग्लैंड ने ऑस्ट्रेलिया पर बनाई 35 रन की बढ़त

एजेंसी ▸▸ बर्मिंघम

इंग्लैंड ने एशेज श्रृंखला के शुरुआती मैच के तीसरे दिन रविवार को ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी को 386 रन पर समेटने के बाद 35 रन की बढ़त बना ली है। इंग्लैंड ने मैच खत्म होने तक दो विकेट के नुकसान पर 28 रन बना लिए। जैक क्रॉली सात रन बनाकर आउट हो गए वहीं बेन डकेट भी 19 रन ही जोड़ पाए। ऑली पोप और जो रूट नाबाद हैं।



इससे पहले, ऑस्ट्रेलियाई टीम ने दिन की शुरुआत पांच विकेट पर 311 रन से की लेकिन स्टुअर्ट ब्रॉड (तीन विकेट) और ओली रोबिनसन (तीन विकेट) ने निचले क्रम के बल्लेबाजों को क्रीज पर ज्यादा देर रुकने नहीं दिया। ऑस्ट्रेलिया एक समय पांच विकेट पर 338 रन बनाकर अच्छी स्थिति में था और ऐसा लग रहा था कि टीम पहली पारी में इंग्लैंड के स्कोर को पार कर जाएगी। इंग्लैंड ने अपनी पहली पारी आठ विकेट पर 393 रन पर घोषित की थी।

### लंका प्रीमियर लीग 30 जुलाई से होगी शुरू

**नई दिल्ली।** श्रीलंका क्रिकेट ने रविवार को लंका प्रीमियर लीग 2023 के लिए शेड्यूल की घोषणा कर दी है। इस लीग का चौथा संस्करण 30 जुलाई से शुरू होगा, जिसमें कुल 24 मैच खेले जाएंगे। फाइनल 20 अगस्त को खेला जाएगा। तीन बार के विजेता और मौजूदा चैंपियन जाफना किंग्स 30 जुलाई को आर प्रेमदासा अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में कोलंबो स्ट्राइकर्स से भिड़ेंगे। लीग के पहले कुछ मैच कोलंबो में खेले जाएंगे। इसके बाद कैंडी में पल्लेकेले अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट स्टेडियम में आयोजित होंगे। नॉकआउट चरण सहित लीग के अंत के मैच फिर से कोलंबो में आयोजित किया जाएगा। इसके अलावा फाइनल के लिए रिजर्व डे भी रखा गया है।

# श्रीशंकर ने वर्ल्ड चैंपियनशिप के लिए किया क्वालीफाई, जीता स्वर्ण पदक

एजेंसी ▸▸ भुवनेश्वर

लंबी कूद के स्टार खिलाड़ी मुरली श्रीशंकर ने रविवार को यहां राष्ट्रीय अंतर राज्यीय एथलेटिक्स चैंपियनशिप के क्वालीफाइंग दौर में अपने पहले ही प्रयास में 8.41 मीटर के प्रयास के साथ विश्व चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई किया। श्रीशंकर ने स्वर्ण, एल्ड्रिन ने 7.83 मीटर के प्रयास के साथ रजत जबकि मोहम्मद अनीस याहिया ने 7.71 मीटर की दूरी के साथ कांस्य पदक हासिल किया।

चौबीस साल के श्रीशंकर हालांकि जेस्विन एल्ड्रिन के 8.42 मीटर के राष्ट्रीय रिकॉर्ड की बराबरी करने से सिर्फ एक सेंटीमीटर से चूक गए। एल्ड्रिन ने इसी साल राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया था। श्रीशंकर का यह प्रयास उनका निजी सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन है।



### एशियाई टिकट भी कटाया

केरल का प्रतिनिधित्व करने वाले श्रीशंकर ने स्पर्धा के बाद कहा, 'हवा मापदंड के अनुसार थी, यह 1.5 मीटर प्रति सेकेंड थी। मामूली अंतर से राष्ट्रीय रिकॉर्ड से चूक गया लेकिन मुझे खुशी है कि मैंने यह दूरी हासिल की।' 12 खिलाड़ियों ने सोमवार को होने वाले फाइनल में जगह बनाई।

### श्रीशंकर ने स्वयं ही डोप जांच के लिए दिया नमूना

लंबी कूद के एथलीट मुरली श्रीशंकर ने रविवार को 8.41 मीटर के प्रयास के साथ आगामी विश्व चैंपियनशिप का टिकट पक्का करने के बाद नाडा अधिकारियों को 'स्वेच्छा से' डोप नमूना दिया ताकि 'कोई उन पर संदेह ना करे'। श्रीशंकर के पिता और कोच एस मुरली ने एजेंसी को यह जानकारी दी।

# बालों का ख्याल रखेगा हिबिस्कस

बालों की केयर करने के लिए आज के समय में अधिकतर लोग फैन्सी हेयर प्रोडक्ट्स पर निर्भर रहते हैं। जबकि अगर बालों की प्राकृतिक तरीके से देखभाल की जाए तो इससे अतिरिक्त लाभ मिलता है। साथ ही साथ, बालों को किसी तरह का नुकसान होने का खतरा भी नहीं रहता है। फूलों की मदद से बालों की देखभाल करना एक अच्छा विचार हो सकता है। खासतौर से, हिबिस्कस जिसे गुड़हल के फूल भी कहा जाता है, बालों को पोषण प्रदान करके उसे हेल्दी बनाने में मदद करते हैं। तो चलिए आज इस लेख में हम आपको हिबिस्कस के फूलों को हेयर केयर रूटीन में शामिल करने के कुछ आइडियाज के बारे में बता रहे हैं-

सूखे हिबिस्कस के फूलों की मदद से एक ऑयल भी तैयार किया जा सकता है। इसके लिए आपको बस इतना करना है कि एक कांच के जार में सूखे हिबिस्कस के फूलों डालें और फिर बादाम या जोजोबा तेल जैसे कैरियर ऑयल को इसमें डालें। इस जार को कुछ हफ़्ते के लिए गर्म स्थान पर रहने दें। फिर तेल को छान लें और इसे प्री-वॉश ट्रीटमेंट या लीव-इन कंडीशनर के रूप में उपयोग करें। इस तेल की मदद से ना केवल हेयर फॉल को रोकने में मदद मिलेगी, बल्कि स्कैल्प को भी मॉइश्चराइज करने में मदद मिलेगी। गर्मी के मौसम में हेयर फॉल से लेकर स्कैल्प में इचिंग आदि कई तरह की समस्याएं होती हैं। ऐसे में हिबिस्कस के फूलों को एलोवेरा के साथ मिक्स करके अप्लाई किया जा सकता है। एलोवेरा ना केवल स्कैल्प को ठंडक पहुंचाता है, बल्कि इसमें मौजूद विटामिन ई बालों को पोषण भी प्रदान करता है। हेयर जेल तैयार करने के लिए हिबिस्कस के फूलों व फ्रेश एलोवेरा जेल को ब्लेंड करें। अब इस मिश्रण को अपने स्कैल्प और बालों पर लगाकर हल्की मसाज करें। इसे धोने से पहले 20 मिनट के लिए ऐसे ही छोड़ दें।



## हर-हर महादेव, हर-हर गंगे...

हरिद्वार में रविवार को अमावस्या स्नान के अवसर पर गंगा नदी में पवित्र डुबकी लगाने के लिए लाखों श्रद्धालु उमड़े। इस दौरान हर-हर महादेव, हर-हर गंगे के जयकारे लगे।

### फिलीपींस में 120 यात्रियों से भरी नौका में लगी आग




**मनीला, (एजेंसी)।** फिलीपींस के बोहोल प्रांत में रविवार सुबह 120 लोगों से भरी नौका में आग लग गई। फिलीपीन तट रक्षक (पीसीजी) के प्रवक्ता अरमांडो बालिलो ने बताया कि एम/वी एस्पेरांज़ा स्टार में स्थानीय समयानुसार सुबह करीब 4:30 बजे पंगलाओ द्वीप के पास आग लगी। सेबू सिटी के पीसीजी केंद्र ने शिन्हुआ न्यूज एजेंसी को बताया कि हादसे में कोई हताहत नहीं हुआ है। पीसीजी आग के कारणों की जांच कर रहा है।

### 5.4 तीव्रता का हिमाचल व उ. भारत में भूकंप के झटके

**शिमला, (एजेंसी)।** हिमाचल प्रदेश सहित उत्तर भारत में एक बार फिर भूकंप के झटके महसूस किए गए हैं। इस बार भी केंद्र जम्मू-कश्मीर ही रहा है। लेकिन यह झटके पांच दिन पहले आए भूकंप से कम थे। रिक्टर पैमाने पर भूकंप की तीव्रता 5.4 मापी गयी। प्रभावित इलाकों में झटकों के बाद एक बार फिर लोगों में अफरातफरी मची और लोग अपने घरों से बाहर आ गए। इस बार इन झटकों का केंद्र मां वैष्णो देवी मंदिर के पास कटड़ा में रहा। नेशनल सेंटर ऑफ सिस्मोलॉजी इंडिया के अनुसार यह भूकंप रविवार तड़के 3.50 बजे आया। रिक्टर स्केल पर इसका कंपन 4.1 मेग्नीट्यूड था। इसका केंद्र कटड़ा से 80 किमी पूर्व धरती में 11 किमी नीचे लांगीट्यूड 75.79 था।

### ब्रिटिश संसद में करण जौहर होंगे सम्मानित

**मुंबई, (एजेंसी)।** बॉलीवुड के जानेमाने फिल्मकार करण जौहर को 20 जून को ब्रिटिश संसद में सम्मानित किया जायेगा। करण जौहर को वैश्विक स्तर पर एंटरटेनमेंट इंडस्ट्री में अमूल्य योगदान देने के लिए मंगलवार को ब्रिटिश संसद में सम्मानित किया जायेगा। इस कार्यक्रम का आयोजन पैलेस ऑफ वेस्टमिंस्टर में होगा, जो यूनाइटेड किंगडम की संसद के दोनों सदन हाउस ऑफ कॉमन्स और हाउस ऑफ लॉर्ड्स दोनों के लिए बैठक स्थल के रूप में कार्य करता है।

### मान पर शाह ने साधा निशाना, बोले- 'वो सिर्फ केजरीवाल के विज्ञापन'

## अमित शाह ने गुरदासपुर में भरी हुंकार

**गुरदासपुर, (एजेसी)।** पंजाब के गुरदासपुर में एक रैली को संबोधित करते हुए केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने पंजाब के सीएम भगवंत मान पर जमकर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि भगवंत मान ने केवल करदाताओं के पैसे का उपयोग करके अरविंद केजरीवाल के विज्ञापन को प्राथमिकता दी है। आम आदमी पार्टी (आप) जैसी खोखले वादे करने वाली सरकार मैंने अपने पूरे जीवन में नहीं देखी। पंजाब के सीएम का काम सिर्फ केजरीवाल को विमान मुहैया करवाना है। ये सीएम हैं या केजरीवाल के पायलट हैं, जिस वजह से पंजाब की कानून व्यवस्था बद से बदतर होती जा रही है, लेकिन मुख्यमंत्री के पास पंजाब के लिए समय ही नहीं है।

केंद्रीय गृह मंत्री शाह ने आगे कहा कि, जब भी देश पर संकट आया, पंजाब ने लोगों की सुरक्षा की है। अपनी मौत की चिंता किए बिना देश को पंजाबियों सुरक्षित किया है। उन्होंने कहा नौ साल पूरे होने पर पंजाब की जनता का धन्यवाद करने आया हूं। शाह ने आगे कहा कि नरेंद्र मोदी ने विदेशों में भारत का मान बढ़ाया है। मोदी ने देश को गौरव दिलाने का काम किया है। पीएम अभी-अभी जी-7 शिखर सम्मेलन में गए और वहां से अफ्रीका गए। वहां कोई ऑटोग्राफ मांगता है, कोई उनका समय मांगता है, तो कोई उनके पैर भी छू लेता है। मोदी जहां-जहां जाते हैं, वहां मोदी-मोदी के नारे लगते हैं और ये नारे बीजेपी या मोदी के लिए नहीं हैं, ये नारे देश के सम्मान में लगते हैं।



### सुरक्षा के कड़े इंतजाम

वहीं गुरदासपुर के एसएसपी दयामा हरीश कुमार ओमप्रकाश ने बताया कि केंद्रीय गृह मंत्री की इस रैली को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। सुरक्षा के लिहाज से चार पुलिस जिलों से पुलिस फोर्स मंगवाई गई है। इनमें गुरदासपुर, अमृतसर, पठानकोट व बटाला आदि जिलों से पुलिस मुलाजिम बुलाए गए हैं। रैली स्थल पर चप्पे-चप्पे पर पुलिस की नजर रहेगी। इसके अलावा बम निरोधक दस्ता व डॉग स्क्वायड की टीमें भी तैनात रहेंगी।

### शाह पहुंचे सिरसा, प्रदेश प्रभारी देब ने पैर छूकर किया अभिवादन

आगामी लोकसभा चुनाव के 'मिशन 2024' के तहत बीजपी रविवार को हरियाणा में चुनावी बिगुल फूंक रही है। ऐसे में केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह रविवार को हरियाणा के सिरसा से लोकसभा चुनाव 2024 का आगाज करने जा रहे हैं। बता दें कि, अमित शाह सिरसा एयरपोर्ट पर पहुंचे। वहीं एयरपोर्ट पर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह का मुख्यमंत्री मनोहर लाल, हरियाणा प्रदेश प्रभारी बिप्लब देब, प्रदेश अध्यक्ष ओपी धनखड़, सिरसा सांसद सुनीता दुग्गल, मनजिंदर सिंह सिरसा, उपायुक्त पार्थ गुप्ता, पुलिस अधीक्षक उदय सिंह मीणा ने स्वागत किया। इस दौरान बिप्लब देब ने अमित शाह का पांव छूकर अभिवादन किया। वहीं अमित शाह के दौरे को लेकर आम आदमी पार्टी के लोकसभा प्रभारी कुलदीप गदरना और सचिव एडवोकेट वीरेंद्र कुमार को पुलिस ने घर में नजरबंद कर दिया है।

### हुड्डा की 3डी सरकार... दरबारी, दामाद और डीलर

**अमृतसर, (एजेंसी)।** गृह मंत्री अमित शाह ने रविवार को हरियाणा के सिरसा में कहा- यहां की हुड्डा सरकार 3डी सरकार थी। पहला डी दरबारी, दूसरा डी दामाद, तीसरा डी डीलरों की सरकार थी। मनोहर लाल खट्टर जी ने यह तीनों डी समाप्त कर दिया है। शाह ने कहा- हरियाणा खिलाड़ियों की भूमि है। देश को मेडल मिलता है तो हर तीसरा खिलाड़ी हरियाणा का होता है। मैंने सीएम मनोहर लाल को कहा कि धाकड़ खिलाड़ियों के लिए कुछ करिए और उन्होंने किया। जब देश पर संकट आया तो पंजाब और हरियाणा के किसानों ने अनाज उपलब्ध कराया। इससे पहले अमित शाह ने रविवार को ही पंजाब के गुरदासपुर में रैली की।

### 20 को चेन्नई में स्टालिन और नीतीश के बीच होगी मुलाकात

**पटना, (एजेंसी)।** विपक्षी एकजुटता की पटना में 23 जून को हो रही बैठक के सिलसिले में मुख्यमंत्री नीतीश कुमार 20 जून को चेन्नई जाएंगे। वहां पर वे तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एमके स्टालिन से मिलेंगे और बैठक में शामिल होने के लिए उन्हें विशेष रूप से आमंत्रित करेंगे। विपक्षी एकजुटता को लेकर नीतीश कुमार के अभियान के तहत दक्षिण भारत के किसी राज्य में उनका यह पहला दौरा होगा। मुख्यमंत्री की चेन्नई यात्रा के संबंध में बताया गया कि 20 जून को वहां एक कार्यक्रम भी है, जिसमें नीतीश कुमार भी शामिल होंगे।

## दिल्ली में दो बहनों की गोली मारकर हत्या

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** दिल्ली के आरके पुरम में रविवार सुबह अज्ञात हमलावरों ने दो बहनों की गोली मारकर हत्या कर दी। घटना यहां की अंबेडकर बस्ती में हुई। मृतक महिलाओं की पहचान पिंकी (30) और ज्योति (29 ) के तौर पर हुई है। सुबह करीब 4.40 बजे मर्डर की खबर मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची।

पुलिस ने बताया कि हमलावर पैसों के लेनदेन को लेकर महिलाओं के भाई को मारने आए थे। लेकिन घर के बाहर ही दोनों बहनों को गोली मारकर फरार हो गए। साउथ वेस्ट दिल्ली के डीसीपी मनोज सी ने बताया कि गोली लगने पर दोनों बहनों को अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनकी मौत हो गई। पुलिस ने सूचना मिलते ही कुछ ही घंटों में अर्जुन, माइकल और देव नाम के तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया। उनसे पूछताछ की जा रही है। घटना को लेकर दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल ने ट्वीट किया। उन्होंने लिखा, दिल्ली के लोग अपने आप को बहुत असुरक्षित महसूस करने लगे हैं।

**आरके पुरम में भाई को मारने आए थे हमलावर**

**मन की बात** 102वें संस्करण में पीएम मोदी बोले- भारत लोकतंत्र की जननी

## आपातकाल इतिहास का काला दिन

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आजादी के अमृत महोत्सव के बीच आपातकाल जैसे देश की आजादी को खतरे में डालने वाले ऐसे अपराधों की चर्चा करने की आवश्यकता पर जोर देते हुए आज कहा कि इससे आज की युवा पीढ़ी को लोकतंत्र के मायने और उसकी अहमियत समझने में ज्यादा आसानी होगी। श्री मोदी ने आकाशवाणी पर अपने मासिक कार्यक्रम 'मन की बात' के 102वें संस्करण में कहा कि भारत लोकतंत्र की जननी है। हम अपने लोकतांत्रिक आदर्शों और अपने संविधान को सर्वोपरि मानते हैं। इसलिए हम 25 जून को भी कभी भुला नहीं सकते।



यह वही दिन है जब हमारे देश पर आपातकाल थोपा गया था। उन्होंने कहा कि यह भारत के इतिहास का काला दौर था। लाखों लोगों ने आपातकाल का पूरी ताकत से विरोध किया था। लोकतंत्र के समर्थकों पर उस दौरान इतना अत्याचार किया गया, इतनी यातनाएं दी गईं कि आज भी, मन, सिहर उठता है।

### संबोधन की खास बातें

- इस बार योग दिवस की थीम 'योग फॉर वसुधैव कुटुम्बकम'। योग को दिनचर्या का हिस्सा बनायें।
- छत्रपति शिवाजी महाराज के जल प्रबंध कौशल से सीखना चाहिए।
- देश से टीबी (तपेदिक) रोग दूर करने के लिए 10 लाख से अधिक रोगियों को 85 हजार 'निक्षय मित्रों' ने गोद लिया।
- देश में 10 लाख टी बी मरीजों को गोद लिया गया।
- भूजल स्तर को ऊपर उठाने के लिए छोटी नदियों, नहरों, सरोवरों को पुनर्जीवित किया जाना चाहिए।
- मियावा की पद्धति से वनीकरण के बारे में लोग जानें।
- जम्मू कश्मीर के बारामूला में डेयरी के काम से साढ़े पांच लाख लीटर दूध उत्पादन।
- बारामूला श्वेत क्रांति के प्रतीक के रूप में उभरा है।
- जगन्नाथ रथ यात्रा आस्था के साथ एक भारत श्रेष्ठ भारत का प्रतीक।
- राजभवन सामाजिक अभियानों के ध्वजवाहक बन रहे हैं।

### आज का इतिहास

- **1269:** फ्रांस के राजा लुई ने सभी यहुदियों को एक खास बैज पहनने का हुक्म दिया।
- **1716:** मुगलों के अजेय होने का भ्रम तोड़ने वाले प्रसिद्ध सिख सैनिक बंदा सिंह बहादुर को बादशाह फरूखसियर के आदेश पर यातनाएं देकर मौत के घाट उतार दिया गया।
- **1843:** समाजशास्त्री काल मार्क्स ने विवाह किया।
- **1910:** वाशिंगटन में पहला फादर्स डे मनाया गया।
- **1945:** म्यांमार में लोकतंत्र की अलख जगाने वाली आंग सान सू की का जन्म।
- **1947:** ब्रिटिश-भारतीय लेखक और उपन्यासकार सलमान रश्दी का जन्म।
- 1948: सोवियत संघ ने पश्चिमी बर्लिन की ओर की सड़कों को बंद कर दिया।

### पीएम मोदी के दौरे पर खलल डालने की फिराक में पाक

**वाशिंगटन, (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा अगले सप्ताह शुरू होने वाली है। इस यात्रा को लेकर पड़ोसी मुल्क पाकिस्तान की नींद उड़ गई है और वो परेशान हो गया है।

इसी कड़ी में पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी पीएम मोदी की यात्रा में खलल डालने में जुटी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की अमेरिका यात्रा शुरु होने वाली है। इस तीन दिवसीय यात्रा के लिए पीएम मोदी मंगलवार यानी 20 जून को अमेरिका रवाना होंगे। इस बीच पीएम मोदी के दौरे के संबंध में बड़ी जानकारी सामने आई है।

## यूपी-बिहार में तीन दिन से जारी हीटवेव से 98 की मौत

**नई दिल्ली, (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश और बिहार में पिछले 3 दिनों में जारी हीटवेव से 98 लोगों की मौत हो चुकी है। इनमें यूपी के 54 और बिहार के 44 लोग शामिल हैं। उत्तर प्रदेश के बलिया जिले में 15, 16 और 17 जून को बुखार और सांस लेने में तकलीफ की वजह से 400 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। इनमें अधिकतर की उम्र 60 साल से ज्यादा है।

बिहार के 11 जिलों में हीटवेव का अलर्ट जारी किया गया है। यहां तापमान 44 डिग्री के आसपास दर्ज किया गया है। इसके अलावा नॉर्थ-ईस्ट के राज्य अरुणाचल प्रदेश, असम, मेघालय, नगालैंड, मणिपुर, मिजोरम, त्रिपुरा और सिक्किम में भी बारिश हो रही है।

असम में ब्रह्मपुत्र नदी उफान पर है। 13 जिलों में बाढ़ से 38 हजार से ज्यादा लोग प्रभावित हुए हैं। ओडिशा के भुवनेश्वर में पारा 44 डिग्री के पार पहुंच गया है। यहां इंटर स्टेट एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन हो रहा है। तेज गर्मी के चलते महिला एथलीट तेजस्विनी शंकर बेहोश होकर गिर गईं।

**400 लोग अस्पताल में भर्ती हुए**

### Filmi तड़का

## पोते की शादी में धर्मेन्द्र ने लगाए ठुमके






**मुंबई।** सनी देओल के बेटे और एक्टर करण देओल और जाने-माने फिल्मकार रहे बिमल रॉय की परपोती (बिमल रॉय की बेटी रिंकू भट्टाचार्य व बासु भट्टाचार्य की पोती) दृशा आचार्य की शादी की फोटोज सामने आई हैं। शादी का फंक्शन मुम्बई के ताज लैंड्स एंड होटल में हुआ। इनकी शादी आर्य समाज की पद्धति से अग्नि के सामने सात फेरे लेकर हुई। वहीं रविवार शाम को ही शादी का रिसेप्शन भी इसी होटल में आयोजित हुआ। जिसमें बड़ी फिल्मी हस्तियां शामिल हुई। बारात में दूल्हे के दादा धर्मेंद्र और चाचा बॉबी देओल नाचते दिखाई दिए। बता दें कि करण देओल ने साल 2019 में रिलीज हुई फिल्म पल पल दिल के पास के जरिए बॉलीवुड में डेब्यू किया था। वहीं दृशा के पिता सुमित आचार्य और उनकी मां चीमू आचार्य दुबई में रहते हैं।

### सुभाष चन्द्र बोस के मृत्यु का रहस्य सुलझाएगी ये फिल्म, टीजर देखकर नहीं होगा यकीन

**मुंबई।** साउथ सुपरस्टार निखिल सिद्धार्थ की नई फिल्म स्पाई जल्द ही सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है। बीच में इस फिल्म के पोस्टपोन होने की खबर आई थी, लेकिन मेकर्स ने फिर से नए पोस्टर जारी करके सबको चौंका दिया। स्पाई फिल्म की कहानी नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जीवन के इर्द-गिर्द घुमने वाली है। इस फिल्म का इंतजार फैंस काफी लंबे टाइम से कर रहे है।कार्तिकेय-2 के बाद स्पाई निखिल की दूसरी ऐसी फिल्म होगी जिसे पैन इंडिया लेवल पर रिलीज किया जाएगा। कार्तिकेय-2 की तरह इस फिल्म में निखिल नेताजी सुभाष चंद्र बोस के मृत्यु के रहस्य को सुलझाने का प्रयास करेंगे। स्पाई 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इस फिल्म का क्लैश हिंदी बेल्ट में कार्तिक आर्यन की फिल्म सत्या प्रेम की कथा से होगा।



# सफाई कर्मियों की मांगों का संज्ञान नहीं लिया तो 5 जुलाई को करेंगे विधानसभा का घेराव : रोशन लाल

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को उत्तर प्रदेश पंचायती राज ग्रामीण सफाई कर्मचारी संघ जनपद शाखा गाजीपुर द्वारा जनपद स्तरीय विभागीय सेवा नियमावली, पदोन्नति, पुरानी पेंशन अधिकार पदयात्रा कर मुख्यमंत्री उ०प्र० सरकार एवं प्रधानमंत्री भारत सरकार को सम्बोधित 07 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन जिलाधिकारी गाजीपुर द्वारा अधिकृत प्रतिनिधि को सौंपा गया। पदयात्रा का नेतृत्व जिलाध्यक्ष रोशन लाल द्वारा किया गया। इस दौरान जिलाध्यक्ष रोशन लाल ने कहा हम लोगों की 7 सूत्रीय मांगे जायज हैं और यदि हमारी मांगों का संज्ञान लेकर शीघ्र प्रभावी कार्यवाही नही प्रारम्भ किया जाता है तो जनपद के सभी सफाई कर्मचारी प्रान्तीय संघ के आह्वाहन पर 05 जुलाई 23 को लखनऊ में विधान सभा का घेराव करेंगे। प्रान्तीय उपाध्यक्ष जयप्रकाश विन्द उर्फ गुडडू ने कहा कि 2004 से शिक्षकों, कर्मचारियों व



अधिकारियों को दी जाने वाली सामाजिक सुरक्षा यानि, पुरानी पेशन व्यवस्था को समाप्त कर शेयर बाजार आधारित नवीन पेशन व्यवस्था लागू कर दी गयी है, जो न तो कर्मचारियों के हित में है न ही देश व प्रदेश हित में। जिला कोषाध्यक्ष विनोद चौधरी ने कहा कि जनपद व प्रदेश के सभी सफाई कर्मचारी नियमित रूप से जाब चार्ट के अनुसार करतें हैं, विशेष परिस्थितियों में सफाई कर्मचारियों से कार्य लिया जाता है, जिसको ध्यान में रखकर सफाई कर्मचारियों की विभागीय सेवा नियमावली बनायी जानी चाहिए। जिला संयोजक अजय कुशवाहा ने कहा कि सफाई कर्मचारियों से भिन्न-भिन्न तरिके का सर्वे कार्य, बी०एल०ओ० कार्य, जनपद स्तर, प्रदेश स्तर के कार्यालयों में लिपिकीय कार्य लिया जाता है। ऐसी स्थिति में ग्रामीण सफाई कर्मचारियों को प्रमोशन का अवसर प्रदान किया जाना चाहिए। जिला मंत्री ईश्वर यादव ने कहा कि पुरानी पेंशन हम सभी कर्मचारियों का हक है और हमलोगों को मिलना चाहिए। पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी राय ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का पे-रोल व्यवस्था समाप्त किया जाना चाहिए। कासिमाबाद पूर्व ब्लाक अध्यक्ष अनिल कुमार ने कहा कि सफाई कर्मचारियों को 1900 ग्रेड-पे का लाभ दिया जाना चाहिए। पूर्व जिला मंत्री पंकज यादव ने कहा कि सफाई कर्मचारियों का नाम पंचायत सेवक किया जाना चाहिए। इस दौरान प्रमुख रूप से ब्लाक अध्यक्ष क्रमशः शंकर वर्मा, विनोद कुमार, रामसिंहासन राम, चन्द्रिका राम, जयप्रकाश यादव, राकेश मोहन, कन्हैया लाल राम, हंसराज कुशवाहा, विशाल कुमार, अनिल कुमार यादव, राजनाथ राम, राजेश यादव, राजकुमार, रामनगीना यादव, राजन यादव, सुरेश यादव, ब्लाक मंत्री क्रमशः पंकज यादव, धर्मेन्द्र यादव, बुद्धू राम, अरूण कुमार, राकेश कुमार राय, शैलेन्द्र राम, राजेश कुमार कुशवाहा, आलोक चौबे, रामप्रकाश राम, रामनवल सिंह यादव, गामा यादव, जयप्रकाश भारती, हरिश्चन्द यादव, अंजनी यादव, जिला संयुक्त मंत्री कामेश्वर रावत, कोषाध्यक्ष क्रमशः रामप्यारे चौरसिया, गजेन्द्र कुमार विन्द, जितेन्द्र कुमार, अजीत कुमार मौर्य, अरविन्द यादव, विनय कुमार भाष्कर, छविनाथ राम, संजय यादव, मुकेश कुमार रावत, जयप्रकाश खरवार, तौकिर अहमद, पूर्व जिलाध्यक्ष अश्वनी राय, महेश भारती, सुग्रीव राम, महिला मोर्चा सन्तोषी राय, जानकी, सीमा, पूनम गोस्वामी,विद्या, अंजू भारती सहित हजारों सफाई कर्मचारी उपस्थित रहे। अंत में पदयात्रा को सफल बनाने के लिए जिलाध्यक्ष रोशन लाल ने सभी सफाई कर्मचारियों का आभार प्रकट किया।

## भाजपा के प्रतिनिधिमंडल ने किया नवागत उप जिलाधिकारी का स्वागत

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। भाजपा जखनिया का प्रतिनिधि मंडल जखनिया के नवागत उप जिला अधिकारी के के सिंह से औपचारिक मुलाकात किया और उनको स्मिति चिन्ह देकर उनका स्वागत एवं अभिनंदन किया। उक्त अवसर पर भाजपा व्यापार प्रकोष्ठ जिला अध्यक्ष प्रमोद वर्मा ने 22जून को मंदरा में प्रस्तावित उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम पर चर्चा किया और स्थानीय मुद्दों से उनको अवगत कराया। उक्त अवसर पर प्रमोद वर्मा ने रोड बिजली पानी की समस्याओं के समाधान के लिए आग्रह किया और कहा की जखनिया से बूढानपुर रोड का कार्य बारिश से पहले शुरू हो जाता, इस विषय पर जिलाधिकारी से भी तहसील दिवस पर चर्चा हुई थी। इस भीषण गर्मी में बार बार जर्जर तारों की वजह से बिजली जखनिया टाउन की ट्रिप हो जाती है, तारों को बदलकर उससे



निजात मिल जाता और तापमान की अधिकता के कारण ताल पोखरे सहायक नदियो के जल सूखने से गाँवों में जिन सरकारी नलों का पानी सुख गया है उनकी मरम्मत रिबोर को निर्देशित किया जाय, जिससे ग्रामवासियो को राहत मिल सके। वर्मा ने कहा जनता को तहसील में सहूलियत मिले, जखनिया के आम जनता के कामों निस्तारण सरकार के मंशा के अनुरूप हो। जिस पर उपजिलाधिकारी के के सिंह ने कहा जनता के कार्यों के निस्तारण उनकी पहली प्राथमिकता है। समस्याओ के समाधान का प्रयास किया जायेगा। इस मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष उमाशंकर यादव, वरिष्ठ भाजपा नेता इंद्रदेव कुशवाहा, मंडल महामंत्री धर्मवीर भारद्वाज, पीयूष सिंह, व्यापारी नेता अशोक गुप्ता,सेक्टर प्रमुख अरविंद चौहान सहित भाजपा के प्रमुख कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## मिशन शक्ति पखवारा अंतर्गत जारी है महिला जागरूकता व सशक्तिकरण अभियान

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। शासन द्वारा बालिकाओं, महिलाओं की सुरक्षा व महिला जागरूकता एवं सशक्तिकरण के दृष्टिगत चलाये जा रहे मिशन शक्ति 15 दिवसीय अभियान के तहत पुलिस अधीक्षक गाजीपुर के निर्देशन में महिलाओं, बालिकाओं की सुरक्षार्थ जनपद में गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड द्वारा प्रतिदिन मंदिर, भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर गश्त कर बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा के सम्बन्ध में जागरूक एवं चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है। उक्त निर्देश के क्रम में समस्त थानो की पुलिस द्वारा सुरक्षा व नारी सम्मान हेतु चलाये जा रहे मिशन-शक्ति अभियान के अन्तर्गत गठित एण्टी रोमियो स्क्वाड टीम द्वारा स्कूलों, कॉलेजों,



मंदिर/,भीड़-भाड़ वाले स्थानों पर चेकिंग की गई तथा बालिकाओं, महिलाओं से वार्ता कर महिला सुरक्षा सम्बन्धी उपायों के बारे में जागरूक किया गया तथा उपस्थित महिलाओं, बालिकाओं, छात्राओं को यूपी पुलिस द्वारा चलाई जा रही सुरक्षा संबंधित सेवाएं जैसे- वुमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपातकालीन सेवा 112, चाइल्ड हेल्पलाइन 1098, स्वास्थ्य सेवा 102, एम्बुलेंस सेवा 108 एवं अपने अपने सीयूजी नम्बरों के बारे में विस्तृत जानकारी देकर जागरुक किया, तथा बेवजह घुमने वाले सोहदों, मनचलों को कड़ी चेतावनी दी गयी।

## शादी में हर्ष फायरिंग दुल्हन की ममेरी बहन के पेट में लगी गोली, भर्ती

प्रखर जौनपुर। बीती रात जौनपुर जिले के मिरशादपुर गांव में शादी की खुशियां अचानक गम में बदल गई। बतादे कि बरात में हर्ष फायरिंग के दौरान जयमाल के स्टेज पर खड़ी दुल्हन की 13 वर्षीय ममेरी बहन के पेट में गोली लग गई। एक अन्य व्यक्ति छर्रा लगने से घायल हो गया।शादी की खुशियों के बीच घटी घटना से हंगामा मच गया। थोड़ी देर के लिए घटनास्थल पर अफरा-तफरी की स्थिति हो गई। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायलों को उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। गोली किसने चलाई यह साफ नहीं है। मामले में पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर पड़ताल शुरू कर दी है। बदलापुर थाना क्षेत्र के मिरशादपुर में स्व. चौथीराम केवट की पुत्री रेनू की शादी बक्शा थाना क्षेत्र के काजी नेवादा के राकेश के पुत्र संदीप से तय थी। शनिवार रात घर पर बरात पहुंची। खुशी के माहौल में द्वारचार, जलपान और भोजन के बाद रात करीब 12 बजे जयमाल शुरू हुआ। लोग बारी-बारी से दूल्हा-दुल्हन को आशीर्वाद देने के लिए स्टेज पर चढ़ रहे थे। इस दौरान जयमाल के स्टेज के पीछे से किसी ने फायरिंग कर दी। यह गोली सीधे रूबी बिंद (13) पुत्री बाढ़ू निवासी काफरपुर सरायख्वाजा के पेट में लग गई। साथ ही वहां पर खड़े नन्हकू सरोज (45) निवासी ऊदपुर गेल्हवा के पैर में छर्रा लगने से घायल हो गए। कक्षा सात में पढ़ने वाली रूबी अपने बुआ के यहां शादी में शामिल होने आई थी। घटना के बाद अफरातफरी का माहौल हो गया। पहले रूबी को पास के अस्पताल में ले जाया गया। हालत गंभीर देखते हुए जिला चिकित्सालय रेफर कर दिया गया। वहां रविवार शाम को ऑपरेशन किया गया। इस बाबत बदलापुर प्रभारी निरीक्षक अवनीश कुमार राय ने कहा कि अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। शादी में वीडियो कैमरा की मदद से फायरिंग करने वाले की तलाश की जा रही है।

# दवा प्रतिनिधियों ने पीएमओ को भेजा 9 सूत्रीय मांग पत्र

प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को दवा प्रतिनिधियों के संगठन युपीएमएसआरए की ओर से पुर्व निर्धारित कार्यक्रम के तहत अपनी नौ सुत्रीय मांगो का एक ज्ञापन गाजीपुर ईकाई के प्रतिनिधि मंडल ने प्रधानमंत्री कार्यालय को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी कार्यालय में सौंपा जिनमें दवा प्रतिनिधियों से जुड़े मुद्दे जिनमें नेशनल फामार्सीयूटिकल प्राइसिंग अर्थॉरिटी एनपीपीए ने नेशनल लिस्ट ऑफ एसेंशियल मेडिसिन्स एन इएलएम में शामिल 800 से ज्यादा जीवन रक्षक दवाओं के दाम 12.12% बढ़ाने का आदेश दिया है इससे एन्टी बायोटिक व तमाम हृदय, डायबिटीज, कैंसर, एचआईवी व किडनी रोग की दवाओं के दाम में बेतहाशा बढ़ोत्तरी होगी। पिछले साल एनपीपीए ने एनइएलएम में शामिल 800 से ज्यादा जीवन रक्षक दवाओं का दाम 10.7% बढ़ाने का आदेश दिया था, जिसमे हमारी मांग है कि दवाओं से जीएसटी शून्य की जाए व उनके दाम कम किये जाने जैसी बातें मुख्य रूप से इंगित की गई है। तथा आम जनता के बीच एक पत्रक के माध्यम अपनी मांग और जनता से जुड़ी तमाम परेशानियों जिनमें दवाओं के बढ़ते दाम और उन पर जीएसटी की दरों को संशोधित करने, मेडिकल उपकरणों पर से जीएसटी हटाने, वार्षिक बजट में केन्द्रीय स्वास्थ्य बजट को 2.4% से बढ़ाकर कम से कम 5% करने, जनता की स्वास्थ्य सुविधाओं में वृद्धि करने, स्वास्थ्य क्षेत्रों की स्थिति सुधारने संबंधी बातों का जिक्र है को वितरित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला ईकाई अध्यक्ष काम0 चंदन कुमार राय ने की औऱ संचालन जिलामंत्री काम0 मयंक श्रीवास्तव ने किया साथ ही उक्त कार्यक्रम में राज्यमंत्री काम0 आर.एम. राय, राज्य कार्यकारिणी सदस्य काम0 मो. अफजल सहित हरिशंकर गुप्ता, संजय विश्वकर्मा, रईस आलम, दिग्विजय, विकास, शिवम, मोहित, विशाल, अमरनाथ श्रीवास्तव, निकेत, निजामुद्दीन, आरपीएस यादव, एस0के0 राय, सौरभ राय, रविकांत तिवारी, आशीर्वाद सिंह, हिम्मत राय, सद्दाम, निखिल श्रीवास्तव, देव यादव, प्रेमचंद, प्रिंस मोदनवाल, ने प्रतिभाग कर कार्यक्रम को सफल बनाया।




# नमो घाट पर 95 बटालियन केंद्रीय रिजर्व पुलिस बल ने किया योग

प्रखर वाराणसी। नमो घाट वाराणसी में 95 बटालियन के कमांडेंट अनिल कुमार बृक्ष की उपस्थिति में सुबह 05:30 बजे से 7::00 बजे तक योग कार्यक्रम कराया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ कमांडेंट 95 बटालियन ने दीप प्रज्वलित करके किया।गोवर्धन पूजा के सदस्यों ने कमांडेंट को अंग वस्त्र देकर सम्मानित भी किया जिसमें 95 बटालियन के ऑफिसर,जवान,गोवर्धन पूजा समिति के सदस्य,सृजन सामाजिक विकास न्यास के अध्यक्ष अनिल सिंह के सहयोग से आम जनमानस ने भाग लिया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य ऑफिसर,जवान एवं आम जनमानस को योगा के जागरूक करना तथा शारीरिक और मानसिक रूप से स्वस्थ रखना है। इस कार्यक्रम में योग गुरू योगेश्वर नाथ, काल भैरव परिवार, अभय स्वाभिमानी, पतंजलि, मनीष पांडे,



श्रेया सिंह,आयुष विभाग भी शरीक थी। इस अवसर पर योग गुरू द्वारा विभिन्न प्रकार के योगाभ्यास कराया गया जिसमें प्रमुख तौर पर कपालभाति,अनुलोम-विलोम भ्रामरी एवं ओम् व्यायाम आदि शामिल थे। कमांडेंट 95 बटालियन ने प्राणायाम, व्यायाम के फायदे बताये। जीवन में योग की अहमियत को समझाने के मकसद से हर साल दुनियाभर में 21 जून को विश्न योग दिवस मनाया जाता है।कार्यक्रम के अन्त में अनिल कुमार बृक्ष कमांडेंट 95 बटालियन ने वहां पर उपस्थित, विनोद यादव पप्पू, अध्यक्ष को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित किया साथ में योग गुरुओं को भी अंग वस्त्र देकर सम्मानित किये वहां पर आम जनमानस को कमांडेंट ने एक-एक योगा टी शर्ट भी वितरित किया।अन्त में ऑफिसर, जवानों,एवं आम जनमानस का कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए धन्यवाद ज्ञापन किये। इस अवसर पर सहायक कमांडेंट अभिषेक कुमार सिंह,निरीक्षक कुमार राजीव, कमलेश कुमार, विकास तिवारी एवं प्रवीण सिंह के साथ तमाम जवान तथा गोवर्धन पूजा समिति के विनोद यादव गप्पू जी अध्यक्ष,पारस यादव पप्पू महामंत्री, अशोक यादव पुर्व अध्यक्ष, दिनेश यादव, पप्पू, सीताराम यादव,विजय यादव एडवोकेट, शिवांशु यादव आरती, रक्षा, माला, विन्दू यादव गोवर्धन पूजा समिति वाराणसी उत्तर प्रदेश इत्यादि ने बढ़ चढ़कर इस कार्यक्रम में भाग लिया।कार्यक्रम की शोभा नमो घाट पर उपस्थित आम जनमानस ने बढ़ाया।

## भारतीय किसान यूनियन "कृषक शक्ति" के द्वितीय स्थापना दिवस का भव्य आयोजन

प्रखर जेवर। जिला गौतमबुद्ध नगर स्तिथ साइड आर एन्ड आर पार्क में भारतीय किसान यूनियन "कृषक शक्ति" के द्वितीय स्थापना दिवस का आयोजन किसानों और संस्था के पदाधिकारियों द्वारा जोर शोर से किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में आये उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद के अध्यक्ष एवं दर्जा प्राप्त राज्यमंत्री उत्तर प्रदेश सासन कैप्टन विकास गुप्ता ने अपने भाषण में "जय जवान जय किशान जय विज्ञान जय अनुसंधान" के नारे के साथ कहा कि केंद्र में देश के यसस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी एवं उत्तर प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री योगी आदित्यनाथ कृषि और किसानों के कल्याण के लिए निरन्तर कार्य कर रहे है, विकास गुप्ता ने सफल कार्यक्रम के लिए संस्था के राष्ट्रीय अध्यक्ष अमन ठाकुर को साधुबाद दिया व आह्वान किया कि भारतीय किसान यूनियन "कृषक शक्ति" कृषि क्षेत्र में किसानों के हित के लिए सरकार द्वारा किये जा रहे अच्छे कार्यों का प्रचार प्रसार करे। इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में संस्था के राट्रीय महासचिव व राष्ट्रीय सलाहकार राम भरोसे शर्मा, संकेत शर्मा, अक्षित शर्मा, जितेंद्र, इरफान खान, आशीश निर्वाण, दिगम्बर सिंह, ऋषभ भारद्वाज, हरीश छोकर, हरिओम सिंह, अभिषेक रोहिल्ला, मनोहर शुक्ला, गजय सिंह आदि लोगों का योगदान रहा।



## संक्षिप्त खबरें

### यूथ कांग्रेस ने पदयात्रा और केक काटकर मनाया राहुल गांधी का जन्मदिन



प्रखर ब्यूरो गाजीपुर। सोमवार को यूथ कांग्रेस के जिलाध्यक्ष सुधांशु तिवारी के नेतृत्व में राहुल गांधी के जन्मदिन के शुभ अवसर पर भारत जोड़ो यात्रा की तर्ज पर पद यात्रा की गई। एवम सरजू पाण्डेय पार्क में एकत्रित होकर केक काट कर उनके दीघार्यु होने के लिए जन्मदिन की बधाई दी गई। इस मौके पर यूथ कांग्रेस के प्रदेश महासचिव दीवांशु पांडे अंशु, जावेद आलम , सम्मु शिकारी , अनिल यादव, सोनू यादव, अंकित यादव बिट्टू, अभय कुमार ,धर्मेंद्र कुमार, गजराज, स्वतंत्र पांडे , आरिफ चौहान, किशन चौहान, सुनील राम, डॉ मार्कंडेय सिंह, संदीप विश्वकर्मा, हामिद अली ,राजेश, रितेश पांडे, ओम प्रकाश, शंभू कुशवाहा, रिंकू, रविकांत राय, रईस अहमद, इस्लाम मारा, राजेश गुप्ता, आशुतोष गुप्ता, एवम अन्य लोग मौजूद रहे।

### खेवसीपुर में फर्जी मस्टरोल को ग्रामीणों ने पकड़ा, बीडीओ से की शिकायत

प्रखर मेंहनगर आजमगढ़। स्थानीय विकासखंड के ग्राम पंचायत खेवसीपुर में ग्राम प्रधान गीता यादव व सेक्रेटरी रामअवध यादव की मिलीभगत से पूर्व में बस्ती के समीप खोदी गई पोखरी पर जेसीबी मशीन से हो रही कार्य की शिकायत को गम्भीरता से लेते हुए विकास खण्ड अधिकारी विकास शुक्ला ने अतिरिक्त कार्यक्रम अधिकारी मेहनगर व सहायक विकास अधिकारी (आई एस बी) से जांच कराई। अधिकारी द्वय ने मौके पर जेसीबीमशीन के चिन्ह पाया गया तथा पोखरी की खुदाई जेसीबी मशीन से हुआ है। अधिकारी द्वय ने ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी को निर्देशित किया कि पोखरी पहले से ही गहरी है इसमें खोदाई की कोई जरूरत नही है तथा इस पर किसी भी प्रकार का भुगतान नही होगा। इसकेबावजूद ग्राम प्रधान व सेक्रेटरी ने साजिस करके पोखरी का नाम बदलकर बीना कार्य किये ही 79 मजदूरों का मस्टरोल चलाया जा रहा है,इसकी शिकायत प्रिंस यादव ने विकास खंड अधिकारी से किया। खेवसीपुर में बार बार ग्रामीणों की शिकायत के बाद भी प्रधान व सेक्रेटरी के ऊपर जु तक नही रेंग रहा है। इसके पहले ग्राम सभा खजूरी की पोखरी का भुगतान खेवसीपुर में बिना खोदाई के भुगतान लिया गया है अभी उसकी जांच चल ही रही थी कि तब तक दूसरा खेल शुरू हो गया है। ग्राम सभा खेवसीपुर में इस तरह की सैकडों समस्या है जो धरातल में नही लेकिन कागज में चल रहा है। इस समस्या से निजात पाने के लिए ग्रामीणों ने जिलाधिकारी का ध्यान आकृष्ट कराने की मांग किया है।

### हरहुआ ब्लॉक के शिक्षक पीएचडी उपाधि से हुए सम्मानित



प्रखर वाराणसी। सोशल अवेयरनेस एण्ड पीस यूनिवर्सिटी फ्लोरिडा यू एस ए ने प्रदेश की सांस्कृतिक एव शैक्षणिक राजधानी वाराणसी के राज्य शिक्षक सम्मान' 2019 से सम्मानित शिक्षक शैलेन्द्र विक्रम सिंह को बुनियादी शिक्षा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य एवम् गुणवत्तापरक शैक्षिक प्रतिबद्धता के लिए पी एचडी की मानद उपाधि से राज कुमार सिंह आई ए एस (हरियाणा कैडर) ने सम्मानित किया। उक्त सम्मान रैनबो चैरिटी यूनिवर्सल ट्रस्ट तथा सोशल अवेयरनेस एण्ड पीस यूनिवर्सिटी फ्लोरिडा यू एस ए के संयुक्त तत्वाधान में श्री श्री रेसीडेंसी गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश में 18 जून को प्रतिभा सम्मान समारोह में दिया गया। ज्ञातव्य हो कि वर्तमान में श्री सिंह, प्राथमिक विद्यालय दांदूपुर, हरहुआ, वाराणसी में बतौर प्रधानाध्यापक कार्यरत हैं ' सम्मान से अभिभूत श्री सिंह ने गुणवत्तापरक बुनियादी शिक्षा समाज के अंतिम पायदान पर खड़े अलाभित वर्ग तक पहुंचाने के प्रति अपनी वचनबद्धता दुहराई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि राज कुमार सिंह आई ए एस (हरियाणा कैडर), शैलेंद्र सिंह चौहान समाजसेवी/पूर्व विधायक बागपत, राहुल सिंह हरदोई सहित लिटिल जीनियस यशवर्धन सिंह (12 वर्ष), कानपुर को सबसे कम उम्र मे पी एच डी की मानद उपाधि सहित अन्य को प्रतिभा सम्मान अलंकरण से सम्मानित किया गया ' कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि डा0 जय प्रकाश गर्ग राष्ट्रीय उपाध्यक्ष विश्व हिंदू परिषद (गौ रक्षा विभाग), शैलेन्द्र सिंह चौहान पूर्व विधायक छपरौली बागपत, डा कुमार राजेश तोमर , प्रो चांसलर /मुख्य परियोजना समन्वयक लोटस स्किल यूनिवर्सिटी तथा सोशल अवेरेनेस एण्ड पीस यूनिवर्सिटी, फ्लोरिडा, यू एस ए सहित रेनबो चैरिटी यूनिवर्सल ट्रस्ट की टेक्निकल व एकेडमिक टीम के सदस्य उपस्थित रहे ।

प्रखर पूर्वांचल
RNIUPHIN/2016/68754
मुद्रक प्रकाशक 'पंकज सिंह' के लिए सम्पादक 'अरूण सिंह' द्वारा 'गायत्री प्रिंटिंग प्रेस' सकलेनाबाद नियर दुर्गा चौक, गाजीपुर पिन कोडः 233001 से छपवाकर कनेरी गाजीपुर से प्रकाशित
सम्पादकीय कार्यालयः 9/10, टैगोर मार्केट, कचहरी, गाजीपुर पिन कोडः 233001
सम्पर्क सूत्रः 0548-2223833, +91-8858563779 +91-9450208067, +91-9452844802
सभी विवाद गाजीपुर न्यायालय के अधीन होगें।
ताजा खबर पढ़ने के लिए लॉगइन करें हमारी वेबसाइट
https://prakharpurvanchal.com
Email ID: prakharpurvanchal@gmail.com
सांध्य दैनिक प्रखर पूर्वांचल अखबार के सभी पद अवैतनिक हैं